स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ, बृहस्पतिवार
20 मार्च, 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष 6
सं. 2081 वि.
वर्ष 78, अंक -209 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net
web portal : swatantrabharat.net

**विरोध के बाद क्रिकेटर हरभजन सिंह बोले मैं पंजाब सरकार के साथ**



# 9 महीने 14 दिन बाद धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स



### स्पेसक्राफ्ट का टेम्परेचर बढ़ने पर 7 मिनट संपर्क टूटा

**फ्लोरिडा।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं। उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3.27 बजे फ्लोरिडा के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ, यानी पानी में लैंडिंग हुई। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार (18 मार्च) को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से रवाना हुए थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा, यानी यान से संपर्क नहीं रहा। हालांकि, ऐसा होना आम बात है। प्लाजमा के कारण ऐसा होता है। ड्रैगन कैप्सूल के अलग होने से लेकर समुद्र में लैंडिंग तक करीब 17 घंटे लगे।

18 मार्च को सुबह 08.35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच क्लोज हुआ, यानी दरवाजा बंद हुआ। 10.35 बजे स्पेसक्राफ्ट आईएसएस से अलग हुआ। 19 मार्च को रात 2.41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू हुआ। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया गया। इससे स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री हुई और सुबह 3.27 बजे स्प्लैशडाउन।

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर बोइंग और नासा के 8 दिन के जॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे। इस मिशन का उद्देश्य बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट की एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन तक ले जाकर वापस लाने की क्षमता को टेस्ट करना था। एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन पर 8 दिन में रिसर्च और कई एक्सपेरिमेंट भी करने थे। लेकिन थ्रस्टर में आई गड़बड़ी के बाद उनका 8 दिन का मिशन 9 महीने से ज्यादा समय का हो गया था।



**जब डॉल्फिन ने किया सुनीता का स्वागत**

नासा की टीम अपने अंतरिक्ष यात्रियों का स्वागत करने और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बोट के साथ वहां मौजूद थी। इस दौरान समुद्र में एक आकर्षक दृश्य भी देखने को मिला, जब सुनीता विलियम्स के कैप्सूल के चारों ओर डॉल्फिन का एक झुंड तैरता नजर आया, मानो वे इस ऐतिहासिक वापसी का स्वागत कर रही हों। जब रेस्क्यू टीम द्वारा सुनीता विलियम्स और उनके साथियों को कैप्सूल से बाहर निकाला जा रहा था, उस समय कई डॉल्फिन मछलियां कैप्सूल के चारों ओर तैर रही थीं। ऐसा लग रहा था मानो वह सुनीता और उनके साथियों का स्वागत कर रही हों। इसका वीडियो नासा द्वारा शेयर किया गया है।

**आपका स्वागत है, क्रू9! धरती ने आपको मिस किया**

सुनीता विलियम्स की धरती पर सकुशल वापसी पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश में उन्होंने लिखा, आपका स्वागत है, क्रू9 ! धरती ने आपको मिस किया। पीएम ने लिखा, उनका यह अनुभव धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा रहा है। सुनीता विलियम्स और क्रू 9 के अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का सही अर्थ क्या है। विशाल अनिश्चितता के सामने

### स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर लौटने में 17 घंटे लगे



उनका अटूट दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा। पीएम ने क्रू 9 का वापसी अभियान पूरा होने के बाद अपने संदेश में कहा, अंतरिक्ष अन्वेषण का मतलब है मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस करना। पीएम ने सुनीता विलियम्स के बारे में कहा कि वे एक पथप्रदर्शक और एक आइकन हैं। उन्होंने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है। हम उन सभी पर अविश्वसनीय रूप से गर्व करते हैं जिन्होंने उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम किया। उन्होंने दिखाया है कि जब सटीकता जुनून से मिलती है और तकनीक दृढ़ता से मिलती है तो क्या होता है।

(सम्बन्धित खबरें पेज 12 पर)



**आज का मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $36^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $19^0$ |
| सूर्योदय | - 6:10 |
| सूर्यास्त | - 6:17 |

बादल छाये रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद निधि 20 करोड़ रुपए करने की मांग

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को सांसद निधि बढ़ाने का मुद्दा उठा। सपा से राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने सांसद निधि को पांच करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ करने की मांग की। इस मुद्दे पर राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन में मुफ्त सुविधाओं, सब्सिडी जैसे मुद्दों पर व्यवस्थित चर्चा और सरकारी निवेशों के व्यापक हित के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने की जरूरत है। समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव की मांग का जवाब देते हुए धनखड़ ने कहा कि अगर सरकार और विपक्ष सहमत होते हैं तो वह इस मुद्दे पर एक व्यवस्थित चर्चा कराने के लिए तैयार हैं।

### सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक और एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी के लिए 571 करोड़ रुपये की सीसीटीवी परियोजना के संबंध में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (सीपी) और एसीबी के प्रमुख मधुर वर्मा के अनुसार, 7 करोड़ रुपये की रिश्वत लेकर 16 करोड़ रुपये के परिसमाप्त हर्जाने को कथित तौर पर मनमाने ढंग से माफ कर दिया गया।

### भारत ने गाजा के हालात पर चिंता जताई

**नई दिल्ली ।** भारत ने बुधवार को कहा कि वह गाजा की स्थिति को लेकर चिंतित है और उसने संघर्ष प्रभावित फिलिस्तीनी क्षेत्र के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का आह्वान किया। भारत की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इजरायल ने मंगलवार को गाजा में हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए हैं, जिससे जनवरी में हमास के साथ हुए युद्धविराम पर अनिश्चितता पैदा हो गई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल की बमबारी में 400 से अधिक लोग मारे गए।

## मोदी सरकार में 71 प्रतिशत घटीं आतंकी घटनाएं

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे चरण के छठे दिन बुधवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आतंकी घटनाओं पर केंद्र सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत देश में आतंकवादी घटनाओं में 71 प्रतिशत की कमी आई है और आतंकवादी अब या तो जेल जाएंगे या जहन्नुम जाएंगे।

**अब आतंकवादी जा रहे जेल या जहन्नुम**



राय ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों के प्रश्नों का जबाव दिया। उन्होंने कहा- पहले जब आतंकवादियों का महिमामंडन किया जाता था और उन्हें अच्छा खाना परोसा जाता था, उसके विपरीत मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। लोकसभा में केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट की उम्र में बदलाव को लेकर कोई भी प्रस्ताव पेंडिंग नहीं है। न ही इस पर विचार किया जा रहा है। कर्मचारियों के रिटायरमेंट के बाद खाली होने वाले पदों को खत्म करने की केंद्र सरकारी की कोई नीति नहीं है।

## शाही ईदगाह विवाद : हिंदू पक्ष पर पांच हजार का हर्जाना

प्रयागराज। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा व शाही ईदगाह विवाद मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और भारत संघ को पक्षकार बनाने के लिए हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल संशोधन अर्जी को हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। साथ ही हिंदू पक्ष पर पांच हजार रुपये हर्जाना लगाया है। यह राशि प्रतिवादी उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल बोर्ड को देय होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ ने दिया। सूट नंबर एक के याची भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और कटरा केशव देव और सूट नंबर 16 के याची देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान की ओर से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को और भारत संघ को पक्षकार बनाने की मांग की थी।

## जनहित के कार्यों में लापरवाही मंजूर नहीं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित के कार्यों में लापरवाही को अस्वीकार बताया है। उन्होंने कहा है कि अच्छे लोगों की कहीं कोई कमी नहीं है, इन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरी ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जनपद स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद महीने में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। मुख्यमंत्री ने वरासत, लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप योजनओं की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना है, बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और ट्रांसपेरेंसी दोनों आवश्यक है। उन्होंने एमएसएमई विभाग को निर्देश दिया कि ओडीओपी को आगे बढ़ाना होगा। देखना होगा कि क्या इसमें जनपदों के विशिष्ट फूड को भी जोड़ा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परफॉर्मेंस का जो डेटा विभाग देते हैं, उनकी रैंडम चेकिंग की जाए। मुख्य सचिव स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में टॉप-10 विभागों और योजनाओं पर चर्चा की जाए।

**सीएम योगी ने कमांड सेंटर का किया निरीक्षण**



## कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्टरी का कर्मी गिरफ्तार

**कानपुर।** यूपी एटीएस ने कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्टरी के कर्मी को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। एटीएस ने ऑर्डिनेंस फैक्टरी, हजरतपुर फिरोजाबाद में कार्यरत रविंद्र कुमार को गिरफ्तार था। बताया जा रहा है कि आरोपी कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा के साथ षड्यंत्र कर ऑर्डिनेंस फैक्टरी की गोपनीय और संवेदनशील सूचनाएं व दस्तावेज साझा कर रहा था। इसी क्रम में एटीएस उत्तर प्रदेश को जानकारी मिली थी कि रविंद्र कुमार कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से ऑर्डिनेंस फैक्टरी, कानपुर में कार्यरत कुमार विकास भी जुड़ा है और ऑर्डिनेंस फैक्टरी की गोपनीय सूचनाएं व दस्तावेज व्हाट्सएप के माध्यम से कथित पाकिस्तानी एजेंट को उपलब्ध करा रहा है। एटीएस उत्तर प्रदेश द्वारा सूचना की गहनता से जांच व अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि कुमार विकास पुत्र अशोक कुमार निवासी थाना सट्टी, जनपद कानपुर देहात कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्टरी में जूनियर वर्क्स मैनेजर के पद पर नियुक्त है। यह जनवरी 2025 में कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से फेसबुक के माध्यम से संपर्क में आया था। उक्त कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा (छद्म नाम) द्वारा खुद को भारत हैवी इलेक्ट्रानिक लिमिटेड में कार्य करना बताकर व्हाट्सएप मैसेंजर पर बातचीत कर मोबाइल नंबर साझा किए गए।

**आईएसआई के लिए कर रहा था काम**



## कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य वोटर लिस्ट और पूरक वोटर लिस्ट में इतना बड़ा अंतर क्यों है? इसके अलावा, उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की बैटरी को लेकर भी सवाल खड़े किए। मनीष तिवारी ने कहा, जब ईवीएम चुनाव के पूरे दिन इस्तेमाल होती है और फिर तीन-चार दिनों तक स्टोर रूम में रखी जाती है, तो इसकी बैटरी 99 फीसदी तक कैसे रह सकती है? उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग इन अहम सवालों का जवाब नहीं दे रहा है।

## राज्य विकास में आगे, पर सब्सिडी के लिए 75 प्रतिशत जनता गरीब!

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि जब राज्यों से विकास का डेटा पूछा जाता है, तो वे प्रति व्यक्ति आय में तेज बढ़ोतरी दिखाते हैं, लेकिन जब सब्सिडी की बात आती है, तो वे 75 फीसदी आबादी को गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) बताते हैं। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि सब्सिडी का असली हकदारों तक पहुंचना जरूरी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आगे कहा, हमारी चिंता यह है कि क्या गरीबों के लिए बनी योजनाओं का लाभ उन्हीं तक पहुंच रहा है या नहीं? राशन कार्ड अब लोकप्रियता कार्ड बन गया है। उन्होंने आगे कहा, राज्य विकास के लिए अपनी प्रति व्यक्ति आय बढ़ी हुई बताते हैं, लेकिन जब गरीबी की बात आती है, तो 75 प्रतिशत आबादी को गरीब बताने लगते हैं। यह विरोधाभास कैसे संभव है? यह मामला सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना महामारी के दौरान प्रवासी मजदूरों की स्थिति सुधारने के लिए खुद ही शुरू किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि यह असमानता अमीर और गरीब के बीच बढ़ते अंतर के कारण है।

**सुप्रीम कोर्ट ने पूछा यह कैसे संभव?**

**'राशन कार्ड अब लोकप्रियता कार्ड बन गया'**



## अब यूपीआई से लेनदेन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। इसमें भीम यूपीआई से लेन-देन करने पर प्रोत्साहन राशि देने का एलान किया गया। इसके अलावा महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट (पगोटे) से चौक (29.219 किमी) तक छह लेन वाले ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी गई। केंद्रीय कैबिनेट ने नए राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम को भी स्वीकृत किया। कैबिनेट ने असम के नामरूप में यूरिया प्लांट के निर्माण को भी मंजूर किया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कम मूल्य वाले भीम यूपीआई लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि योजना के तहत छोटे व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15त्न की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हर तिमाही पर बैंक स्वीकृत दावा राशि का 80 फीसदी बिना किसी शर्त के वितरित करेंगे। जबकि 20 फीसदी राशि का भुगतान कुछ शर्तों के बाद किया जाएगा। सरकार का कहना है कि छोटे व्यापारियों को यूपीआई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए यह फैसला लिया गया है।

**केंद्रीय कैबिनेट के फैसले**

## टैरिफ व प्रतिबंध अब हथियार बन चुके

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ते टैरिफ और प्रतिबंधों का हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अब ये केवल आर्थिक उपाय नहीं रहे, बल्कि देशों के लिए अपने हितों की रक्षा करने के शक्तिशाली उपकरण बन चुके हैं। जयशंकर ने जोर देकर कहा कि पिछले एक दशक में वित्तीय प्रवाह, ऊर्जा आपूर्ति और प्रौद्योगिकी जैसी कई आर्थिक गतिविधियों का तेजी से एक हथियार के रूप में इस्तेमाल होने लगा है। ऐसे में, दुनिया एक नए आर्थिक समीकरण की ओर बढ़ रही है, जहां नीतियां और प्रतिबंध एक नए दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन गए हैं। जयशंकर ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना संवाद के दौरान पैनल चर्चा कमिसार और पूंजीपति : राजनीति, व्यापार और नई विश्व व्यवस्था के दौरान यह टिप्पणी की। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ने भारत सहित विभिन्न देशों से आयातित वस्तुओं पर विभिन्न टैरिफ लगाने की घोषणा की है। जयशंकर ने कहा, यह दुनिया की सच्चाई है। आप अपने कारोबार के लिए लड़ते हैं, क्योंकि आप अपने रोजगार के लिए लड़ रहे हैं, आप अपनी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के लिए लड़ रहे हैं, जिसमें कारोबार का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है।दुनिया भर में विकसित हो रहे वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के संबंधों पर जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि आज, विभिन्न क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखाएं मिट गई हैं। यदि आप अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देखें, तो मुझे लगता है कि आज की संस्कृति एक दशक पहले की तुलना में कम संयमित है। इससे पहले 13 मार्च को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने विभिन्न देशों की ओर से अमेरिका पर लगाए गए टैरिफ पर दुख जताते हुए भारत की ओर से अमेरिकी शराब और कृषि उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का जिक्र किया था।

**आर्थिक हितों की रक्षा के लिए होता है इनका इस्तेमाल**



## नागपुर हिंसा का मास्टरमाइंड फहीम गिरफ्तार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में औरंगजेब का पुतला जलाने पर 17 मार्च को हुई सांप्रदायिक हिंसा मामले में पुलिस ने बुधवार को मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान को गिरफ्तार किया। उसे 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। फहीम खान ने 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा किया और हिंसा को बढ़ावा दिया था। दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मी के कपड़े उतारने और झड़प के दौरान उन्हें गलत तरीके से छूने की भी कोशिश की। यह जानकारी गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में सामने आई है। दंगाइयों ने भालदरपुरा चौक के पास रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए महिला अधिकारी के साथ अश्लील हरकत की थी। पुलिस ने कहा कि 17 मार्च को भड़की हिंसक झड़पों के बाद नागपुर में 10 पुलिस जिला क्षेत्रों में लगातार दूसरे दिन भी कर्फ्यू लागू रहा और 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### औरंगजेब की कब्र नो ड्रोन जोन घोषित

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद में औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग के बीच प्रशासन ने मुगल शासक की कब्र को ड्रोन प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया है। सोशल मीडिया पर पुलिस इस मामले में आपत्तिजनक पोस्ट को ट्रैक करके उन्हें डिलीट करवा रही है। अब तक 500 से अधिक ऐसी ऑनलाइन पोस्ट डिलीट की जा चुकी हैं।

# ईवीएम की सुरक्षा में निर्वाचन आयोग के मानकों का हो रहा पालन : डीएम

## ईवीएम व विविपैड भंडारण का डीएम ने राजनीतिक दल के सदस्यों संग किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** डीएम अनुनय झा द्वारा आज ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भण्डारण एवं सुरक्षा का त्रैमासिक निरीक्षण कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित वीवीपैट के स्ट्रांग रूम के वेयरहाउस, गोदाम का बुधवार को निरीक्षण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा गार्डों की तैनाती, रिसाव की स्थिति, विद्युत सुरक्षा आदि का अवलोकन किया। उन्होंने राजनीतिक दलों को भी ईवीएम के सुरक्षित भंडारण के प्रति आश्वस्त होने का अनुरोध करते हुए कहा कि ईवीएम पूर्णतः सुरक्षित हैं और इनके भंडारण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानदंडों का पालन किया जाता है। समय समय पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी इस संदर्भ में अवगत कराया जाता है। फिर भी किसी को कोई शंका हो तो जिला प्रशासन को सूचित करें, नियमानुसार सभी शंकाओं को दूर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**अधिकारियों ने जिला जज के साथ किया जेल का निरीक्षण:** जिला जज नीरज कुमार एवं जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा जिला कारागार महराजगंज का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया गया।

जिला जज द्वारा जेल निरीक्षण के दौरान जेल के पुरुष बैरक, महिला बैरक, रसोई व जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्यायों को सुना तथा उनके निस्तारण हेतु जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिया। जिला न्यायाधीश डेरा मौजूद सभी जेलकर्मियों को निर्देशित किया कि सभी कैदियों के मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सीजेएम मुकेश यादव, जेल अधीक्षक आशीष रंजन उपस्थित रहे।

# एसपी ने किया थानों का निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** जनपद में अपराध रोकथाम एवं आगामी त्योहारों होली व रमजान के दृष्टिगत शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना घुघली व कोठीभार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया गया । थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर , त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया गया एवं संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थानों पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को सख्त हिदायत दिया गया कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण व सही तरीके से करें। बीट आरक्षी व मुख्य आरक्षी गण को अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहने व क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आमजन के शिकायतों का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करने हेतु हिदायत दिया गया। आगामी त्योहारों के संबंध में जो भी आदेश निर्देश निर्गत की किए जाते हैं उनका समयबद्ध तरीके से शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

# अटेवा ने वित्त राज्यमंत्री को दिया ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महाराजगंज।** एनएमओपीएस व अटेवा के आह्वान पर आज प्रदेश संगठन मंत्री राजेश जायसवाल व जिलाध्यक्ष टीपी सिंह के नेतृत्व में अटेवा महराजगंज की टीम ने वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी को पुरानी पेंशन बहाली का ज्ञापन दिया।

मौजूदा एनपीएस, यूपीएस पेंशन योजनाओं से शिक्षकों, कर्मचारियों को जीवन यापन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतने कम पेंशन में वह अपने परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन कैसे करें जबकि इन्होंने अपने जीवन का अमूल्य समय देश की सरकार की सेवाओं में दिया है। यह कैसा न्याय है देश के करोड़ों शिक्षकों कर्मचारियों व अधिकारियों की पुरानी पेंशन बहाल करवाने में सहयोग करने की मांग की गई है। इस दौरान नवीन श्रीवास्तव, जिला महामंत्री शिवसरन सिंह, जिला मंत्री डॉ शांति शरण मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार गुप्त, प्रेमकिशन निषाद, शिवकुमार चौधरी, अयूब अंसारी, हेसामुद्दीन सिद्दीकी, दिनेश गुप्ता, बसंत गुप्ता, अरविंद यादव, संजीव कुमार,मदन गोपाल गुप्त, संजय चौधरी, सुनील मिश्रा, अजीत पटेल, राकेश यादव,रवि यादव आदि उपस्थित रहें।

# जिले के विकास में अहम भूमिका निभा रहा जिला पंचायत



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष रविकांत पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पहले गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई, जिसके बाद विकास कार्यों पर गहरी चर्चा की गई। इसमें पीडब्ल्यूडी, आरईएस, जल निगम, बेसिक शिक्षा, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से जन समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। विभागीय अधिकारियों ने सदस्यों के सवालों का जवाब दिया।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित आय-व्यय को प्रस्तुत किया गया, जिसमें सरकार से प्राप्त अनुदान और कर व शुल्क से प्राप्त आय के सापेक्ष 80,29,90,342 का प्राविधान किया गया। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 62,25,07,556 का बजट प्रस्तावित किया गया, जिसे परिषद द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। बैठक में शासकीय अनुदानों की अनुपूरक कार्ययोजना वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए पंचम राज्य वित्त, 15वां वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड) और जिला निधि की वार्षिक कार्ययोजना भी सर्वसम्मति से स्वीकृत की गई। मनरेगा के लेबर बजट को 68.002 लाख मानव दिवस के सापेक्ष मु. 268.609 करोड़ रुपये के लिए सदन ने स्वीकृत किया। इस अवसर पर सांसद एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि जिला पंचायत परिषद महराजगंज 1995 से जनपद के विकास में एक परिवार की तरह काम कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला पंचायत के सदस्य जनपद के विकास के लिए निरंतर समन्वय और सहयोग करेंगे। साथ ही, उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष से अनुरोध किया कि सदस्यों की मांगों को बजट में शामिल कर विकास कार्यों को पूरा किया जाए। बैठक में विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह, विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया, प्रमुखगण, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, जिला पंचायत के सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईवीएम की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने आज मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण दौरान बॉक्स में रखे सभी कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट की संख्या के बारे में पूछताछ की। कक्षवार बॉक्स में रखे मशीनों की संख्या गिनकर मिलान भी किया गया। उन्होंने कुल मशीनों की संख्या लिख कर कक्षवार चस्पा कराने सहित ई एम एस का प्रिंट चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था तथा लगाए गए कैमरों के स्थिति का भी जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व्यास नारायण उमराव, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, अधिशासी अभियंता आर ई एस श्री रवि सहित भाजपा जिला संयोजक केशव नाथ उपाध्याय, सपा छात्रसभा जिला अध्यक्ष राम लखन, जिला मंत्री सी पी आई (एम) अयोध्या लाल श्रीवास्तव, आम आदमी पार्टी प्रतिनिधि राम अवध गुप्ता, जिला अध्यक्ष बसपा रमेश कुमार एवं प्रतिनिधि सुभाष भास्कर कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष हृषिकेश तथा निर्वाचन कार्यालय से कमाल रिजवी, शशि मद्धेशिया, मकसूद उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिवारों से मिले अधिकारी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह द्वारा तहसील खलीलाबाद अन्तर्गत कर्री गांव में विगत 14 मार्च को हुई आगजनी की घटना से प्रभावित हुए पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर घटना के बारे में जानकारी लेते हुए उनका हाल-चाल जाना तथा घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी व एएसपी ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें विश्वास दिलाया की प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ है, प्रत्येक स्तर पर उनको न्याय दिलाया जाएगा। अधिकारी द्वारा पीड़ित परिवारों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई चिकित्सीय सुविधाओं से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम शैलेश दुबे, तहसीलदार जनार्दन आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकारों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**तमकुहीराज कुशीनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई तमकुहीराज के बैनर तले पत्रकारों ने सीतापुर के पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेयी के हत्यारों के खिलाफ कार्रवाई करने, आर्थिक सहायता देने के साथ ही सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार तमकुहीराज कुंदन वर्मा को सौंपा।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष राजकुमार चौबे ने कहा वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता करना दुरूह बन गया है, माफिया और अपराधी पत्रकारों को निशाना बना रहे है और राघवेन्द्र वाजपेयी जैसे निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकार को दिनदहाड़े हत्या कर लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर प्रहार कर रहे हैं,ग्रापए इस घटना की कड़ी शब्दों में निन्दा करते हुए कठोर कार्रवाई की मांग करता है। जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ पांडेय ने कहा कि स्व पत्रकार के परिजनों को उचित मुआवजा के साथ ही सरकारी नौकरी देते हुए अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।महामंत्री अंजनी सिंह पटेल ने टोल प्लाजा पर पत्रकारों के लिए टोल टैक्स फ्री करने के लिए कहा। इस अवसर पर अंजनी सिंह, अशोक तिवारी, कृष्णमुरारी पांडेय, दीपक मिश्रा, कामाख्या नारायण मिश्र, संजीव कुमार राय, मनोज कुमार मिश्र, कृष्णनंदन खरवार, सत्यप्रकाश मिश्र, राजेश यादव, सलाउद्दीन, विजय गोड़, नितांत सिंह, अशोक राय, अजय शर्मा, रवीश मद्धेशिया, ब्रजेश कुमार बादल, बैजनाथ बैजू, शैलेष कुमार, पप्पू सिंह, दिनेश गुप्ता, सोनू गुप्ता, राधेश्याम शास्त्री, प्रदीप श्रीवास्तव, नौशाद अली,जाहिद हुसेन, अहमद हुसेन, अभिमन्यु मिश्र, अर्जुन मौर्या, ब्रजेश मिश्र, राजेश यादव, कमलेश खरवार आदि रहे।

# बिहार दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** भाजपा द्वारा 22 मार्च को बिहार दिवस के मौके पर एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित करेगी।

उक्त बातें भाजपा के जिला महामंत्री व एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के जिला संयोजक सुदर्शन पाल ने कहा। वह बुधवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में आयोजित तैयारी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को पडरौना बेलवा चुंगी स्थित सृजन द गुरुकुल सभागार में जिला स्तरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम के जिला सह संयोजक रमेश सिंह, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, रुपम सिंह, विजय कुमार सोनी, दिनेश राय, रामजीत चौहान, राजकुमार चौहान, कपिलदेव लाल श्रीवास्तव, राधेश्याम गुप्ता, धवन जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, रितेश गुप्ता, नितेश सैनी अनूप गुप्ता, रंजीता सिंह, रितु सिंह, फूलवंती चौहान, सुमन कुशवाहा उपस्थित थे।

# हमारा आंगन, हमारे बच्चे, कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**तमकुही कुशीनगर।** बीआरसी तमकुही में बुधवार को ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बीईओ तमकुही सुधीर कुमार ने कहा कि बेसिक शिक्षा व बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में समन्वय से नौनिहालों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास किया जाएगा। एडीओ आईएसबी तमकुही चित्रमणि शर्मा ने कहा कि नौनिहालों का शत-प्रतिशत नामांकन कर उन्हें बेहतर, रूचिकर शिक्षा देकर सर्वांगीण विकास किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में संस्कार युक्त शिक्षा दी जाती है। नगर पंचायत क्षेत्र के परीषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का संचालन किया जाएगा। इन विद्यालयों में फर्नीचर एवं अन्य संसाधन मुहैय्या कराई जाएगी। एसआरजी रामप्रकाश पांडेय, प्राशिसं अध्यक्ष शंभू यादव, मंत्री देवेन्द्र ओझा, रेनू राय, बबलू जायसवाल, एआरपी संतोष प्रसाद, विनय कुशवाहा, प्रभारी सीडीपीओ निर्मला मिश्रा आदि ने संबोधित किया। कंपोजिट विद्यालय करमैनी की छात्रा करीना ने नृत्य के माध्यम से सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संचालन राजू सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व एबीआरसी अमरनाथ यादव, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मंत्री अंजनी सिंह, अजय शर्मा, अजय सिंह, मिनहाज अहमद सिद्दिकी, राजेश प्रसाद, कृपाशंकर चौधरी, हरिकेश पांडेय, घनश्याम प्रसाद, सुजीत सिंह, नवनीत तिवारी, कबीर आलम, मोबिन अहमद, नंदकिशोर प्रसाद, हेमलता गुप्ता, अनिता भारती, रीतू सिंह, बृन्दा चौधरी, अवधेश वर्मा, सत्यपाल विश्वकर्मा, आनंद सिंह, अवधेश वर्मा, हरिश्चंद राम, कंचन सिंह, बृजमोहन तिवारी, सुरेन्द्र कुशवाहा, आमोद उपाध्याय, संतोष मणि, दीनानाथ राजभर, सज्जाद आलम, गोरख राय, रामाश्रय वर्मा आदि रहे।

# आंदोलन के मूड में जिला पंचायत सदस्य



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** 15 फरवरी को हुई जिला पंचायत की हंगामेदार बैठक की कार्यवाही को शुन्य घोषित किए जाने की मांग पर कोई निर्णय न लिए जाने से आहत जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कुमार उर्फ गिल्लम चौधरी ने मण्डलायुक्त को ज्ञापन देकर कार्यवाही शून्य घोषित न किए जाने की स्थिति में बेमियादी धरने की चेतावनी दिया है।

जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कुमार उर्फ गिल्लम चौधरी ने कहा 15 फरवरी की बैठक में सदस्यों ने प्रस्ताव संख्या 1 का मुखर विरोध किया, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अपर मुख्य अधिकारी बैठक से चले गये। समाचार लिखे जाने तक मण्डलायुक्त की ओर से इस सम्बन्ध में जिला पंचायत को कोई निर्देश जारी किया जाना संज्ञान में नही है। इस दौरान ज्योति सिंह, लवकुश, मीरा सिंह, खुशबू, नौशाद अहमद, राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, सुबाष चन्द यादव, असलम खान, मालती, गीता देवी, मो खुरशीद, अंजुला देवी, अबू बकर, प्रियंका, जवाहर लाल, कंचन, राज बहादुर आदि शामिल थे।

# पूर्व विधायक दयाराम चौधरी को भातृ शोक

**बस्ती।** पूर्व विधायक दयाराम चौधरी के 85 वर्षीय बड़े भाई सिद्धनाथ चौधरी का उनके पैतृक गांव बनकटी विकास खण्ड क्षेत्र के मोहना खोर गांव में 17 मार्च को निधन हो गया। 18 मार्च को अयोध्या के सरयू तट पर उनके बड़े पुत्र अर्जुन प्रसाद चौधरी ने मुखाग्नि दिया। सिद्धनाथ चौधरी के निधन पर विधायक महेन्द्रनाथ यादव, पूर्व विधायक रवि सोनकर, राजेश चौधरी, अरविंद श्रीवास्तव गोला, राजेश चित्रगुप्त, प्रेम चन्द्र चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, ज्ञानचन्द्र चौधरी, दुर्गा प्रसाद चौधरी, राम अजोर चौधरी, मनीष, रजनीश वर्मा, शिव सहाय, लारा चौधरी, अजय चौधरी, अनिल पांडेय, कामेन्द्र चौहान, अंकुर वर्मा, हरीश सिंह, रामचरण चौधरी, राजू, राजन पांडेय, आशीष चौधरी, हरिनाथ चौधरी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के सोहर पर झूमे श्रद्धालु



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**भानपुर, बस्ती।** तहसील क्षेत्र के वैष्णो माता मंदिर परिसर ग्राम कोठिला में चल रहे सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन कथा व्यास पं श्री बालकृष्ण आशीष जी महाराज ने वामन अवतार का प्रसंग सुनाया।

बालकृष्ण महाराज आशीष ने राजा अम्बरीष और दानवीर राक्षसराज बलि की भी कथा सुनाई। भगवान के वामन अवतार का प्रत्यक्ष दर्शन उपस्थित लोगों को हुआ। भगवान के वामन अवतार के रूप में बाल स्वरूप में मनमोहक छवि वाले बालक को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन कर्मयोगी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े आनंद और हर्षोल्लास के साथ धूम धाम से मनाया गया।कथा वाचक बालकृष्ण आशीष के भजन पर नृत्य करते हुए पुष्प वर्षा कर मिठाईयां बांटी गई। उन्होंने बताया कि जब जब पृथ्वी पर कोई संकट आता है, तो भगवान अवतरित होकर उस संकट को दूर करते हैं। इस मौके पर मुख्य यजमान बजरंगी प्रसाद शर्मा, पुष्पा शर्मा, जामवंती शर्मा, आचार्य भूषण दास, आचार्य कपिल मुनि, आचार्य धीरज, पंडित हर्ष, पंडित प्रकाश एवं पंडित सियाराम के द्वारा वेदमंत्रों के उच्चारण से वातावरण भक्तिमय हुआ। श्रोताओं में उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, गिरीश पांडेय, विनोद शुक्ल, राजाराम तिवारी, राजेश पांडेय, एडवोकेट राजेश तिवारी, अभिषेक शर्मा, शिवप्रसाद पांडेय, श्रीपाल शर्मा, उमाकांत शुक्ल, सुरेंद्र सिंह, रोहित शर्मा, केशवराम पांडेय, नितेश शर्मा, चंद्रभूषण, राजेश उपाध्याय, विवेक उपाध्याय, संतोष पांडेय, बृजेश पांडेय, रौनक दूबे, विनय दूबे, रिंकू शर्मा, जनकनंदिनी, विवेक शर्मा, कामिनी देवी, आशुतोष शुक्ल मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## डॉ. अभिजात ने आपरेशन कर बचाई जान



**बस्ती।** मालवीय रोड स्थित नवयुग मेडिकल सेंटर में डा अभिजात ने बेहद दुर्लभ सर्जरी कर 58 साल के एक अधेड़ को नया जीवन दिया है। मरीज के परिजन डा और उनके स्टाफको धन्यवाद दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार लालगंज के रहने वाले कपिल देव के लिए डा अभिजात, उनकी टीम और भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना वरदान साबित हुई। कपिल देव गुर्दे की बीमारी से लम्बे समय से पीड़ित थे। कई बार अल्ट्रासाउंड कराने से भी रोग का स्पष्ट पता नही चल पा रहा था। पेट के दाएं हिस्से में उन्हे लगातार दर्द रहता था। डा अभिजात की सलाह पर मरीज की जांच रेडियोलॉजिस्ट डॉ दिव्याजात कुमार ने की। रिपोर्ट से पता चला कि मरीज के गुर्दे की रक्त वाहिनियां पेशाब की नली पर दबाव डाल रही थी। इसी वजह से बराबर दर्द बना रहता था। सर्जन डॉ अभिजात कुमार, उनकी टीम एनेस्थीसिया के डा के सहयोग से लेप्रोस्कोपिक विधि द्वारा मरीज का सफल आपरेशन किया गया।

## संदिग्ध हाल में युवक की मौत

**तमकुहीराज,कुशीनगर।** सेवरही नगर पंचायत में किराया का रूम लेकर रह रहे पड़ोसी प्रांत बिहार के मूल निवासी एक व्यक्ति द्वारा जहरीला पदार्थ खाने से मृत्यु की खबर प्रकाश में आया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम करवाई में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक मिट्ठू प्रजापति पुत्र विध्यांचल उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 3 भतहवा थाना ठकरहा जनपद बेतिया बिहार के निवासी था।अपने पत्नी के साथ किराए के रुम लेकर सेवरही थाना क्षेत्र के तुर्कवालिया मे रहता था। जो मगंलवार की रात में घर में रखा जहरीला पदार्थ गलती से खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगा पता चलते ही आनन फानन मे इलाज के लिए सीएचसी तमकुहीराज लाया गया जहां चिकित्सको ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया परिजनों के द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल ले जाने दौरान रास्ते में ही मिटठू ने दम तोड़ दिया।जिसें पुनः अस्पताल लाया गया।घटना की सूचना मिलते ही सेवरही थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार राय अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उसकी मौत की वजह क्या रही इसका पता नहीं चल सका है पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

# दोषियों पर कार्रवाई न हुई तो होगा आंदोलन : विहिम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** बुधवार को वाल्टरगंज थाना क्षेत्र गनेशपुर नगर पंचायत के अम्बेडकर वार्ड दक्षिण द्वारा निवासी सत्या चौधरी ने विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के साथ पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। मांग किया कि गनेशपुर कस्बे में मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़े जाने के मामले में दोषियों और जिम्मेदार पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय। एसपी को दिए पत्र में कहा गया है कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की नीयत से कस्बे के मुस्लिम समुदाय के मो अजीज पुत्र अख्तर अली, मो कलीम पुत्र मो मुस्तफा, मो रिजवान पुत्र सबीहुल अली, मो अजमत पुत्र मो अख्तर, अब्दुल पुत्र अब्दुल हसन, मो रहीम पुत्र मो कासिम, मो बंजारा पुत्र शेर मोहम्मद आदि ने गत 13 मार्च को होलिका में मुर्हुत से पहले आग लगा दिया। विरोध करने पर उक्त लोग गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगे। इसकी सूचना वाल्टरगंज थाने पर दी गई किन्तु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। स्थिति बिगड़ते देख चौकी प्रभारी चन्द्र प्रकाश यादव की तहरीर पर मामले के अल्पीकरण करने की नीयत से मुकदमा दर्ज करने की खाना पूर्ति कर दी गई। मोहल्ले वासियों की तहरीर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक से वार्ता के बाद बताया कि एसपी ने मामले की विवेचना अन्य थाने से कराने और प्रभावी कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस दौरान प्रदेश मंत्री अधिवक्ता प्रकोष्ठ कुलदीप मिश्रा, सौरभ त्रिपाठी, डॉ परशुराम साहनी, उपेंद्र सिंह, बृजेश चौधरी बंटी, शिव सहाय गुप्ता, बिजेन्दर अग्रहरि, मनीष कुमार, ललित यादव, मनोज प्रजापति, अजय सोनकर, अमरजीत यादव, जमुना प्रसाद उपस्थित रहे।

# आरएएफ व पुलिस ने कस्बे में किया गश्त

**दुबौलिया, बस्ती।** आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान मे रैपिड एक्शन फोर्स की 91 वीं बटालियन के साथ थाना क्षेत्र में बटालियन के सहायक कम्पनी कमांडेंट विनोद कुमार राव, इंस्पेक्टर सुरेन्द्र पटेल व तेजू सिंह यादव तथा रैपिड एक्शन फोर्स के जवानो के साथ थानाध्यक्ष दुबौलिया जितेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्र के विशेषरगंज, दुबौलिया बाजार, चिलमा बाजार में भौगोलिक जानकारी करते हुए संवेदनशील, अतिसंवेदनशील तथा साम्प्रदायिक क्षेत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए दंगा या दंगे जैसी स्थिति उत्पन्न होने की दशा में थाना पुलिस बल के साथ रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च किया गया।

# रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बुद्धवार को ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष ब्लाक बढ़नी के आनंद त्रिपाठी निवासी ने कहा कि लगातार छह माह से मानदेय भुगतान न होने से ग्राम रोजगार सेवकों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही साथ मनरेगा योजना अन्तर्गत श्रमिकों का मजदूरी पिछले चार महीने से भुगतान नही हो रहा है। इससे गांवों में विकास कार्य के लिए श्रमिक नहीं मिल पा रहे है। ब्लाक के जिम्मेदारों की ओर से लगातार विकास कार्य कराने पर जोर दिया जा रहा है। मजदूरी न मिलने के कारण जॉब कार्ड धारक काम पर नहीं आ रहे है। ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार द्वारा जल्द मानदेय का भुगतान नही दिया जायेगा। इस दौरान सोहनलाल, रामसूरत, रामनरेश, पंकज, संजय कुमार, अब्दुल सब मनोज, बब्बन, हरिहर, हरेन्द्र, विजय, शिवशंकर, दिनेश चंद्र, जय प्रकाश, प्रहलाद, अम्बर, प्रतापबली, रेखा पाण्डेय, सरिता, संप्पू देवी, वन्दना मौजूद रहे।



स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 20 मार्च, 2025

3

# गोरखपुर




## महिला से कस्टमर केयर बनकर 4 क्रेडिट कार्ड से ठगे 1.98 लाख

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** कैंट इलाके के पैडलेगंज में रहने वाली राधिका त्रिपाठी साइबर ठगी का शिकार हो गईं। खुद को एसबीआई कस्टमर केयर अधिकारी बताने वाली एक महिला ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर उनके 4 कार्ड से 1 लाख 98 हजार रुपए निकाल लिए। मामले की जानकारी होते ही उन्होंने बैंक जाकर अपने कार्ड ब्लॉक करवाए और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राधिका त्रिपाठी के पास एसबीआई का एक क्रेडिट कार्ड था, जिसे बंद करवाने के लिए उन्होंने मोहद्दीपुर स्थित एसबीआई शाखा में आवेदन दिया था। 9 मार्च को शाम करीब 4 बजे उनके पास एक फोन आया। कॉल करने वाली महिला ने खुद को 'रिद्धि' नाम से एसबीआई क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट, गुरुग्राम का अधिकारी बताया और कहा कि उनका पुराना कार्ड बंद कर दिया गया है और नया कार्ड जारी कर दिया गया है।

इसके बाद जालसाज महिला ने कार्ड को सक्रिय करने और लिमिट बढ़ाने के लिए ओटीपी साझा करने को कहा। भरोसे में आकर राधिका ने ओटीपी बता दिया। इसके दो दिन बाद जब वह बैंक पहुंचीं तो पता चला कि उनके 4 अलग-अलग क्रेडिट कार्ड से 1.98 लाख रुपए निकाले जा चुके हैं। धोखाधड़ी का पता चलते ही राधिका त्रिपाठी ने तुरंत अपने सभी कार्ड ब्लॉक करवाए और कैंट थाना पहुंचकर साइबर ठगी की शिकायत दी। पुलिस ने उनकी तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस कॉल डिटेल और बैंक ट्रांजैक्शन की जांच कर रही है।

## एजेंसी के नाम पर महिला कारोबारी से 3.50 लाख ठगे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** चौरीचौरा के मुंडेरा बाजार में किराना कारोबारी महिला से एजेंसी देने के नाम पर 3.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है।

ठगी का शिकार हुई सुनीता गुप्ता ने एसपी ट्रैफिक/अध्यक्ष व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने कोको फूड एंड बेवरेजेस कंपनी के एमडी विनीत चौधरी, जीएम अजय चौधरी, शैलेन्द्र पांडेय, संतोष पांडेय, नफीस सिद्दीकी और संदीप रस्तोगी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। मुंडेरा बाजार की रहने वाली सुनीता गुप्ता श्री महावीर ट्रेडर्स के नाम से किराना का कारोबार करती हैं। उन्होंने बताया कि शैलेन्द्र पांडेय और संतोष पांडेय खुद को कोको फूड एंड बेवरेजेस का एजेंट बताकर उनकी दुकान पर आए और कहा कि कंपनी उच्च क्वालिटी के बिस्किट बनाती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगर सुनीता उनकी एजेंसी लेती हैं, तो कंपनी का सेल्समैन ऑर्डर लाएगा और माल भी बिकवा देगा। कारोबार बढ़ने की उम्मीद में सुनीता ने उनकी बातों पर विश्वास कर लिया। इसके बाद 30 अगस्त को 50 हजार, 2 सितंबर को 2.5 लाख और 6 सितंबर को 50 हजार रुपये आरोपियों को दिए। आरोपियों ने जल्द बिस्किट भेजने का वादा किया, लेकिन न तो माल भेजा और न ही पैसे वापस किए। कई बार फोन करने के बावजूद भी कोई जवाब नहीं मिला। सुनीता ने बताया कि एजेंसी लेने के लिए उन्होंने बैंक से लोन लेकर पैसा दिया था, लेकिन अब समय पर पैसा न मिलने के कारण ब्याज लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है और परिवार की जीविका चलाना मुश्किल हो गया है। पैसे न मिलने पर सुनीता ने एसपी ट्रैफिक/अध्यक्ष व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को शिकायती पत्र दिया। एसपी ट्रैफिक के आदेश पर चौरीचौरा थाने में एमडी विनीत चौधरी, जीएम अजय चौधरी, शैलेन्द्र पांडेय, संतोष पांडेय, नफीस सिद्दीकी और संदीप रस्तोगी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की कॉल डिटेल और बैंक लेन-देन की जानकारी खंगाली जा रही है।

फिलहाल जिस नंबर से कॉल आई थी, उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की ठगी करने वाले गिरोह साइबर क्राइम में माहिर होते हैं और लोगों को झांसा देकर बैंकिंग जानकारी हासिल कर लेते हैं।

**साइबर ठगी से बचने के लिए रहें सतर्क :** बैंक अधिकारी कभी भी फोन पर ओटीपी, पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी नहीं मांगते। अगर कोई व्यक्ति खुद को बैंक अधिकारी बताकर ऐसा करता है तो तुरंत बैंक से संपर्क करें और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाएं।

## आर्थिक सहायता के लिए 443 ने दिया साक्षात्कार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में महंत दिग्विजयनाथ विद्यार्थी वित्तपोषण योजना- 2025 के तहत छात्र कल्याण समिति द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। स्नातक व परास्नातक के कुल 523 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 443 उपस्थित रहे।

साक्षात्कार के लिए कुल छह मानक- अभिभावक, परिवार की वार्षिक आय, शैक्षिक योग्यता, पाठ्य सहगामी क्रियाओं में सहभागिता, कक्षा में उपस्थिति, अभिभावक पर आश्रितता तथा दिव्यांगता निर्धारित किए गए थे। प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि कुल 202 छात्रों (101 अनुदानित पाठ्यक्रम से तथा 101 स्ववित्तपोषित पाठयक्रम से) का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों के बैंक खातों में 31 मार्च तक सहायता धनराशि (एक हजार रुपये) कॉलेज प्रबंध तंत्र द्वारा भेज दिया जाएगा। कॉलेज ऐसे विद्यार्थियों को मजबूती से खड़ा है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

छात्र कल्याण समिति के समन्वयक डॉ. सुभाष चन्द्र ने कॉलेज में मौजूद सुविधाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम की सफलता में प्रो. परीक्षित सिंह, प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव, प्रो. अर्चना सिंह, प्रो. शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ. आरपी यादव, डॉ. अनिल भास्कर, डॉ. सुरेन्द्र चौहान, अवधेश शुक्ल, निधि राय, डॉ. प्रतिमा सिंह, धर्मचंद विश्वकर्मा, डॉ. अनीता कुमारी, रविन्द्र नाथ, हिमांशु यादव, डॉ. श्याम सिंह, डॉ. शिव कुमार, डॉ. पीयूष सिंह, डॉ. विभा सिंह, डॉ. शुभ्रान्शु शेखर सिंह आदि का योगदान रहा।

### छात्रों में सेवा का भाव विकसित करता है रासेयो

**गोरखपुर।** बाबू पुरुषोत्तम दास राधा रमण दास महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पार्षद नन्हे सिंह ने कहा कि रासेयो का एकमात्र उद्देश्य स्वयंसेवकों में सामुदायिक सेवा भाव विकसित करना है। यह एक ऐसा मंच है जो छात्रों में नेतृत्व, संगठन और सामाजिक कार्यों में कौशल विकसित करने में मदद करता है। प्राचार्य डा. विकास रंजन मणि त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में सफल वही होते हैं, जो अनुशासन एवं परिश्रम को आत्मसात कर लेते हैं। कार्यक्रम अधिकारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन राजू एवं आभार ज्ञापन बालमुकुंद पांडेय ने किया।

## फ्लाईओवर के लिए केंद्रीय मंत्री से मिले सासंद और विधायक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**गोरखपुर।** सदर सांसद रविकिशन शुक्ल व सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल ने बुधवार को दिल्ली में सड़क एवं केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात किया। हाइवे पर बोक्टा से सहजनवा तक फ्लाईओवर बनाने के लिए पत्रक सौंपा।केंद्रीय मंत्री ने जल्द ही मांग पूरा करने का आश्वासन भी दिया। सीएम योगी के नेतृत्व सहजनवा विधान सभा विकास पर विकास कर रहा है।

गोरखपुर के सहजनवां में एनएच 27 गोरखपुर से लखनऊ को जाती है। दोनों तरफ पूर्वांचल का सबसे बड़ा औद्योगिक केंद्र गीडा बसा हुआ है। हाइवे के दोनों तरफ कई डिग्री कालेज, महिला डिग्री कालेज, सहजनवां बाजार, ट्रांसपोर्ट नगर , अनेक बड़े होटल, मिनी स्टेडियम और अटल आवासीय विद्यालय आदि स्थित है। जिसके कारण हमेशा लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।काफी दिनों से जीरो प्वाइंट से सहजनवा तक सभी कट बन्द होने से स्थानीय व बाहरी लोगों व शिक्षक एवं विद्यार्थीयों को आठ दस किलोमीटर घूमकर लेन बदलना पडता है।

## सफलता के लिए जीवन में स्वस्थ स्पर्धा जरूरी : प्रो. सीओ सैमुएल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** सेंट एंड्रयूज कॉलेज में समाजशास्त्र परिषद द्वारा बुधवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत व्याख्यान के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्राचार्य प्रो. सीओ सैमुएल ने कहा कि कॉलेज के लिए यह गौरव का विषय है कि महाविद्यालय अपने स्थापना के 125वां वर्ष मना रहा है। उन्होंने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होने एवं बेहतर अकादमिक निष्पत्ति में रुचि रखकर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। कहा कि बच्चों में ऐसे आयोजनों से उनके अंदर एक अलग तरह का विकास होता है, जिससे वह आगे भी कुछ नया करने को सोचते हैं। वार्षिक समारोह के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता में श्वेता पांडेय व ऋषभ सिंह प्रथम, विशाखा गौतमी द्वितीय व वैभवी पाण्डेय तृतीय, परिभाषा लेखन में मो. कैफ रियाजप प्रथम, सविता कुमारी द्वितीय, मुकेश गुप्ता तृतीय रहे। ऑनलाइन क्विज में विजय कुशवाहा प्रथम, बुशरा इरम द्वितीय, स्वाति गुप्ता तृतीय रहे। इनके अलावा कायनात, यशी, अनामिका, चांदनी, कामना, शिंजा, अतुल आदि को भी प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। डॉ नीतू श्रीवास्तव ने आभार ज्ञापन दिया। इस अवसर पर प्रो. शीबा हिमानी शर्मा, प्रो सीमा शेखर, प्रो. एसडी शर्मा, डॉ इमराना, डॉ ज्ञान प्रभा एवं डॉ ब्रजभूषण लाल आदि मौजूद रहे।

## विकास कार्यों के निए मंत्री से मिले विधायक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बडहलगंज।** चिल्लूपार क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के स्वीकृति के लिए विधायक राजेश त्रिपाठी ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर योजनाओं के लिए धन की मांग की। चिल्लूपार के विधायक प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मिले। इस मौक पर उन्होंने पत्र के जरिए विधानसभा क्षेत्र चिल्लूपार के बड़हलगंज, गोला व उरुआ नगर पंचायत में मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों के तहत जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था, बड़हलगंज दलित बस्ती में जल भराव की समस्या से अवगत कराते हुए पशु शवदाह के लिए गैस या बिजली पर आधारित सयंत्र का मांग किया। वहीं तीनों नगर पंचायत में मल्टीस्टोरी पार्किंग तथा पटरी व्यापारीयों के लिए वेंडर जोन



बनाने का मांग करते हुए कल्याण मंडपम ( बारात घर) और क्षेत्र के निराश्रित बुजुर्गों के लिए आश्रय स्थल के निर्माण कराने के प्रस्ताव को रखते हुए विस्तारित वार्डों के लिए सफाई की सुबिधा और नाली निर्माण के लिए अतिरिक्त धन का मांग किया। इसके अलावा उरुआ बाजार में चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी व सभासदगढ़ के अनावश्यक आपसी तनाव के चलते शासन से विकास कार्यों के लिए भेजे गए डंप पड़े 25 करोड रुपए का सदुपयोग कैसे हो तथा नगर पंचायत गोल व बड़हलगंज में सरयू नदी पर प्रस्तावित घाटों के निर्माण के लिए पर्याप्त धन तथा नालों का पानी एसटीपी लगाकर साफ किया जाए और पानी सरयू नदी में जाए ऐसी व्यवस्था काफी मांग किया। विधायक राजेश त्रिपाठी के मुताबिक मंत्री की ओर से प्रमुख सचिव नगर विकास को पत्र भेजकर कार्रवाई करने निर्देश दिया गया है। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों का निर्माण जल्द ही विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत बड़हलगंज, गोला व उरुआ में लाभकारी इन सुविधाओं के मुहैया होने से नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

## सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**पिपराइच।** वार्ड नंबर एक सोनबरसा रोड निवासी देवेंद्र कुमार सिंह का 33 वर्षीय बड़ा बेटा गौरव कुमार की बीती रात सड़क दुघर्टना में मौत हो गई।

जानकारी अनुसार गौरव कुमार इंटर भौतिक विज्ञान के प्रयोगात्मक परीक्षा के परीक्षक थे । बीती रात एवार्ड ब्लैक तैयार किया । इसी दौरान किसी के फोन पर बाईक से सहजनवां की तरफ जा रहे थे। गीडा के निकट किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए। घायलावस्था में ही घर पर तथा मित्रों को फोन किया। घायलावस्था में मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान ही मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिवार व परिजनों में मातम छा गया। पुलिस शव कब्जे में लेकर कर पीएम हेतु भेज दिया है।दो भाईयों ने बड़े थे ।तथा अविवाहित भी थे।

## एसएसपी के आदेश के बाद भी गोला थाने में दरोगा जी ने मनायी होली

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** थाने में तैनात एक दारोगा जी को तकरीबन 10 दिन पहले एसएसपी साहब ने शिकायतों के बाद लाईन हाजिर कर दिया। लेकिन गोला थाने के मोहपास में फंसे दारोगा जी अभी भी थाना छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं। चर्चा तो यह भी है कि दारोगा जी अभी भी पहले की तरह ही थाने के विभिन्न कार्यों को बखूबी कर रहे हैं।

थाने पर तैनात एस आई फुलिंदर यादव को बीते 9 मार्च को जिला पुलिस मुखिया डॉ गौरव ग्रोवर के द्वारा शिकायतों के बाद लाईन हाजिर कर दिया गया। पुलिस लाइन भेजते हुए प्रभारी निरीक्षक गोला को आदेशित किया कि आदेश से अवगत होकर तत्काल रवाना करना सुनिश्चित करे। लेकिन कप्तान के आदेश के 12 दिन बीत जाने के बाद भी उक्त चर्चित

### एसएसपी ने नौ मार्च को एसआई फुलिंदर यादव को किया था लाइन हाजिर

एसआई को थाना प्रभारी द्वारा पुलिस लाइन के लिए रवाना नहीं किया गया। इस विषय पर क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है। आखिर कप्तान के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं गोला कोतवाल द्वारा किया जा रहा है यह एक यक्ष प्रश्न खड़ा है। आखिर वह कौन सी जरूरत है जिसके आगे थाना प्रभारी मजबूर हैं। इस मुद्दे पर क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि कप्तान का आदेश सर्वोपरि होता है। जब आदेश पुलिस लाइन के लिए जारी हो गया है तो प्रभारी निरीक्षक को आदेश का अनुपालन करते हुए एसआई फुलिंदर यादव को पुलिस लाइन के लिए रवाना कर देना चाहिए।

## छपरा कचहरी-थावे में सब-वे निर्माण के कारण कई गाड़ियों का हुआ पुनर्निर्धारण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के छपरा कचहरी-थावे खण्ड पर सीमित ऊंचाइ के सब-वे निर्माण हेतु यातायात एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, पुनर्निर्धारण एवं शार्ट ओरिजिनेशन निम्नवत किया जायेगा।

**निरस्तीकरण-** थावे से 24 एवं 29 मार्च को चलने वाली 55109 थावे-छपरा कचहरी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

**पुनर्निर्धारण-** छपरा कचहरी से 24 एवं 29 मार्च को चलने वाली 55104 छपरा कचहरी-थावे सवारी गाड़ी, छपरा कचहरी से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

छपरा से 24 मार्च को चलने वाली 05193 छपरा-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) विशेष गाड़ी, छपरा से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

**शार्ट ओरिजिनेशन-** छपरा कचहरी से 24 एवं 29 मार्च को चलने वाली 55101 छपरा कचहरी-मऊ सवारी गाड़ी छपरा कचहरी के स्थान पर सीवान से चलाई जायेगी। यह गाड़ी छपरा कचहरी से सीवान के मध्य निरस्त रहेगी।

### कई गाड़ियों को मिला अतिरिक्त ठहराव



**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा चैत्र अमावस्या मेला-2025 के अवसर पर मेला यात्रियों की सुविधा हेतु उत्तर रेलवे के लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 28 एवं 29 मार्च को निम्नलिखित गाड़ियों का दो मिनट का ठहराव प्रदान किया जायेगा । 15011 लखनऊ जं-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस 28 एवं 29 मार्च को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 06.09 बजे पहुंचकर 06.11 बजे छूटेगी। 22453 लखनऊ जं-मेरठ सिटी एक्सप्रेस 28 एवं 29 मार्च को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 20.19 बजे पहुंचकर 20.21 बजे छूटेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जं0 एक्सप्रेस 28 एवं 29 मार्च को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 09.10 बजे पहुंचकर 09.12 बजे छूटेगी। 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 28 एवं 29 मार्च को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 10.29 बजे पहुंचकर 10.31 बजे छूटेगी। 15128 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस 28 एवं 29 मार्च,2025 को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 14.40 बजे पहुंचकर 14.42 बजे छूटेगी।

### गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस में लगाए गए अतिरक्ति कोच

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 15080/15079 गोरखपुर-पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर एवं पाटलिपुत्र से 22 मार्च से तथा 15107/15108 बनारस-लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस बनारस एवं लखनऊ से 23 मार्च से कन्वेंशनल रेक के स्थान पर आधुनिक एल.एच.बी. रेक निम्नवत लगाया जायेगा। फ्लस्वरूप 15080/15079 गोरखपुर-पाटलिपुत्र-गोरखपुर अनारक्षित एक्सप्रेस में 7 आरक्षित कोच तथा 15107/15108 बनारस-लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस में साधारण द्वितीय श्रेणी का 1 कोच बढ़ाया जायेगा। संशोधित रेक संरचना के अनुसार 22 मार्च से 15080/15079 गोरखपुर-पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 07 तथा आरक्षित कुर्सीयान के 10 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे। इसी प्रकार संशोधित रेक संरचना के अनुसार 23 मार्च से 15107/15108 बनारस-लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस में जनरेटर सह लगेज यान का 1, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 05, द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के 08 तथा वातानुकूलित कुर्सीयान के 01 कोच सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।

## अच्छे स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बड़हलगंज, में संचालित एनएसएस की द्रोण इकाई के सप्तदिवसीय शिविर के तीसरे दिन जेनेटिक्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलन, एनएसएस के गीत,राष्ट्रगान, योग, प्राणायाम के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विपिन चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी अमूल्य संपत्ति और निधि है। उन्होंने विस्तार से खान-पान की आदतों और उससे उत्पन्न होने वाले रोगों पर प्रकाश डाला। आचार्य कान्हू चरण पांडा ने जलवायु परिवर्तन के कारणों और उसके भयावह परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभी सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढियों का जीवन संकट में पड़ जाएगा। इस अवसर पर आनन्द शर्मा, आयुष सिंह,श्वेतप्रकाश, रमन मिश्र आदि मौजूद रहे।

## गन्ने की अधिक बुआई व सहफसली से होगी दोहरी कमाई : जीएम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पिपराइच।** किसान गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला गन्ना अधिकारी जगदीश चन्द्र यादव नें कहा कि मुख्यमंत्री जी नें क्षेत्रीय किसानों के हित में पिपराइच में आधुनिक चीनी मिल बनवाया।

फिल्ड कर्मचारियों को पूरे क्षमता के साथ काम करना होगा। लक्ष्य के सापेक्ष बुआई न होने पर सबकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह बातें उन्होंने पिपराइच समिति क्षेत्र के ग्राम मंसूर गंज में आयोजित किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा। तथा किसानों से अपनी किया कि गन्ने की अधिक से अधिक बुआई कर अन्य फसलों से अधिक लाभ कमाएं। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक नवदीप कुमार शुक्ला ने कहा चीनी मिल किसानों को गन्ने को नकदी फसल बना दिया है । 15 दिन के भीतर गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। गन्ना बुआई को बढ़ावा देने के लिए चीनी मिल अनेक सुविधाएं मुहैया करा रही हैं। मुख्य गन्ना प्रवंधक जगत राज ने कहा गन्ना बुआई के साथ ही पेड़ी प्रबंधन जरूरी है। गन्ना प्रबंधक मनोज तिवारी ने भूमि शोधन, गन्ने की नई प्रजातियों, रोग नियंत्रण आदि की विस्तार से जानकारी दी।तथा एससीडीआई सुनील कुमार यादव ने किसानों को गन्ने के साथ भिंडी आदि के सहफसली खेती की विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान किसानों धान गेहूं से गन्ने कम आमदनी आदि का मुद्दा उठाते हुए गन्ना मूल्य बढ़ाने , खेतों में जल भराव से निजात दिलाने , पूर्व की भांति बांड पर खाद बीज उपलब्ध कराने की मांग की। इस अवसर पर गन्ना पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र कुमार, हरिशंकर तिवारी, किसान उदित सिंह, बेचन, बैजनाथ, भागीदारी,लल्लन तिवारी,पवन आदि मौजूद रहे।

### पेराई सत्र का समस्त गन्ना मूल्य का हुआ भुगतान

**पिपराइच।** चीनी मिल पिपराइच के नवदीप शुक्ला ने बुधवार 435.22 लाख रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया। गन्ना मूल्य भुगतान की जानकारी देते हुए चीनी मिल के प्रधान प्रबन्धक नवदीप शुक्ला ने बताया कि विगत छः मार्च से दस मार्च तक 2496 किसानों ने गन्ने की आपूर्ति की थी। जिसके सापेक्ष 435.22 लाख रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है। इस तरह पेराई सत्र 2024-25 के सीजन में 100 दिन के पेराई में कुल 30655 किसानों ने 40.54 लाख गन्ने की आपूर्ति की थी। जिसका कुल गन्ना मूल्य रु 14769.11 लाख रुपए का सम्पूर्ण भुगतान कर दिया गया है। सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान की सूचना मिलने पर गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन सत्येन्द्र कुमार सिंह, राम परसन सिंह, मंगरू उपाध्याय, प्रगतिशील किसान व प्रधान संघ के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह आदि गन्ना मूल्य भुगतान की नई किर्तिमान स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री व चीनी मिल के प्रधान प्रवन्धक नवदीप शुक्ला को बधाई दी है।

## स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**उनवल।** प्राथमिक विद्यालय उनवल प्रथम के बच्चे व शिक्षकों ने सर्वशिक्षा अभियान के तहत रैली निकाल अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालय भेजने को कहा।

प्रधानाध्यापक बजरंगी सिंह से स्कूल और बच्चों के विषय में पूछा गया तो उन्होंने ने बताया की अब हमारे यहां भी शैक्षणिक व्यवस्था काफी बेहतर हो चुकी है सरकार लगातार विद्यालयों को बेहतर बनाने में प्रयासरत है। उन्होंने बताया की वार्ड संख्या चार के अजय त्रिपाठी व विशाल शर्मा के सहयोग से लगभग 100 बच्चों के बैठने के लिए डेस्क व बेंच दिया गया है। आरडीसी रेडिमीक्स इण्डिया जो की एक आरएमसी प्लांट है,दोनों को धन्यवाद देते हुवे उनका आभार व्यक्त करता हूं। इस दौरान विवेक सिंह, मृत्युंजय, त्रिभुवन, धर्मदेव भारती, प्रेम शिला, रोमा के साथ सैकड़ो की संख्या में छात्र व छात्राए उपस्थित रहें।

## आईटीएम में परम्परा-2025 का हुआ आगाज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सहजनवा।** आईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गीडा, गोरखपुर में रजत जयंती वर्ष पर आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव परंपरा-2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, डॉ. आरडी पांडेय, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल एवं निदेशक डॉ. एनके सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।



निदेशक डॉ. एनके सिंह ने मुख्य अतिथि एवं प्रबंधन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व को निखारने का अवसर मिलता है। सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध कॉमेडियन वीआईपी ने अपने हास्य प्रदर्शन से उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर संस्थान के फार्मेसी निदेशक डॉ. पीडी पांडा, प्रो. नरेंद्र सिंह, श्रीकृष्णा एकेडमी की प्रधानाचार्या डॉ हेमलता तिवारी,डॉ. आरपी सिंह, निधि गुप्ता, डॉ. एआर त्रिपाठी, डॉ. आरएल श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार मिश्र, विनीत राय, डॉ. आशुतोष राव, कुलसचिव डॉ. एस. के. पांडेय, उपकुलसचिव के. एन. प्रसाद,अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया एवं कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया ,दीप्ति ओझा, डॉ. आशुतोष गुप्ता, शालिनी सिंह, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. संत प्रसाद, डॉ. निवेदिता लाल, डॉ. आशुतोष पांडेय, डॉ खालिद हसन, आशीष सिंह, सुजाता दास, प्रदीप कुमार चौधरी, सोमनाथ सिंह, एके सिन्हा, गरिमा मिश्रा, सीमा रानी, संतोष शर्मा उपस्थित रहे।

## श्रद्धा का संगम ही है शिव विवाह



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** उपनगर के वार्ड नम्बर दो में आयोजित संगीत मयी श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन भागवत कथा वाचक आचार्य ब्रह्मानंद उपस्थित भागवत प्रेमियों को कथा का रसपान करते हुए कहा कि श्रद्धा व विश्वास का मिलन ही शिव विवाह है।

कथा को आगे बढ़ाते हुए कथावाचक ने कहा कि जब तक हमे अपने इष्ट पर विश्वास नही होगा तब तक श्रद्धा फलदायनी नही हो सकती है। भोले बाबा ने काल का श्रृंगार कर धर्म रूपी बैल पर बैठ कर श्रद्धा की प्राप्ति के लिए जाते है। अर्थात मृत्यु एवं धर्म, श्रद्धा और विश्वास का बोध कराता है। मुख्य यजमान श्रीराम मद्धेशिया और उनकी धर्मपत्नी पूनम मद्धेशिया ने व्यासपीठ की आरती उतारी। इस अवसर पर शिवशंकर मद्धेशिया, धर्मेंद्र गुप्ता नवरत्न विपुल शेषनाथ श्याम सुंदर प्रेमनाथ राकेश राजेन्द्र जितेंद्र शम्भू आदि उपस्थित मौजूद रहे।

## स्मार्टफोन छात्रों के सशक्तिकरण का माध्यम : डॉ. विभास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** छात्रों के सशक्तिकरण में स्मार्टफोन की भूमिका अहम है। आज इंटरनेट ने भौगोलिक सीमा को समाप्त कर दिया है।

उक्त बातें अखिलभाग्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानापार में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत आयोजित स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए मुख्य अतिथि दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय के केंद्रीय ग्रंथालय के अध्यक्ष डॉ. विभास कुमार मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन का सही दिशा में उपयोग करें आप के कैरियर में बहुत उपयोगी होगा। स्वागत भाषण देते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुधीर कुमार राय ने कहा कि इंटरनेट के माध्यम से आप ज्ञान रुपी समुद्र में गोता लगा सकते है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सहायक



पुस्तकालय अध्यक्ष महायोगी गुरु श्री गोरक्षनाथ शोधपीठ डॉ. मनोज कुमार द्विवेदी, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह रहे व अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रागिनी राय ने किया। इस अवसर पर 114 छात्र छात्राओं में स्मार्टफोन वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यानंद सिंह ने किया। जिलाधिकारी प्रशासन गोरखपुर पुरुषोत्तम दास गुप्ता, ई डिस्टिक मैनेजर गोरखपुर नीरज श्रीवास्तव, गवर्नमेंट आईटीआई गोरखपुर प्रशांत श्रीवास्तव का कार्यक्रम में अहम योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. मनीष कुमार, डॉ.अशोक मिश्र, योगेन्द्र कुमार, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. अजय ओझा,डॉ.राजनाथ सिंह, डॉ . अनुपम सिंह, डॉ.शालिनी सिंह,डॉ.संतोष पासवान, सद्दाम हुसैन, अपूर्वा साहनी सहित शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार :238 लाख से नाला निर्माण में मानक दरकिनार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नगर निकायों के विकास के लिए भारी भरकम फंड मुहैया करवाया जा रहा है।संयुक्त सचिव कल्याण बनर्जी सचिवालय एसी चेंबर से फंड पर फंड जारी कर रहे हैं लेकिन यहां नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा भरपूर धांधली किया जा रहा है। कोई रोकने टोकने वाला दूर-दूर तक दिखाई नही दे रहा है।भला हो नगर निकाय प्रभारी का जो संज्ञान नही ले रहे है।नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज मे विभिन्न स्थानों पर सीवरेज जल निकासी प्रबंधन के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत धनराशि 2 करोड़ 38 लाख 33 हजार रुपए में प्रथम किस्त 60 लाख रुपए 14 मार्च 24 को निर्गत किया गया तथा द्वितीय अंतिम किस्त 1 करोड़ 78 लाख 33 हजार रुपए जुलाई 24 मे अवमुक्त कर दिया गया,इस विश्वास से की जनप्रतिनिधि व अधिशाषी अधिकारी और जेई बड़े बाबू ईमानदारी पूर्वक मानक अनुसार नगर में जल निकासी के लिए सीवरेज नाला निर्माण करवाएंगे।लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है।नाला निर्माण कार्य आरसीसी द्वारा किया जाना था किन्तु भ्रष्टाचारियों ने मानक दरकिनार करते हुए घटिया ईंट सामाग्री का इस्तेमाल करते हुए नाला निर्माण करवाया जा रहा है।नगर अध्यक्ष,अधिशाषी अधिकारी,जेई,लेखाकार ये वही चार है जो नगर विकास कार्य चौपट कर रहे है।अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार नगर पालिका परिषद बेल्हा के ईओ है जिनके पास नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज का अतिरिक्त प्रभार है जो कि बोझ अधिक होने के कारण लगता है वे भी चिड़िया बैठाने में राहत महशूस करते होंगे। ईओ राकेश कुमार से पूछा गया कि नाला निर्माण ब्रिक्स से किया जा रहा तब उन्होंने कहा स्टीमेट देखना पड़ेगा, अब इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ईओ कहते हैं कि स्टीमेट देखना पड़ेगा और नगर पंचायत का जेई तो बकूर ही फोड़ने से इनकार करते हुए सीधे नगर पंचायत कार्यालय मे जानकारी करने की मुफ्त सलाह देते हुए फोन काट दिया।बता दें कि नगर पंचायत में बनाए गए और बन रहे अधिकतम नाले ब्रिक्स ईंट से बनाया गया है जो कि मानक दरकिनार कर कार्य किया गया है।

# डीएम ने निर्वाचक नामावलियों के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने एनआईसी सभागार में जनपद के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचक नामावलियों एवं अन्य बिन्दुओं के सम्बन्ध में जानकारी दी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची को पारदर्शी व त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर सभी राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए जाए तथा उनकी सूची निर्वाचन कार्यालय अथवा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को उपलब्ध करा दी जाए।उन्होंने कहा मतदाता सूची का भली भांति अध्ययन कर ले,मतदाता सूची में जो नाम शामिल न हो तो पुनरीक्षण-2025 में फार्म-6 भराकर नाम शामिल करा सकते है।यदि मतदाता के नाम,पता,आयु में कोई संशोधन हो तो फार्म-8 में आवेदन किया जा सकता है।इसके अतिरिक्त बीएलए यह भी चिन्हित करें कि कोई मृतक,डुप्लीकेट एवं सिफ्टेड मतदाता है तो फार्म-7 में मतदाता सूची से नाम अपमार्जित करने हेतु आवेदन कर सकते है।बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के दिए सुझाव पर जिलाधिकारी ने कहा कि सुझाव दिये गये है उस पर निर्वाचन की गाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली में कुल मतदाताओं की संख्या 2508049 है जिसमें से 1331386 पुरूष, 1176506 महिला एवं 157 थर्ड जेण्डर है।जनपद में कुल मतदेय स्थलों की संख्या 2626 है तथा मतदान केन्द्र की संख्या 1674 है।जनपद के समस्त मतेदयस्थलों पर कुल बीएलओ की संख्या 2626 एवं बीएलओ के कार्य के पर्यवेक्षण हेतु कुल सुपरवाइजर 264 है।

# क्षेत्र के विकास में आड़े नहीं आएगी धन की कमी :डॉ कैलाश नाथ




**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लॉक के शहीद मेजर मनोज पांडेय सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक मे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव डॉ कैलाश नाथ ओझा ने सभी ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में धन की कमी नहीं होने पाएगी राजा भैया गोपाल भैया एवं विनोद सरोज मिलकर बाबागंज एवं कुंडा के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते है और क्षेत्र की नाली से लेकर सड़क तक की पंचायत यहां का हर जनप्रतिनिधि एवं राजा भैया के परिवार का सदस्य करता है जिससे क्षेत्र का चौमुखी विकास हो रहा है।खंड विकास अधिकारी राजेंद्र नाथ पांडे ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।बैठक मे जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी कुलदीप पटेल, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पांडेय,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव प्रधान संघ अध्यक्ष ओमानंद द्विवेदी,सुनील द्विवेदी पप्पू,विनोद कुमार यादव,राम आसरे पांडे बाबागंज प्रमुख मालती सरोज,रामजस सरोज,लल्लन पटेल,आनंद देव पांडे रोहित सिंह,शशांक शुक्ला,प्रधान सुनील कुमार यादव,रामू तिवारी,दशरथ पटेल,बबलू पांडेय समेत समस्त ब्लॉक अधिकारी कर्मचारी ग्राम प्रधान बीडीसी आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### पुलिस ने तीन गैंगस्टर को भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** मान्धाता थाना के आरक्षी अंकित कुमार सुनील यादव विनोद कुमार के सतर्क दृष्टि से गैंगस्टर आरोपी अमित सिंह पुत्र उदय बहादुर सिंह निवासी हिंदूपुर हैंसी परजी, राजकमल पटेल पुत्र रामपाल निवासी ग्राम बुआपुर,रजत मिश्रा पुत्र सुधीर मिश्रा निवासी ग्राम रामपुर मुस्तार्का कोतवाली देहात को भिन्न भिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### महिला को लाठी से पीटने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना के कुटिलिया सांड देई मे बीते दिनों एक महिला को लाठी से बेरहमी से पीटने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया था,जिस सम्बंध मे वादिनी की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। महिला को लाठी से पीटने वाला युवक साबिर अली उर्फ रजाई पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम कुटिलिया साड़ देई भाई है।बहन द्वारा पड़ोस के धर्मेन्द्र सरोज से राजी खुशी से शादी करने से परिवार नाखुश रहता था।एसआई बंशीधर राय ने आरोपी साबिर अली उर्फ रजाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है,बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बिहार क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** बिहार विकास खण्ड के सभागार मे बुधवार को ब्लॉक प्रमुख सुशीला रामचंद्र सरोज एवं खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मद इरफान वेग की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक प्रदेश अध्यक्ष एवं बाबागंज विधायक विनोद सरोज उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय महासचिव डॉ कैलाश नाथ ओझा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। क्षेत्र पंचायत बैठक में विकास खण्ड क्षेत्र के विकास को लेकर कसीदे पढ़े गए और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कराए जाने वाले कार्यों का ब्यौरा मांगा गया।बीडीओ वेग ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला और पीएम सीएम आवास योजना का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत विमलेश मिश्रा,एडीओ आईएसबी सुरेन्द्र नाथ,सीएचसी बाघराय अधीक्षक डॉ नौशाद हुसैन,प्रधान संघ जिलाध्यक्ष नवीन सिंह पिंटू,लालमणि मिश्रा,ऊदल मिश्रा नीलमणि सिंह रामशिरोमणि यादव राम प्रताप यादव समेत समस्त ग्राम प्रधान बीडीसी आदि उपस्थित रहे।

### हत्या के दो वांछित गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** थाना रानीगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम रामगढ़ बभनमई में टीन शेड व रास्ते के विवाद को लेकर आरोपियों द्वारा वादी के पिता को मारपीट कर घायल कर देने से घायल की मृत्यु हो गई।जिसके सम्बन्ध में वादी की ओर से थाना हाजा पर नामजद तीन अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।प्रभारी निरीक्षक आदित्य कुमार सिंह मय हमराह द्वारा थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित दो आरोपी विनीत कुमार ओझा उर्फ राजकुमार पुत्र स्व रवीन्द्र नाथ ओझा निवासी ग्राम रामगढ़ बभनमई व रिचा ओझा पत्नी बृजेश ओझा निवासी ग्राम बभनमई को भागीपुर देवासा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### मखाना एवं सिंघाड़ा के प्रशिक्षण कृषकों को किया रवाना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापग?।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत मखाना एवं सिंघा?ा के उत्पादन सम्बन्धी तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 31कृषकों की टीम को 19 से 21 मार्च तक प्रसार निदेशालय सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय नैनी प्रयागराज भेजा गया।तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कृषकों को मखाना एवं सिंघा?ा के उत्पादन के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जायेगी।इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### कटरा गुलाब सिंह के बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह विकास खंड मान्धाता के बच्चों ने 35 वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके चैंपियन बनने के पश्चात क्षेत्रीय खेल कार्यालय प्रयागराज द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जनपद प्रतापगढ़ के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जगह बनाई।यह बच्चे 22 से 24 मार्च को आगरा में प्रतिभाग करेंगे।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रभाकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता ने बच्चों को मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया।खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का परम उद्देश्य होता है।जिसमें इस विद्यालय के बच्चे पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद में भी प्रदेश में नाम रोशन कर रहे है।बच्चों ने विकास खंड मान्धाता के साथ जनपद का नाम रोशन किया है।मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के बच्चों को वहां के शिक्षकों के द्वारा इस उद्देश्य की प्राप्ति में विशेष योगदान है।प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद फरहीम और शिक्षक पितामह यादव को विशेष बधाई के साथ सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता ने विद्यालय और बच्चों को हर संभव सुविधाएं प्रदान करने की बात कही।

### चोरी की योजना बनाते हुए दो चोर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** रुपईडीहा पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान चोरी की योजना बनाते हुए दो अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रूपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि रात्रि गस्त के दौरान चोरी की योजना बनाते हुए धर्मराज चमार पुत्र चंद्रभान चमार उम्र 30 वर्ष निवासी पिपरहवा गाविसा वार्ड नं0 15 थानाजमनुहा जिला बांके राष्ट नेपाल तथा मो0 अनीश पुत्र बाठे उर्फ मुमताज उम्र करीब 40 वर्ष निवासी मधबुन थाना रुपईडीहा को एक अदद पेचकस एक अदद लोहे का राड व एक अदद चाभी का गुच्छा एक अदद लाइटर एक अदद माचिस के साथगिरफ्तारकिया।

# महिला जनसुनवाई दिवस आयोजित



**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग बहराइच के निरीक्षण भवन में आयोजित महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति ने महिला उत्पी?न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की। महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति द्वारा थाना विशेश्वरगंज अन्तर्गत श्रीमती निशा देवी पुत्री अजय कुमार, श्रीमती सुमन देवी पत्नी रामनाथ, थाना फखरपुर अन्तर्गत श्रीमती अन्जुम बानो पत्नी सफीजुद्दीन, श्रीमती सायमा बेगम पत्नी अल्ताफ, मोहल्ला नाि?रपुरा नि. श्रीमती रूखसाना पत्नी स्व. मोहम्मद अली, श्रीमती तमन्ना पत्नी मोहम्मद कलाम, थाना कैसरगंज अन्तर्गत श्रीमती सराज कुमार पत्नी भोलानाथ, थाना हु?रपुर अन्तर्गत श्रीमती द्रोपदी देवी पत्नी स्व. दौलत राम, श्रीमती विमला देवी पत्नी सुनील कुमार, श्रीमती रजनी पत्नी बालकराम तथा थाना सुजौली अन्तर्गत कान्ती पत्नी सनीदेवल से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रजापति ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी थानों पर महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई प्राथमिकता पर की जाय ताकि उन्हें त्वरित गति से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर महिलाओं के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और महिला उत्पी?न से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती मंजू यादव, प्रभारी एन्टी रोमियो उ.नि. आरती वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत श्रावस्ती, । सू0वि0।** बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चल रहा कार्यक्रम ''हमारा आंगन हमारे बच्चे'' उत्सव का जिला स्तर पर आयोजित किया गया। इसी उद्देश्य से हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में आयोजित किया गया है। जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होने जिले के प्री-प्राइमरी स्तर के विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों और आंगनबा?ी प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कियाइस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्री-प्राइमरी स्तर पर शिक्षा के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए 'हमारा-आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। पहले चरण में ब्लॉक स्तर विद्यार्थियों, शिक्षकों और आंगनबा?ी प्रभारियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गये। निपुण मिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रत्येक ब्लॉक से दो बालकों, एक शिक्षक का चयन किया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक ब्लॉक से एक आंगनबा?ी प्रभारी का चयन किया गया। जिले के प्रत्येक ब्लॉक से चयनित हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि एक भी बच्चा प?ाई से वंचित न रह जाए। इसी तर्ज पर प्री-प्राइमरी पर समुदाय जागरूकता के लिए 'हमारा-आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम की शुरुआत की है। तीन से छह वर्ष के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जो?ना है। इसके लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आंगनबा?ी कार्यकत्री, शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार इस दिशा में सार्थक पहल करना होगा। सरकार का उद्देश्य आंगनबा?ी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबा?ी कार्यकत्री व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। हमारा यह दायित्व है कि शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। आंगनबा?ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अर्तगत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके साथ ही सभी को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा के बारे में अभिभावक की भूमिका से जागरूक करना होगा।

# पुलिस व एसएसबी ने सीमा पर संयुक्त गस्त कर कराया सुरक्षा का एहसास

**स्वतंत्र भारत रुपईडीहा बहराइच।** भारत नेपाल सीमा स्थित थाना रुपईडीहा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के उद्देश्य से रूपईडीहा पुलिस तथा एसएसबी ने सीमा पर संयुक्त गस्त कर सीमा क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह ने बताया कि सीमा पर गश्त करने का उद्देश्य न केवल सीमा पार से होने वाली अवैध गतिविधियों को रोकना है बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि यहां की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत और सुदृढ़ बनी रहे। हम लगातार एसएसबी के साथ मिलकर सीमा क्षेत्र की सुरक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए गश्त कर रहे हैं। हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं ताकि यहां किसी भी तरह की अवैध गतिविधि न हो और लोगों को सुरक्षित माहौल मिले। गश्त के दौरान एसएसबी और पुलिस बल ने सीमावर्ती इलाकों में गहरी नजर रखते हुए संदिग्ध गतिविधियों की जांच की और सीमावर्ती बाजार में भी सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने के प्रयास किए। यह गश्त न केवल सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय लोगों में सुरक्षा के प्रति विश्वास को भी बढ़ावा देती है।

# पति-पत्नी ने आपसी विवाद में सरयू नहर में कूद कर दी जान

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़गांवा में पारिवारिक विवाद के चलते एक दंपति ने सरयू नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार रात करीब 11 बजे अरविंद कुमार (लगभग 35) पुत्र रघुराज का अपनी पत्नी लक्ष्मी (लगभग 32) से विवाद हो गया। विवाद लगभग आधे घंटे तक चलता रहा, जिस दौरान परिवार के सदस्यों ने सुलह कराने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। रात लगभग 11=30 बजे विवाद बढ़ने पर अरविंद ने सरयू नहर में कूदने की धमकी दी, जिस पर लक्ष्मी ने भी जान देने की बात कही। इसके बाद दोनों नहर के किनारे पहुंचे और छलांग लगा दी। यह देखकर परिवार में कोहराम मच गया। अरविंद के पिता रघुराज ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। रातभर की तलाश के बावजूद दंपति का कोई पता नहीं चला, लेकिन बुधवार सुबह पुलिस ने दोनों के शव सरयू नहर से बरामद किए। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि विधिक कार्यवाही की जा रही है, आपसी कलह का मामला हैं। सात साल पहले अरविंद और लक्ष्मी का विवाह हुआ था। उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक पांच साल का और दूसरा महज सात माह का है। माता-पिता की असमय मृत्यु से दोनों बच्चों का भविष्य अनिश्चित हो गया है। विवाद के बाद अरविंद और लक्ष्मी घर से निकलकर नहर पुलिया पर पहुंचे। जब पिता रघुराज अपने बेटे-बहू को ढूंढते हुए वहां हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे मिहीपुरवा तहसील भवन का लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** मिहींपुरवा बहराइच जनपद की तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के नवनिर्मित तहसील भवन का लोकार्पण 20 मार्च को तहसील मुख्यालय मिहींपुरवा (मोतीपुर) में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जायेगा। जिसको लेकर प्रशासन की तरफ से तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।


**उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0**
**ई0-निविदा सूचना सं0-15/ ई0सीसीडी-I/2024-25**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न विवरणानुसार अंकित कार्य के सम्पादन हेतु अल्पकालीन ई0-निविदा सूचना संख्या-15/ ईसीसीडी-I/ 2024-25 के द्वारा आमंत्रित निम्नलिखित निविदाओं के सम्बन्ध में ई0-निविदायें दिनांक 25.03.2025 को सायं 05.00 बजे तक डाली/अपलोड की जा सकती हैं। प्राप्त निविदाओं का तकनीकी भाग (भाग-प्रथम) दिनांक 26.03.2025 को सायं 03.30 बजे से खोला जायेगा। निविदाओं में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन/शुद्धि-पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तें ई-टेण्डर पोर्टल/वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.सं.- 1, निविदा विशिष्ट संख्या-47/2024-25, कार्य का नाम-लखनऊ स्थित प्राग नारायन रोड कर्मचारी विद्युत कालोनी के 01 अदद पार्क का सौन्दर्यीकरण कर कीडा स्थल बनवाये जाने का कार्य। धरोहर धनराशि रु0- रु0 6500.00, निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित रु0- रु0 590.00

क्र.सं.- 2, निविदा विशिष्ट संख्या-48/2024-25, कार्य का नाम-लखनऊ स्थित विवेकानन्दपुरी अधिकारी विद्युत कालोनी में निर्मित पार्क की देख-रेख एवं बागवानी सम्बन्धी अनुरक्षण कार्य। धरोहर धनराशि रु0- रु0 5000.00, निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित रु0- रु0 590.00

**अधिशासी अभियन्ता विद्युत जानपद निर्माण खण्ड प्रथम, प्रथम तल, 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, अलीगंज, लखनऊ**
**संख्याः 599/ई0सी0सी0डी0 I/टी-5, दिनांकः 18.03.2025**
**''राष्ट्र हित में बिजली बचाए''**



**मध्याँचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,**
**(निविदा आमंत्रण सूचना)**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालीन ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है :-

क्र.सं.-1, निविदा संख्या- अल्पकालीन ई-निविदा सं0-21/वि0न0नि0मं0-एकादश/ (जा.क्षे.)/2024-25, कार्य का नाम- जमा योजना मद में ग्वारी रेलवे क्रासिंग नियर जनेश्वर मिश्र पार्क, लखनऊ पर 33 के0वी0 लाईन की शिफ्टिंग एवं तत्सम्बंधी कार्य सेमी टर्नकी के आधार पर।, कार्यावधि-30 दिन, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) (जी. एस.टी. सहित)-1180/- (एक हजार एक सौ अस्सी रूपये मात्र), धरोहर धनराशि (रु.) - 6,000.00 (छः हजार रूपये मात्र), निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय-02.04.2025 को अपरान्ह 05:00 बजे तक, निविदा खोले जाने का तिथि- 03.04.2025 को सायं 4:00 बजे।

निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं धरोहर धनराशि जो **''अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय निर्माण खण्ड-प्रथम लेसा लखनऊ''** के बैंक खाता सं0- 00500200001389 IFSC Code No. BARB0HAZARA (Fifth Character in Code is Numeric "0" i.e. Zero), Bank of Baroda, Hazratganj, Lucknow में RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी एवं निविदा का विवरण एवं Pre-Qualification Requirements ई-टेन्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in साइट पर देखा जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये निविदा को निरस्त करने/संशोधन करने/एक से अधिक फर्मो के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय निर्माण मण्डल (एकादश) 33/11 विद्युत उपकेन्द्र आई.टी. आई. अलीगंज, जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ,** ई-मेल- seeucc11@gmail.com, **पत्रांकः 194/वि.न.नि.मं.(एकादश)/जा.क्षे. /निविदा/2024-25, दिनांकः 18.03.2025**

**''राष्ट्र हित में बिजली बचायें एवं एल0ई0डी0 का प्रयोग करें''**
**टोल फ्री नं0- 1800-1800-440**


# 59वीं वाहिनी एस एसबी के द्वारा निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के कमांडेंट कैलाश चंद्र रमोला के निर्देशन में तथा डॉ. जय प्रकाश पशु चिकित्सा अधिकारी मिहिपुरवा के सहयोग से, 59 वाहिनी के कार्यक्षेत्र में स्थित गाँव भगड़िया में एक विशेष निःशुल्क पशुचिकित्सा शिविर (वीसीए) का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों के पशुपालकों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। इस शिविर में न केवल पशुओं का उपचार किया गया, बल्कि पशुपालकों को स्वास्थ्य, पोषण और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी भी दी गई ।शिविर में डॉ. जय प्रकाश, पशुचिकित्सा अधिकारी, मिहिपुरवा के नेतृत्व में और 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अनुभवी पशु चिकित्सकों की टीम ने भाग लिया । इस कार्यक्रम पर कुल 70 ग्रामीणों के 319 पशुओं का इलाज किया गया । पशुओं को प्राथमिक उपचार के साथ-साथ टीकाकरण, परजीवी नाशक दवाओं का वितरण और पोषण संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया ।59 वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल, नानपारा, अपने समर्पण और जिम्मेदारी का पालन करते हुए, भविष्य में भी इस तरह के चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता रहेगा।

# पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह 22 मार्च को

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल एम.सी. ध्यानी ने बताया कि 22 मार्च 2025 को जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, बहराइच में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन प्रस्तावित है। श्री ध्यानी ने बताया कि समारोह में स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मैडिकल कैम्प, ईसीएचएस योजना एवं स्पर्श से सम्बन्धित जानकारी, सीएसडी कैंटीन की सुविधा, स्वतः रोजगार एवं विभागीय कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ आर्थिक सहायता वितरण भी किया जायेगा। श्री ध्यानी ने भूतपूर्व सैनिक/दिवंगत सैनिक के आश्रितों को अधिक से अधिक संख्या में आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।


**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
**शुद्धि पत्र-2**

इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना संख्या-18(1)/अ0अ0(जा0)ई/श0 भ0 वि0/ल0/2024-25 के विरूद्ध आमंत्रित निविदा जो दिनांक 11.03.2025 को खोली जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 28.03.2025 अपरान्ह 12:00 बजे खोली जायेगी। अन्य नियम/शर्तें पूर्ववत रहेगी।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 9वां तल, शक्ति भवन विस्तार 14- अशोक मार्ग, लखनऊ**
**पत्रांक:503/अधि0अभि0(जा0)ई/टेण्डर दिनांक: 18.03.2025**
**''राष्ट्र हित में बिजली बचाए''**


# फतेहपुर छात्रावास ने अमेठी और भदोही ने देवरिया से जीता मैच

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में ओपन आमंत्रण सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता मे बुधवार का पहला मैच फतेहपुर छात्रावास और अमेठी के बीच खेला गया।टॉस जीतकर अमेठी ने फतेहपुर छात्रावास को पहले बल्लेबाजी के लिए निमंत्रित किया।राजवीर सिंह के 41 और सचिन यादव के 41 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 144 रन बनाए।अमेठी के लिए आशुतोष मिश्रा ने 3 और अनुराग ने 2 विकेट झटके।लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेठी के लिए निशांत तिवारी ने 34 और मोहम्मद फैज के 28 रनों की बदौलत टीम 20 ओवरों में 106 रन ही बना पाई।इस मुकाबले को फतेहपुर छात्रावास ने 38 रनों से जीत लिया।दिन का दूसरा मैच देवरिया और भदोही के बीच खेला गया।इस मुकाबले को भदोही ने 5 विकेट से जीत लिया।इस मैच के निर्णायक उत्कर्ष पाल और कृष्ण सरोज रहे।कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण खण्ड-2 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ**

पत्रांक : 796/ई-टेन्डर/2024-25 दिनांक : 18.03.2025

**निविदा शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक सं0-750/ई-टेण्डर/2024-25 दिनांक 07.03.2025 द्वारा कुल 29 कार्यो की ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी जो कि दिनांक 19.03.2025 से 25.03.2025 दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता हेतु उपलब्ध होनी थी एवं दिनांक 25.03.2025 को 12:30 बजे खोली जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से दिनांक 25.03.2025 से 29.03.2025 दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध होगी एवं दिनांक 29.03.2025 को 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित शेष शर्ते पूर्ववत् ही रहेंगी।

उ0प्र0 231363 दिनांक- 18.03.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

**अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड-2 (सिविल)**
**लो0नि0वि0 लखनऊ**

स्वतंत्र भारत

# प्रयागराज

लखनऊ, गुरुवार 20 मार्च 2025

कौशाम्बी

## त्रिदिवसीय योग प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन, (आई0ए0एस0ई0) प्रयागराज में प्राचार्य अनिल भूषण चतुर्वेदी के निर्देशन में प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों का त्रिदिवसीय योग प्रशिक्षण (19.03.2025 से 21.03.2025) के प्रथम दिवस 19.03.2025 को प्रशिक्षण का शुभारम्भ 10.30 पर योग गीत के माध्यम से किया गया। इसके बाद श्रीमती स्मिता जायसवाल द्वारा संस्थान का परिचय एवं योग का उद्देश्य बताया गया। श्री समीर पी0 ई0 एस0 प्रवक्ता द्वारा समस्त प्रतिभागियों का परिचय लिया गया। तत्पश्चात प्रथम सत्र 11.00 से 12.00 एवं 12.00 से 1.00 डॉ0 दिप्ति योगेश्वर योग प्रशिक्षिका एवं फिजियोथेरापिस्ट प्रयागराज ने योगासन एवं प्राणायाम एवं तनाव प्रबंधन में योग का महत्व विषय पर जानकारी प्रदान की।भोजनावकाश के पश्चात् पुनः 2.00 से 3.00 एवं 3.00 से 4.00 योग एवं योग का महत्व एवं अष्टांगिक योग एवं योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास श्रीमती रुचि गुप्ता पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रयागराज मण्डल प्रयागराज उ0 प्र0 योग एसोसिएशन द्वारा कराया गया।प्रशिक्षण में समन्वयक की भूमिका में मीनाक्षी पाल सहसमन्वयक स्मिता जायसवाल, अरुण कुमार पटेल मोनिश, पुष्कर पाडेय, सुशील कुमार सोनी, विमल द्विवेदी एवं श्री अनुज प्रताप सिंह ने महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया।



## आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव यात्रा पर्यटक ट्रेन- 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा का संचालन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कारपोरेशन लि0 (आईआरसीटीसी) भारत गौरव यात्रा पर्यटक ट्रेन - 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा का संचालन दिनांक 11/04/2025 से 22/04/2025 तक करने जा रहा है। जो 11 रात्रि एवं 12 दिन का पैकेज है। इसके अन्तर्गत उज्जैन स्थित महाकालेश्वर एवं ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात स्थित सोमनाथ एवं नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारकाधीश मंदिर, भेट द्वारका एवं सिगनेचर ब्रिज, नासिक स्थित त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी एवं कालाराम मंदिर, पुणे स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, औरंगाबाद स्थित घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिर के दर्शन हेतु यात्रा करायी जाएगी। इस ट्रेन में बैठने की सुविधा योगनगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरैली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई, झाँसी, ललितपुर से उपलब्ध है। इस यात्रा के कंम्फर्ट श्रेणी के पैकेज में डीलक्स होटलों के एसी कमरे (शेयरिंग/नान शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) में रात्रि का विश्राम/वाश एंड चेंज, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इस पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य रू0- 52200/- प्रति व्यक्ति है। इस यात्रा के स्टैंडर्ड श्रेणी के पैकेज में बजट होटलों के एसी कमरे (शेयरिंग/नान शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) में रात्रि का विश्राम, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, नान एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। वाश एंड चेंज की व्यवस्था नान एसी बजट होटलों में होगी। इस पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य रू0- 39550/- प्रति व्यक्ति है। इसी प्रकार यात्रा के स्लीपर श्रेणी के पैकेज में नान एसी बजट होटलों में शेयरिंग में रात्रि का विश्राम/वाश एंड चेंज, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, नान एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इस पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य रू0- 23200/- प्रति व्यक्ति है। इस यात्रा हेतु लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा मात्र रू0- 816/- प्रति माह इ.एम.आई (EMI) भुगतान की सुविधा की व्यवस्था भी की गयी है ताकि निम्न आय वर्ग तथा अन्य वर्ग के लोग भी इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठा सकें।

इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। इसमें ध्रुव की सुविधा उपलब्ध है।

उक्त यात्रा की बुकिंग हेतु पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com से ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये नीचे दिये गये मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैः 8287930199, 9236391908, 9236391910, 9417105544 , 7302821864

## ऑटो पार्ट्स की दुकानों पर छापा, नकली मोबिल और ऑटो पार्ट्स बरामद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता थरवई।** थरवई थाना क्षेत्र में नकली मोबाइल ऑयल और ऑटो पार्ट्स की बिक्री जोरो से शोरो से हो रही है। स्थानीय लोगो की सूचना पर कंपनी के ऑपरेशनल मैनेजर थरवई पुलिस की संयुक्त टीम ने दुकानदारों के यहां छापा मारा जिसमें भारी मात्रा में नकली मोबिल ऑटो पार्ट्स बरामद किया। चेकिंग के दौरान तीन दुकानों से कुल 81 लीटर नकली मोबिल कैस्ट्रोल एक्टिव (900 एमएल पैक) और लाखों रुपए के टीवीएस कंपनी के नकली ऑटो पार्ट्स बरामद किया गया। थरवई थरवई पुलिस ने संलिप्त आरोपियों के खिलाफ विभिन्न संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।थरवई थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर चौराहा स्थित छविराम ऑटो सर्विस (प्रो. छविराम यादव, निवासी कुसुमपुर), राजू ऑटो गैरेज (प्रो. राजू केसरवानी, निवासी गारापुर बाजार) और सनी ऑटो पार्ट्स (प्रो. विजय कुशवाहा, निवासी तकिया तिराहा) पर मंगलवार शाम 5:00 बजे छापेमारी की गई। छापे में टीवीएस कंपनी के नकली हैंडल लॉक, क्लच प्लेट, ब्रेक शू, टाइमिंग चेन सहित कई ऑटो पार्ट्स बरामद हुए। टीवीएस कंपनी के ऑपरेशनल मैनेजर देवेंद्र प्रताप सिंह और पीयूष कुमार ने थरवई पुलिस को सूचना दी थी कि दुकानों में नकली ऑटो पार्ट्स बेचे जा रहे हैं। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही की।तथा मौके पर छापे के दौरान बड़ी मात्रा में उपलब्ध नकली सामान को जब्त किया गया। कंपनी के मैनेजर देवेंद्र प्रताप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने तीनों दुकानदारों के खिलाफ थरवई थाने में एफआईआर दर्ज की है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि ये नकली ऑटो पार्ट्स कहां से लाए गए थे और सक्रिय गिरोह के ठिकाने को पता लगाने में जुटी हुई है।

## शुआट्स में मखाना एवं सिंघाड़ा की खेती विषयक प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रसार निदेशालय, सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में दिनांक 19-21 मार्च 2025 तक संचालित होने वाले एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपद-प्रतापगढ़ के कृषकों का तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कृषकों को सम्बोधित करते हुए निदेशक प्रसार डा0 प्रवीन चरन ने कृषकों को सिंघाड़ा एवं मखाना की खेती में विविधीकरण अपनाते हुए संरक्षित खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में खाद्य सुरक्षा का मुख्य आधार कृषि के साथ-साथ आनुसांगिक फसलों का वैज्ञानिक उत्पादन एवं उपभोग है। कृषकों को वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक की जानकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रदान करना प्रसार निदेशालय के मुख्य उद्देश्यों में सम्मिलित है। जहाँ पर विश्वविद्यालय का ध्येय करो और सीखो है जो न सिर्फ विश्वविद्यालय के छात्रों अपितु प्रशिक्षणार्थी कृषकों को बताई जाती है। इस अवसर पर उन्होंने मखाना एवं सिंघाड़े की खेती एवं उपभोग पर विशेष बल देते हुए कहा कि दैनिक जीवन में मखाने एवं सिंघाड़े के उपयोग से न सिर्फ स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायें दूर की जा सकती हैं अपितु इसके उत्पादन के द्वारा कृषक आर्थिक स्तर पर उनन्त हो सकते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो0 (डा0) विश्वरूप



मेहरा ने कृषकों को बताया कि यह विश्वविद्यालय विगत शताब्दी से कृषकों की सेवा में कार्यरत है एवं शोध, शिक्षण एवं प्रसार के माध्यम से कृषकों के बीच अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर चुका है। यह विश्वविद्यालय भारत ही नहीं एशिया महाद्वीप का सबसे पुराना कृषि संस्थान है जिसमें कृषकों को कृषि की प्रायोगिक शिक्षा प्रदान की जा रही है।

इस संस्थान के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित होने के उपरांत उ0प्र0 सरकार के सहयोग से कृषकों का कृषि एवं सम्बन्धित क्षेत्रों में प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्रसार निदेशालय के माध्यम से निरंतर संचालित किया जा रहा है जिसका क्षेत्र में उत्पादकता एवं कृषक आय में वृद्धि के रूप में प्रदर्शित होना आरम्भ हो चुका है। प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिकों के कृषकों हेतु उपयोगी ज्ञान से प्रभावित होकर विन्ध्यांचल एवं प्रयागराज मण्डलों के कृषक इस विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण हेतु सदैव तत्पर रहते हैं।

प्रशिक्षण समन्वयक डा0 टी. डी. मिश्रा ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सिंघाड़े एवं मखाने का उपयोग दैनिक जीवन में प्रायः व्रत के समय में किया जाता है। मखाना एवं सिंघाड़े के प्रयोग से महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण की समस्या को प्रभावी रूप से दूर किया जा सकता है। इसके प्रयोग से फाइवर की कमी को पूर्णतः दूर किया जा सकता है। इसके प्रयोग से महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धों को प्रचुर मात्रा में पोषक तत्वों की प्राप्ति हो जाती है। इस अवसर पर उन्होनें सिंघाड़ा और मखाने के प्रसंस्कृत उत्पादों को घरेलू एवं व्यवसायिक स्तर पर तैयार करने की तकनीकी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डा0 शिशिर कुमार, डा0 मनीष कुमार केसरवानी, डा0 योगेश चन्द्र श्रीवास्तव, डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह, डा0 मदन सेन सिंह, वीमेन मोटीवेटर श्रीमती मीना नेथन उपस्थित रहें एवं प्रतिभागी कृषकों का मार्गदर्शन किया ।

## अजय शाह के शव को थाने पर रख परिजनों ने आधे घंटे किया हंगामा

### होली पर्व के दूसरे दिन मारपीट में हुआ था घायल, उपचार के दौरान हो गई थी मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कोरांव।**कोराव थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में होली पर्व के दूसरे दिन शनिवार को पेट्रोल पंप के पास दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल हुए अजय शाह पुत्र शिवदास गुप्ता की मौत मंगलवार को दोपहर बाद 2 बजे के करीब हो गई थी। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव परिजनों को मिला तो सायं 5 बजे के आसपास कोरांव थाने के गेट पर शव रखकर परिजन हंगामा करने लगे। जिसके बाद पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को बताया कि मामले के तीन आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। अन्य आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। काफी देर तक समझाने बुझाने के बाद परिजन मान गए और 6 बजे तक शव को लेकर सिरसा के गंगा घाट पर गए और दाह संस्कार कर दिया।



## ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स प्रयागराज में

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।**खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 18 से 20 मार्च 2025 तक ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, प्रयागराज में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री विनोद कान्त श्रीवास्तव अपर महा अधिवक्ता, अर्चना सिंह राष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाडी, आर.एस. बेदी अन्तर्राष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाडी द्वारा खिलाड.ियो से परिचय प्राप्त कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रेम कुमार, क्षेत्रीय कौडा अधिकारी द्वारा बुके देकर एवं सुप्रिया रानी द्वारा बैज लगाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती विमला सिंह, क्षेत्रीय कीडाधिकारी वाराणसी, एस.पी. बमनिया, कीड़ाधिकारी शाहजहाँपुर देशकान्त त्यागी उप कीड़ाधिकारी अमरोहा श्री अरविन्द सोनकर कीडाधिकारी एवं देवी प्रसाद उप कीड़ाधिकारी, आदि लोग उपस्थित रहें। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। आज दिनांक 18 मार्च 2025 को खेले गये मैच का परिणाम निमन्वत है कौशाम्बी ने भदोही को 15-03 से हराया। मुरादाबाद ने सहारनपुर को 03-00 से हराया। वाराणसी ने

भदोही को 19-02 से हराया। प्रयागराज ने प्रतापगढ़ को 18-00 से हराया।शेष मैच दिनांक 19 मार्च 2025 को प्रातः 09 बजे से खेले जायेंगें। इस अवसर पर संदीप गुप्ता, कीडाधिकारी, मनीष गुप्ता उप कीड़ाधिकारी, एम0एच0 चौधरी सेवा निवृत्त कीडाधिकारी, सत्येन्द्र सिंह, विनय कुमार, प्रवीण कुमार, अतुल कुमार सोनकर, श्रेया सिंह,संजय कुमार सिंह, अंकित तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## गोविंदपुरी-फतेहपुर के मध्य चलाया गया विशेष टिकट जाँच अभियान

### 77 यात्रियों को प्रभारित कर 48,185/- रुपये जुर्माना वसूल किया गया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल अपने सभी यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तत्पर है । प्रयागराज मण्डल सभी यात्रियों को अच्छा भोजन, शुद्ध पेय जल, स्वच्छ शौचालयों की सुविधा के साथ टिकट रहित और अनियमित यात्रा करने वालो पर अंकुश लगाने के लिए स्टेशनों एवं गाड़ियों में टिकट चेकिंग अभियान चलाता रहता है। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ कोचिंग, हिमांशु शुक्ला के दिशा निर्देशन में दिनांक 19 मार्च, 2025 को गोविंदपुरी-फतेहपुर के मध्य वाणिज्य विभाग की टीम एवं रेलवे सुरक्षा बल व राजकीय रेलवे पुलिस के साथ गाड.ियों में विशेष टिकट जाँच अभियान चलाया गया । इस अभियान में गाड़ी संख्या 22583 छपरा-लोकमान्य





तिलक अंत्योदय सुपरफास्ट, 64630 फफूंद-कानपुर मेमू, 12815 पुरी-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट नंदनकानन सुपरफास्ट, 12506 आनंद विहार टर्मिनल-कामाख्या नॉर्थईस्ट एक्स्प्रेस की सघन चेकिंग की गयी । इस अभियान में कुल 77 यात्रियों को प्रभारित कर 48,185/- रुपये वसूल किए गए।

इस दौरान यात्रियों को यूटीएस एप के माध्यम से अनारक्षित टिकट लेने के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया त मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ने बताया कि गाड.ियों मे बिना टिकट, अनियमित यात्रा करने वाले एवं स्टेशन परिक्षेत्र मे गंदगी फैलाने वालो के विरुद्ध लगातार अभियान चलता रहेगा त रेल प्रशासन अपने सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलगाड़ी तथा रेल परिसर में गन्दगी न फैलाएँ, कूड़ा कूड़ेदान में ही डाले तथा वैध टिकट के साथ यात्रा करें रेलवे अपने सभी यात्रियों का सम्मान करती है और उनकी सुखद यात्रा की कामना करती है

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का कोरांव नगर में हुआ भव्य स्वागत

### पूर्व चेयरमैन नरसिंह केसरी व विधायक के आवास पर उत्साही कार्यकर्ता माल्यार्पण कर किए स्वागत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कोरांव।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के कोरांव प्रथम आगमन पर उत्साही कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कोरांव आगमन पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल सर्वप्रथम नगर पंचायत कोरांव के पूर्व अध्यक्ष



नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी के आवास पर पहुंचे जहां विधायक राजमणि कोल व घनश्याम केसरी कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे। उत्साही कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इसी तरह कोरांव बाजार के गोल चौराहे पर भी नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल का स्वागत किया गया। इसके बाद जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल विधायक राजमणि कोल के आवास पर धौखर पहुंचे जहां उत्साही कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से तुलसीदास राणा, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी प्रसाद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष रामराज सिंह, मंडल अध्यक्ष करुणेन्द्र श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, अनिल मिश्र, जमुना प्रसाद मिश्र, राजेश मिश्र, सुरेंद्र बहादुर सिंह, समेत भारतीय जनता पार्टी के भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों को भविष्य संवारने की जिम्मेदारी का निर्वहन करें शिक्षकः पप्पू गौतम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** विकास खण्ड उरुवा के वृंदावन गेस्ट हाउस बिसहीजन, लखनपुर में बुधवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख उरुवा प्रतिनिधि पप्पू गौतम ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया और ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के निपुण बच्चों ने माँ सरस्वती की वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख उरुवा प्रतिनिधि पप्पू गौतम व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बीडीओ उरुवा मनोज कुमार को कार्यक्रम के आयोजन व खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव ने बुके व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यशाला कार्यक्रम उत्सव में मुख्य अतिथि द्वारा प्राथमिक विद्यालय बैदौली, आंगनवाड़ी केंद्र बैदौली, प्राथमिक विद्यालय सोनाई, संविलियन विद्यालय समोगरा, प्राथमिक विद्यालय जेवनिया, प्राथमिक विद्यालय लेहड़ी, प्राथमिक विद्यालय उरनाह, प्राथमिक विद्यालय पट्टीनाथराय व प्राथमिक विद्यालय भुईपारा तथा कई अन्य विद्यालयों के कक्षा 1 व कक्षा 2 के निपुण बच्चों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के कई निपुण बाल बाटिका बच्चों को पुरस्कृत किया गया और उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित और उनके भविष्य संवारने की जिम्मेदारी का निर्वहन हम सभी को मिलकर करना चाहिए तथा बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए कि शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। इसके लिए स्कूल साफ सुथरे और आकर्षक दिखे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के तहत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। जिससे हमारा आंगन हमारे बच्चे अभियान से प्री- प्राइमरी की पढ़ाई को बढ़ावा मिलेगा और वही बच्चा प्री प्राइमरी ने निकल कर जब कक्षा 1 में पहुंचे तो उसको सीखने की समझ का विकास हो गया हो। कार्यक्रम के आयोजक व बीईओ उरुवा राजेश यादव ने कहा कि अगर हम कोई भी काम मनोयोग से करें तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभाने पर बल दिया और कहा कि शासन द्वारा विद्यालय को सजाने सवारने के लिए सभी के खाते में आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई गई है।



## महिला आयोग की मा0 सदस्या ने महिला जनसुनवाई में सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्यायें

### महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए त्वरित कार्यवाही करने के दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** मा. सदस्या, उ.प्र. राज्य महिला आयोग गीता विश्वकर्मा जी के द्वारा बुधवार को सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, अवैध कब्जे से सम्बंधित शिकायतों सहित अन्य कई शिकायतें सुनवाई के लिए आयी। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का गठन पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए ही हुआ है। यदि किसी महिला को न्याय मिलने में कोई परेशानी आ रही है तो वे अपनी समस्या को लेकर महिला जनसुनवाई में जरूर आये। जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की पूरी सहायता की जायेगी। महिला जनसुनवाई में कुल 11 प्रकरण सुनवाई के लिए आये। जनसुनवाई में प्रार्थिनी सुषमा केसरी पतनी शिव प्रताप केसरी निवासी ग्राम हरभानपुर थाना व तहसील फूलपुर के द्वारा ससुराल के परिवार के पट्टीदार के द्वारा फर्जी मुकदमा लिखाकर उत्पीड़न किए जाने की शिकायत की, जिसपर माननीय सदस्य महोदया ने सम्बंधित एसीपी एवं नोडल आफिसर वुमेन क्राइम को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए कहा है। प्रार्थिनी मुननी देवी पतनी त्रिलोकी लाल शुक्ल निवासी ग्राम गोसेसीपुर थाना फूलपुर एवं प्रभावती देवी पतनी राम अभिलाष गौड़ ने दबंगो द्वारा जेसीबी के माध्यम से उनकी बाउंड्रीवाल, सीमेण्टसेट व सरकारी शौचालय को गिराकर भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने तथा उसपर शिकायत किए जाने पर भी कोई कार्यवाही न होने की शिकायत की, जिसपर मा0 सदस्या ने नोडल आफिसर वुमेन क्राइम को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।मा0 सदस्या ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई महिला अगर शिकायत लेकर थाने में जाती है, तो पूरी गम्भीरता/ संवेदना के साथ महिलाओं की शिकायतों को सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाये। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि महिला जन सुनवाई में आने वाले शिकायती प्रकरणों के निस्तारण की मानिटरिंग सुनवाई के बाद नियमित रूप से आयोग के स्तर पर की जाती है इसलिए प्रकरणों को बेवजह लम्बित करने तथा पीड़ित महिलाओ को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।




## लेडियारी चौकी पर पुलिस कर्मियों ने दो युवकों की बेरहमी से की पिटाई

### एसडीएम के निर्देश के बाद भी नहीं कराया जा रहा मेडिकल परीक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कोरांव।** खीरी थाना क्षेत्र लेड़ियारी चौकी के प्रभारी समेत एक दरोगा व कुछ पुलिस कमिऱ्यों पर दो युवकों की बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता सूर्य प्रकाश व चंद्र प्रकाश पुत्रगण स्व. संगम लाल निवासी अरुआरी थाना खीरी ने बताया है कि गत 12 मार्च शाम को हम लोग अपने घर पर बाटी चोखा बना रहे थे तभी गांव का ही रहने वाला आकाश पुत्र बबोल लेडियारी चौकी पर फोन लगा कर गलत सूचना देकर बताया कि शराब पीकर शिकायतकर्ता गण उत्पात मचा रहे हैं। जबकि शिकायत कर्ताओं का आरोप है कि हम लोग सिर्फ बाटी चोखा बना रहे थे वहां न तो शराब थी और न कोई शराब पिया था। आकाश की गलत सूचना पर चौकी प्रभारी अजय कुमार व उपनिरीक्षक अमरेश मिश्र मनोज कुमार यादव उमेश कुमार व त्रिभुवन नाथ दलबल के साथ आए और बिना कारण बताए रात 9 बजे चौकी पर उठा ले गए। जहां विपक्षी के कहने पर हम दोनों भाइयों को बेरहमी से पीटा गया। जिससे प्रार्थी के पैर, पीठ, व हाथ में गंभीर चोटे आई हैं। दोनों भाइयों के शरीर पर चोट के काफी निशान हैं। 13 मार्च को सुबह बिना मेडिकल जांच कारण एसीपी कार्यालय ले जाकर चालान कर दिए। मामले की शिकायत थाना खीरी पर भी पीडि.तों के द्वारा की गई लेकिन आज आओ कल आओ बुलाकर मामले को टालते रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## ट्रंप और पुतिन

यूक्रेन युद्ध का खात्मा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जितना आसान समझ रहे थे, वह उतना ही उनके गले की फांस बनता जा रहा है। उनकी कोशिश तो यहां तक थी कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से रूस के साथ चली आ रही दुश्मनी को इसी बहाने सामान्य कर दिया जाए और इसका तमगा हासिल किया जाए। इसके लिए उन्होंने रूस के पक्ष में पलड़ा झुकाने की कोशिश भी की लेकिन रूसी राष्ट्रपति पुतिन उनसे भी बड़े खिलाड़ी निकले और अब उन्हें अपनी अहमियत बता रहे हैं। ट्रंप का रूस प्रेम सोचा-समझा गणित था। पिछले कुछ समय से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अपना दबदबा बढ़ाकर चीन अमेरिका के लिए लगातार चुनौती बनता जा रहा है। सामरिक क्षेत्र में अच्छी पकड़ बनाते हुए कई देशों को हथियारों का निर्यात भी कर रहा है। इससे मुकाबला करने के लिए पिछले बाइडेन प्रशासन ने जब उस पर कई प्रतिबंध लगाए और राजनयिक घेरेबंदी शुरू की तो चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस से नए सिरे से संबंध विकसित करने शुरू किए और मॉस्को की यात्रा कर व्यक्तिगत रूप से पुतिन को अपने पक्ष में करने पर अमल शुरू किया। इसके नतीजों से अमेरिकी प्रशासन की चिंता बढ़ी। चीन की इसी बाजी को पलटने के लिए ट्रंप ने नया ताना-बाना शुरू किया है। हालांकि यह 80 सालों की अमेरिकी नीति से एकदम उलट है लेकिन ट्रंप जब तक उल्टा गेम न खेलें तब तक उनका महत्व ही क्या। अब देखने की बात यह है कि यूरोपीय सहयोगियों से दूर और क्रेमलिन के नजदीक होने के उनके कदम कितना आगे तक जा पाएंगे। चीन ने भी अमेरिकी नीति के इस बदलाव को पकड़ते हुए कहा कि हमारे और रूस के बीच दरार की कोशिश कभी सफल नहीं होगी। माना यह जा रहा है कि ट्रंप पूर्व राष्ट्रपति निक्सन के उस कदम को आजमा रहे हैं जिसके तहत 1920 में उन्होंने चीन से एक समझौते पर दस्तखत करके उसकी रूस के साथ एकजुटता को खत्म कर दिया था। नए हालात में ट्रंप के इस कदम की पूरी कीमत पुतिन वसूलेंगे जो अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के मद्देनजर अमेरिका को महंगा पड़ सकता है। इसीलिए अब ट्रंप ने यूक्रेन को बंद की गई मदद फिर शुरू करने व यूरोपीय देशों से टकराव को टालने का फैसला किया है।

## प्रदूषण और भारत

प्रदूषण इस समय पूरे विश्व की प्रमुख समस्या है। भारत भी इससे अलग नहीं है। लेकिन चिंतित करने वाली बात यह है कि अब भारत इस मामले में दुनिया में 'हम किसी से कम नहीं' की स्थिति में आ गया है। सवाल है कि ऐसी 'श्रेष्ठता' की किस काम की जो लोगों के जीवन से ही गंभीर खिलवाड़ करती हो। स्विट्जरलैंड की एक वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी के आंकड़े इसे बड़े डरावने रूप में प्रस्तुत करते हैं। इनके मुताबिक भारत दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश बन चुका है एवं वैश्विक स्तर पर दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी है। यही नहीं, दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में हैं। इससे पता चलता है कि देश में प्रदूषण को लेकर बने कानून, नियम, संस्थाएं-विभाग, सरकारी कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों सहित तमाम पहलें किस बुरी तरह विफल साबित हो रही हैं। यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय भी समय-समय पर इस मामले को लेकर दिशा-निर्देश जारी करता है लेकिन उनका भी पूरी तरह पालन करने की जगह केवल इतनी खानापूरी की जाती है कि अगली बार पूछे जाने पर अपने बचाव लायक जवाब दिया जा सके। दिल्ली में ही प्रदूषण कोई नई समस्या नहीं है और इसकी वजहें भी जगजाहिर हैं। यहां उच्च वायु प्रदूषण साल भर रहता है। अन्य शहरों में भी यही समस्या है। इस बारे में डब्ल्यूएचओ की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक और स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार डॉ. सौम्या स्वामीनाथन का कहना है कि इस मामले में भारत को पर्याप्त कदम उठाने होंगे। शहरों में सार्वजनिक परिवहन का विस्तार इसके लिए काफी सहायक हो सकता है। साथ ही उत्सर्जन कानूनों को सख्ती से लागू कराने के साथ उद्योगों और निर्माण स्थलों पर भी नियमों का पालन कराया जाना चाहिए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**महाकुंभ से निकला भविष्य के लिये अमृत-मोदी**
वर्तमान का हलाहल जनता पी रही है!

**ओपेन सोसायटी फाउंडेशन के खिलाफ कार्रवाई**
सरकार के पक्ष में फंडिंग करनी चाहिये थी!

**पुलिस स्टेट की तरह न बने भारत - सुप्रीम कोर्ट**
खाकी वर्दी की धमक ही तो नेता की पहचान है!

**वैष्णो देवी मंदिर में पिस्टल लेकर पहुंची महिला**
नयी देवियां भला हाथों में त्रिशूल कैसे संभालेंगी!

**देश की राजधानी दिल्ली सबसे प्रदूषित महानगर**
भाजपा की सरकार बन गयी, प्रदूषण अच्छा है!

**यूपी में आपराधिक घटनाएं चरम पर-अखिलेश**
आपराधिक माहौल पर सपा का एकाधिकार है!

♦♦♦

# तुलसी गबार्ड की यात्रा और अमेरिका से रिश्ते

पिछले दो दशकों में भारत और अमेरिका रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी मजबूत करने की दिशा में काफी आगे बढ़े हैं. हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ वार नीति ने, जिसमें भारत सहित कई देशों के साथ व्यापारिक शुल्क को लेकर मतभेद उत्पन्न हुए, द्विपक्षीय संबंधों में अनिश्चितता का माहौल पैदा किया. इसके बावजूद, भारत और अमेरिका

**- आनंद कुमार**

आर्थिक सहयोग से आगे बढ़ते हुए रक्षा, सुरक्षा और खुफिया साझेदारी जैसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की संभावनाओं का पता लगाते रहे. इसी संदर्भ में अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस निदेशक तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा ने द्विपक्षीय संबंधों में नयी ऊर्जा और बहुआयामी दृष्टिकोण को बल दिया है।

गबार्ड की यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब भारत और अमेरिका वैश्विक सुरक्षा खतरों, आर्थिक अस्थिरता और बदलते अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जटिलताओं का सामना कर रहे हैं. गबार्ड की इस यात्रा का उद्देश्य आर्थिक सहयोग से आगे बढ़कर रक्षा, सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी प्रयासों और खुफिया साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करना था. उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की. इन बैठकों में भारत ने खालिस्तानी आतंकवाद के बढ़ते खतरे को रेखांकित किया और अमेरिका से इन चरमपंथी संगठनों को आतंकवादी समूहों के रूप में सूचीबद्ध करने का आग्रह किया. गबार्ड की यात्रा का एक मुख्य उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच खुफिया जानकारी साझा करने की प्रणाली को मजबूत करना था. दोनों देश यह समझते हैं कि आतंकवाद, साइबर युद्ध और क्षेत्रीय अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूत सुरक्षा साझेदारी जरूरी है।

भारत ने इस पर जोर दिया है कि विदेशी भूमि से संचालित उग्रवादी समूहों का प्रभाव क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है. खालिस्तानी आंदोलन, जिसे अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में कुछ हद तक समर्थन प्राप्त है, भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है. गबार्ड की चर्चाओं से स्पष्ट होता है कि अमेरिका अब इन चरमपंथी संगठनों को अधिक गंभीरता से लेने और उनकी फंडिंग व प्रचार नेटवर्क को नियंत्रित करने की जरूरत को



समझ रहा है. तुलसी गबार्ड की यात्रा ने रक्षा सहयोग को भी नया आयाम दिया, जिसमें बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बीइसीए), लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एलइएमओए) और कम्युनिकेशंस कम्पेटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट (सीओएमसीएसीए) जैसे मौजूदा समझौतों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई. ये समझौते रीयल टाइम में खुफिया जानकारी साझा करने, संयुक्त सैन्य अभ्यास करने और लॉजिस्टिक समर्थन प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं.।


गबार्ड ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया में उभरते खतरों के संदर्भ में ट्रंप प्रशासन की वैश्विक सुरक्षा नीति को भी स्पष्ट किया. उन्होंने बताया कि ट्रंप प्रशासन रूस और यूक्रेन के बीच मध्यस्थता और शांति स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है. यह बयान अमेरिकी विदेश नीति में स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है, जहां वाशिंगटन अब वैश्विक संघर्षों के समाधान में अधिक सक्रिय भूमिका निभाना चाहता है।

गबार्ड ने पश्चिम एशिया में हूती विद्रोहियों द्वारा उत्पन्न खतरे को लेकर भी चिंता व्यक्त की. उनके अनुसार, अमेरिकी प्रशासन ने इन विद्रोहियों पर हमले इसलिए शुरू किये हैं, क्योंकि वे लाल सागर में व्यापार और वाणिज्य को बाधित कर रहे हैं. उनका यह भी कहना था कि बाइडन प्रशासन ने हूती विद्रोहियों को आतंकवादी सूची से हटाकर गलती की थी, जिससे यह समूह और अधिक आक्रामक हो गया. गबार्ड की टिप्पणी इस बात की पुष्टि करती है कि ट्रंप प्रशासन आतंकवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर अधिक आक्रामक रुख अपनाने के पक्ष में है, जो भारत की सुरक्षा चिंताओं से मेल खाता है।

गबार्ड ने दक्षिण एशिया में इस्लामी आतंकवाद के बढ़ते प्रभाव को लेकर भी चिंता व्यक्त की. उन्होंने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और चरमपंथी समूहों के बढ़ते प्रभाव की आलोचना की और हिज्ब उत-तहरीर जैसे संगठनों की ओर ध्यान आकर्षित किया, जो बांग्लादेश में खुलेआम कट्टरपंथी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं. गबार्ड के अनुसार, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार इन गतिविधियों को अनदेखा कर रही है, जिससे चरमपंथ के और अधिक बढ़ने की आशंका बढ़ गयी है. इससे साफ है कि भारत और अमेरिका इस्लामी आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाने के लिए साथ आ सकते हैं. तुलसी गबार्ड की यात्रा ने स्पष्ट किया कि भारत-अमेरिका संबंध केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें रणनीतिक साझेदारी, खुफिया सहयोग और आतंकवाद निरोध पर अधिक ध्यान दिया जायेगा. उनकी यात्रा यह भी इंगित करती है कि ट्रंप प्रशासन ने अपनी विदेश नीति प्राथमिकताओं में बदलाव किया है, जहां क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद से लड़ाई और व्यापार सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है।

गबार्ड की यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब भारत और अमेरिका वैश्विक सुरक्षा खतरों, आर्थिक अस्थिरता और बदलते अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जटिलताओं का सामना कर रहे हैं. गबार्ड की इस यात्रा का उद्देश्य आर्थिक सहयोग से आगे बढ़कर रक्षा, सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी प्रयासों और खुफिया साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करना था. उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की. इन बैठकों में भारत ने खालिस्तानी आतंकवाद के बढ़ते खतरे को रेखांकित किया और अमेरिका से इन चरमपंथी संगठनों को आतंकवादी समूहों के रूप में सूचीबद्ध करने का आग्रह किया. गबार्ड की यात्रा का एक मुख्य उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच खुफिया जानकारी साझा करने की प्रणाली को मजबूत करना था. दोनों देश यह समझते हैं कि आतंकवाद, साइबर युद्ध और क्षेत्रीय अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूत सुरक्षा साझेदारी जरूरी है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### लज्जावती

उनका लक्ष्य केवल नाम पैदा करना होगा। बेचारे मेम्बरों पर यह कितना कठोर आक्षेप है, कितनी घोर कृतघ्ना। जाति की सेवा में शरीर को घुलाना पड़ता है, रक्त को जलाना पड़ता है। यही जाति सेवा का उपहार है। पर यहां के नौकरों को जरा भी चिंता नहीं है। बाबूजी ने इनके दो-चार मिलने वालों से बीमारी का जिक्र किया, पर उन्होंने भी परवाह न की। यह मित्रों की सहानुभूति का हाल है। सभी अपनी-अपनी धुन में मस्त हैं। किसी को खबर नहीं कि दूसरों पर क्या गुजरती है। हां, इतना मुझे भी मालूम होता है कि इन्हें क्षय का केवल भ्रम है। उसके कोई लक्षण नहीं देखती। परमात्मा करे मेरा अनुमान ठीक हो। मुझे तो कोई और ही रोग मालूम होता है। मैंने कई बार टेम्परेचर लिया। उष्णता साधारण थी। उसमें कोई आकस्मिक परिवर्तन भी न हुआ। अगर यही बीमारी है तो अभी आरम्भिक अवस्था है, कोई कारण नहीं कि उचित प्रयत्न से उसकी जड़ न उखड़ जाय। मैं कल से ही इन्हें नित्य सैर कराने ले जाऊंगी। मोटर की जरूरत नहीं, फिटन पर बैठने से ज्यादा लाभ होगा। मुझे यह स्वयं कुछ लापरवाह से जान पड़ते हैं। इस मरज के बीमारों को बड़ी एहतियात करते देखा है। दिन में बीसों बार तो थर्मामीटर देखते हैं। पथ्यापथ्य का बड़ा विचार रखते हैं। वे फल, दूध और पुष्टिकारक पदार्थों का सेवर किया करते हैं। यह नहीं कि जो कुछ रसोइये ने अपने मन से बनाकर सामने रख दिया, वही दो-चार ग्रास खाकर उठ आये। मुझे तो विश्वास होता जाता है कि इन्हें कोई दूसरी ही शिकायत है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**पठन्ति चतुरो वेदान् धर्मशास्त्राणनेकश:।**
**आत्मानं नैव जानन्ति दर्वी पाकरसं यथा।।**

जिस प्रकार पाक में घुसी हुई कलछी उस पाक के रस को नहीं जानती, उसी प्रकार आजकल के विद्वान भी वेदों और शास्त्रों को पढ़ लेते हैं, परन्तु आत्मतत्त्व को नहीं जानते।

♦♦♦

# गड़े मुर्दे उखाड़ते नफ़रत के सौदागर

विगत दस वर्षों से देश का सामाजिक ढांचा छिन्न भिन्न करने के सत्ता संरक्षित प्रयास जिस तरह से किये जा रहे हैं उन्हें देखकर तो अब यही लगने लगा है कि हमारे देश की राजनीति और सत्ता अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है। सत्ता के चाहवानों के लिये देश की



**-निर्मल रानी**

विकासोन्मुख योजनाऑन ,नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं,बिजली पानी सड़क रोज़गार स्वास्थ शिक्षा मंहगाई नियंत्रण से कहीं ज़्यादा ज़रूरी साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण बन चुका है। वैसे भी जिन लोगों को नित्य सूर्योदय के साथ ही हाथों में लठ देकर नफ़रत का पाठ पढ़ाया जाता हो, जिस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाले आरएसएस प्रमुख द्वितीय एम एस गोलवलकर स्वयं अपनी पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में ये विचार व्यक्त कर चुके हों कि -मुसलमान ईसाई और कम्युनिस्ट राष्ट्र के दुश्मन हैं। उस संगठन व उससे जुड़े अन्य संगठनों के लोगों से नफ़रत का ज़हर बोने के सिवा और क्या उम्मीद की जा सकती है? इन्हें केवल मुसलमानों ईसाइयों और कम्युनिस्ट विचार के लोगों से ही नहीं बल्कि हर उन लोगों से भी नफ़रत है जो इनके साम्प्रदायिकतावादी और नफ़रती एजेंडे के ख़िलाफ़ हो। इसकी एक बड़ी व महत्वपूर्ण वजह यह भी है कि इस विचारधारा के लोगों के स्वतंत्रता संग्राम के समय के स्वयं अपने ट्रैक रिकार्ड इतने ख़राब व शर्मनाक हैं कि उन्हें छिपाने के लिये उनपर होने वाली चर्चाओं से ध्यान भटकाने के लिये ही यह शक्तियां मुसलमानों,ईसाइयों और कम्युनिस्टों के साथ साथ देश के उन बहुसंख्य धर्मनिरपेक्ष हिन्दुओं को भी निशाना बनाती हैं जो इनके मूल चरित्र व विध्वंसक इरादों से अच्छी तरह वाक़िफ़ हैं। इन अतिवादी शक्तियों का एक ही मक़सद है कि येन केन प्रकारेण यह सत्ता में बनी रहें। इसलिये इन्होंने साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण को ही अपना सबसे आसान शस्त्र चुन लिया है।

यही वजह है कि इन्हें देश का महान नायक टीपू सुल्तान बुरा लगता है। इन्हें प्रत्येक मुग़ल शासक से नफ़रत है। इन्हें किसी भी मुग़ल शासक में सिवाय बुराई के कोई भी अच्छाई नज़र नहीं आती। इन्हें उर्दू से नफ़रत,शेरो शायरी से बैर,पीरों फ़क़ीरों की मज़ारों से आपत्ति,उनके स्मारकों से नफ़रत उनके नाम पर बने शहरों क़स्बों मुहल्लों गलियों व मार्गों से बैर। गोया यह विचारधारा देश की एक ऐसी संगठित विचारधारा है जिसका जन्म ही नफ़रत की बुनियाद पर हुआ है। और निश्चित रूप से यही विचारधारा और इसी दैनिक प्रातःकालीन नफ़रती शिक्षा का ही परिणाम था जिसने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को हमसे असमय ही छीन लिया। केवल गाँधी को ही नहीं छीना बल्कि आज गाँधी का हत्यारा नाथू राम गोडसे इसी विचारधारा के लोगों के द्वारा महिमामंडित भी किया जाता है। कितना अफ़सोसनाक है कि इसी नफ़रती विचारधारा से जुड़े लोग गाँधी के हत्यारे की मूर्तियां भी लगाते दिखाई दे जाते हैं उस आतंकी हत्यारे की स्तुति भी करते हैं। और तो और गाँधी की हत्या का प्रदर्शन दोहरा कर उसका वीडियो भी वायरल कर दिया जाता है। जबकि ठीक इसके विपरीत अंग्रेज़ों की ख़ुशामद करने वाले, अंग्रेज़ों से मुआफ़ी मांगने तथा स्वतंत्रता सेनानियों की मुख़बिरी करने वाले लोग इनके आदर्श हैं ? विद्वेष व नकारात्मकता की इनकी राजनीति का आलम यह है कि इन्हें ख़ास समुदाय के ग़रीब मेहनती मज़दूरों,रेहड़ी ठेले रिक्शे वालों से नफ़रत है। रोज़गार उपलब्ध करना तो छोड़िये यह तो मुसलमान दुकानदारों का बहिष्कार करते दिखाई दे जायेंगे। इन्हें मुसलमानों के सोसाइटीज़ में फ़्लैट ख़रीदने से आपत्ति होती है। इन्हें नमाज़ पढ़ने रोज़ा इफ़्तार से एतराज़। मुसलमानों के हिन्दू त्योहारों में शिरकत से भी इन्हें आपत्ति है परन्तु इनकी उत्तेजक व आपत्तिजनक नारेबाज़ी व हुड़दंग की प्रिय जगह मस्जिद ही है। जब देखिये जहां देखिये मस्जिद के सामने डी जे व लाउडस्पीकर पर जानबूझकर शोर मचाते हैं भड़काऊ नारे लाउडस्पीकर पर लगाते हैं ताकि दूसरा पक्ष उत्तेजित होकर इनका जवाब दे और यह हुड़दंग साम्प्रदायिक उन्माद में बदल जाये। जहाँ देखिये इन्हें मस्जिदों में शिवलिंग नज़र आने लगता है। देश के संविधान व क़ानून की अनदेखी कर यह ऐसे विषयों को उन्माद में बदल देते हैं ताकि इन्हें साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का लाभ मिल सके। और इस साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के बाद हासिल सत्ता के माध्यम से इनके जो फ़ैसले हैं वह भी देश को गर्त में ले जाने वाले हैं। आज देश की सीमायें हर तरफ़ से असुरक्षित हैं। चीन हज़ारों किलोमीटर की ज़मीन क़ब्ज़ा किये बैठा है मगर इनकी रट यही रहती है कि हमारी ज़मीन में कोई नहीं घुसा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत के नागरिकों व भारतीय व्यवसायिक हितों को कितना नुक़्सान पहुंचा रहे हैं परन्तु मोदी एक शब्द भी बोलने का साहस नहीं करते। भारतीयों को कितने अपमानजनक तरीक़े से हथकड़ी बेड़ी पहनाकर अमेरिकी सैन्य विमान से भेजा गया इन्होंने कोई एतराज़ नहीं जताया जबकि अन्य किसी देश के नागरिकों के साथ अमेरिका ने ऐसा अपमानजनक व्यवहार नहीं किया। ट्रंप से दोस्ती का क्या देश को यही सिला मिलना चाहिए था? यदि आंतरिक मामलों को देखें तो इसी धर्म की अफ़ीम की बुनियाद पर बनी सरकार ने देश में नोटबंदी कर देश की अर्थव्यवस्था को ज़ोरदार आघात पहुँचाया। आज तक कोई अर्थशास्त्री इनके इस फ़लसफ़े के बारे में यह नहीं बता पाया कि 8 नवंबर 2016 को जब प्रधानमंत्री मोदी ने टी वी पर प्रकट होकर अचानक 500 और 1000/-रूपये की नोट यह कहकर चलन से बाहर की थी कि इससे काले धन पर लगाम लगेगी । उसी समय मोदी ने यह भी कहा था कि भ्रष्टाचार,कालेधन और जाली नोट के कारोबार में लिप्त देश विरोधी व समाज विरोधी तत्वों के पास मौजूद 500 और हज़ार रूपये के पुराने नोट अब केवल एक काग़ज़ के टुकड़े के सामान रह जायेंगे।

सवाल यह कि जब 500 व एक हज़ार की नोट से कालाधन व भ्रष्टाचार बढ़ता था फिर आख़िर दो हज़ार की नोट क्या सोचकर चलाई गयी थी ? और पुनः 500 की नोट चलाने व 2000 की नोट शुरू करने से भ्रष्टाचार,कालेधन और जाली नोट का चलन पहले से अधिक क्यों बढ़ गया ? और यह भी कि कुछ महीने बाद फिर 2000 की नोट बाज़ार से क्यों ग़ायब हो गयी ? इस निराली अर्थ नीति का आख़िर उद्देश्य क्या था ? क्या यह देश को जानने का हक़ नहीं ? यू पी ए के समय बढ़ती मंहगाई पर विलाप करने व अर्धनग्न प्रदर्शन करने वालों की वर्तमान सरकार आज अनियंत्रित मंहगाई पर ख़ामोश है। बेरोज़गारी के आंकड़े अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। परन्तु इन जैसी वास्तविकताओं से मुंह फेर नफ़रत के ये सौदागर गड़े मुर्दे उखाड़ते फिर रहे हैं और समाज में नफ़रत का ज़हर बो रहे हैं।

वैसे भी जिन लोगों को नित्य सूर्योदय के साथ ही हाथों में लठ देकर नफ़रत का पाठ पढ़ाया जाता हो, जिस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाले आरएसएस प्रमुख द्वितीय एम एस गोलवलकर स्वयं अपनी पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में ये विचार व्यक्त कर चुके हों कि -मुसलमान ईसाई और कम्युनिस्ट राष्ट्र के दुश्मन हैं। उस संगठन व उससे जुड़े अन्य संगठनों के लोगों से नफ़रत का ज़हर बोने के सिवा और क्या उम्मीद की जा सकती है? इन्हें केवल मुसलमानों ईसाइयों और कम्युनिस्ट विचार के लोगों से ही नहीं बल्कि हर उन लोगों से भी नफ़रत है जो इनके साम्प्रदायिकतावादी और नफ़रती एजेंडे के ख़िलाफ़ हो।

## प्रेरक प्रसंग

### सहनशीलता

एक दरोगा संत दादू की ईश्वर भक्ति और सिद्धि से बहुत प्रभावित था। उन्हें गुरु मानने की इच्छा से वह उनकी खोज में निकल पड़ा। लगभग आधा जंगल पार करने के बाद दरोगा को केवल धोती पहने एक साधारण-सा व्यक्ति दिखाई दिया। वह उसके पास जाकर बोला, क्यों बे तुझे मालूम है कि संत दादू का आश्रम कहां है?

वह व्यक्ति दरोगा की बात अनसुनी कर के अपना काम करता रहा। भला दरोगा को यह सब कैसे सहन होता? लोग तो उसके नाम से ही थर-थर कापते थे उसने आव देखा न ताव लगा ग़रीब की धुनाई करने। इस पर भी जब वह व्यक्ति मौन धारण किए अपना काम करता ही रहा तो दरोगा ने आग बबूला होते हुए एक ठोकर मारी और आगे बढ़ गया। थोड़ा आगे जाने पर दरोगा को एक और आदमी मिला। दरोगा ने उसे भी रोक कर पूछा, क्या तुम्हें मालूम है संत दादू कहां रहते है? उन्हें भला कौन नहीं जानता, वे तो उधर ही रहते हैं जिधर से आप आ रहे हैं। यहां से थोड़ी ही दूर पर उनका आश्रम है। मैं भी उनके दर्शन के लिए ही जा रहा था। आप मेरे साथ ही चलिए। वह व्यक्ति बोला।

दरोगा मन ही मन प्रसन्न होते हुए साथ चल दिया। राहगीर जिस व्यक्ति के पास दरोगा को ले गया उसे देख कर वह लज्जित हो उठा क्योंकि संत दादू वही व्यक्ति थे जिसको दरोगा ने मामूली आदमी समझ कर अपमानित किया था। वह दादू के चरणों में गिर कर क्षमा मांगने लगा। बोला, महात्मन् मुझे क्षमा कर दीजिए, मुझसे अनजाने में अपराध हो गया। दरोगा की बात सुनकर संत दादू हंसते हुए बोले, भाई, इसमें बुरा मानने की क्या बात? कोई मिट्टी का एक घड़ा भी ख़रीदता है तो ठोक बजा कर देख लेता है। फिर तुम तो मुझे गुरु बनाने आए थे।

संत दादू की सहिष्णुता के आगे दरोगा नतमस्तक हो गया।

## आपका पत्र मिला



### तुलसीदास की जन्मभूमि पर कोई निष्कर्ष तो निकले

यह दुर्भाग्य ही है कि जिन पवित्रकर्मा मनीषियों का रक्त हमारी धमनियों में प्रवाहित हो रहा है,हम उनकी जन्म भूमि तक सही सही नहीं जानते। विष्णु भगवान के छठे अवतार परशुराम जी की जन्मस्थली होने का दावा दर्जनों जगहों पर किया जा रहा है। ऐसी ही कुछ स्थिति गोस्वामी तुलसीदास की भी है जिनकी जन्मस्थली भी कम से कम तीन जगह बताई जा रही है। लम्बे अरसे से विद्यालयों भें तुलसी बाबा की जन्म भूभि बॉदा परिक्षेत्र के राजापुर में पढ़ाई जा रही है। स्व. डा. कृष्ण नारायण पाण्डेय ने अपनी पुस्तक गोस्वामीमें यही उनकी जन्म भूमि मानी है।प्रसिद्ध धार्मिक पत्रिका कल्याण के मानस अंक में भी यही माना गया है। मऊ में परगना मजिस्ट्राट रहते हुए मैं भी इस स्थान पर गया था और लोगों से बातचीत भी की थी। दूसरा मत कहता है कि एटा का समीपवर्ती सोरों उनकी जन्मभूमि है।लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष रहे नामचीन साहित्यकार प्रो.सूर्यप्रसाद दीक्षित ने इस विषय पर एक विस्तृत शोधपत्र प्रकाशित किया है। नाम है, तुलसी तिहारो घरु जायो। इसमें उन्होंने प्रचुर विश्लेषणोपरांत पसकाको तुलसी जन्म भूमि माना है।अन्य मत भी हैं। फाइनल कुछ भी नहीं हो पा रहा है। उचित होगा कि सरकार चुनिंदा विद्वानों और तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति गठित करके शोधोपरांत उसकी सुविचारित संस्तुति मॉग ले और सम्यक् विचारोपरांत किसी निष्कर्ष पर पहुँच जाय,ताकि धुँधलका छट जाय। यह अत्यंत भागवत् कार्य होगा,जो समय की मांग है।

**रघोत्तम शुक्ल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
***E-mail : swatantrabharat77@gmail.com***

# समर में रखें खुद को कूल और क्लासी, इन ट्रेंडी ड्रेस आइडियाज से बनाएं फैशन स्टेटमेंट

बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री की कई फेमस एक्ट्रेसेस समर फैशन को बखूबी अपनाती हैं और अपने कूल व एलिगेंट लुक से ट्रेंड सेट करती हैं। श्वेता तिवारी से लेकर जन्नत जुबैर तक, कई टीवी एक्ट्रेसेस के स्टाइल से आप भी इंस्पिरेशन ले सकती हैं। अगर आप इस समर सीजन में स्टाइलिश और कम्फर्टेबल दिखना चाहती हैं, तो इन एक्ट्रेसेस के फैशन गोल्स को फॉलो करके अपनी वॉर्डरोब को अपग्रेड करें।

गर्मियां आते ही न सिर्फ स्किन केयर और डाइट में बदलाव जरूरी हो जाता है, बल्कि ड्रेसिंग स्टाइल भी मौसम के हिसाब से एडजस्ट करना जरूरी हो जाता है। तपती धूप और उमस भरे मौसम में भारी कपड़े और टाइट आउटफिट्स पहनना किसी चुनौती से कम नहीं होता। ऐसे में हल्के और ब्रेथेबल फैब्रिक से बने आउटफिट्स आपको न सिर्फ आराम देंगे, बल्कि आपको एक स्टाइलिश और क्लासी लुक भी मिलेगा।

बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री की कई फेमस एक्ट्रेसेस समर फैशन को बखूबी अपनाती हैं और अपने कूल व एलिगेंट लुक से ट्रेंड सेट करती हैं। श्वेता तिवारी से लेकर जन्नत जुबैर तक, कई टीवी एक्ट्रेसेस के स्टाइल से आप भी इंस्पिरेशन ले सकती हैं। अगर आप इस समर सीजन में स्टाइलिश और कम्फर्टेबल दिखना चाहती हैं, तो इन एक्ट्रेसेस के फैशन गोल्स को फॉलो करके अपनी वॉर्डरोब को अपग्रेड करें। तो चलिए जानते हैं, ऐसे शानदार ड्रेस स्टाइल्स के बारे में, जो आपको इस गर्मी में क्लासी और कूल लुक देंगे।

**फ्रिल या रफल ड्रेस-** अगर आप समर में क्यूट और एलिगेंट लुक चाहती हैं, तो फ्रिल या रफल ड्रेस आपके लिए एक शानदार ऑप्शन है। टीवी एक्ट्रेस जन्नत जुबैर ने येलो कलर की फ्रिल शॉर्ट ड्रेस पहनकर समर फैशन गोल्स सेट किए थे। इस ड्रेस का फैब्रिक कॉटन का था, जो गर्मियों के लिए परफेक्ट चॉइस है। फ्रिल और रफल ड्रेस लाइटवेट और फ्लोई होती हैं, जिससे आपकी बॉडी को फ्रेश और रिलैक्स्ड फील मिलता है। इसे आप किसी भी आउटिंग या समर पार्टी में पहन सकती हैं और कंफर्ट के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिख सकती हैं।

**शॉर्ट समर ड्रेसेस-** अगर आप इस गर्मी में ट्रेंडी और फ्रेश लुक चाहती हैं, तो शॉर्ट समर ड्रेसेस आपकी वॉर्डरोब का हिस्सा जरूर होनी चाहिए। ये ड्रेस न सिर्फ स्टाइलिश लुक देती हैं, बल्कि गर्मियों में आपको कूल और कंफर्टेबल भी बनाए रखती हैं। एक्ट्रेस रीम समीर ने पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनकर गजब का फैशन गोल सेट किया था। इस तरह की ड्रेसेस न सिर्फ क्यूट लगती हैं, बल्कि आपको फ्रेश और एनर्जेटिक लुक भी देती हैं। इसे आप डे आउटिंग या फ्रेंड्स के साथ आउटिंग के लिए ट्राय कर सकती हैं।

**मैक्सी ड्रेस-** समर फैशन में मैक्सी ड्रेस हमेशा से ही इन ट्रेंड रही है। इसका फ्लोई डिजाइन और लाइटवेट फैब्रिक इसे गर्मियों के लिए बेस्ट ऑप्शन बनाता है। टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी भी मैक्सी ड्रेस पहनना काफी पसंद करती हैं। उनकी



प्रिंटेड मैक्सी ड्रेस न सिर्फ खूबसूरत दिखती है, बल्कि गर्मी म... आपको कम्फर्ट का अहसास भी कराती है। आप इसे ब्रंच डेट, कैजुअल आउटिंग या वेकेशन पर आसानी से पहन सकती हैं। ये ड्रेस हर ओकेजन के लिए एक परफेक्ट चॉइस है, जिससे आपको एलिगेंट और स्टाइलिश लुक मिलेगा।

**फ्रंट कट ड्रेस-** गर्मियों के लिए फ्रंट कट ड्रेस एक शानदार विकल्प है। इसका डिजाइन ऐसा होता है कि यह न सिर्फ स्टाइलिश लुक देती है, बल्कि एयरफ्लो बनाए रखती है, जिससे आपको ठंडक महसूस होती है। इसके स्किन-फ्रेंडली फैब्रिक की वजह से ये ड्रेस गर्मी के लिए एकदम परफेक्ट होती है। इसे आप कैजुअल आउटिंग, ब्रंच डेट या फिर वेकेशन पर आसानी से कैरी कर सकती हैं। श्वेता तिवारी ने भी एक खूबसूरत प्रिंटेड फ्रंट कट मैक्सी ड्रेस पहनी थी, जिसने उनके लुक को स्टनिंग बना दिया था। आप भी इस लुक से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।




# ईद का ट्रेंडः खरीदें ऐसी ज्वेलरी, जो हर आउटफिट के साथ लगेगी कमाल की

**Eid 2025-** का त्योहार अपने साथ ढेरों खुशियां, उत्साह और उमंग लेकर आता है। इस त्योहार पर एक और चीज आती है, जो है महिलाओं और लड़कियों के लिए तैयार होने का मौका। ईद के हर महिला और लड़की खूब सजती और संवरती हैं। वो इस दिन के लिए नए-नए आउटफिट और ज्वेलरी खरीदती हैं। यदि आप ज्वेलरी खरीदने का सोच रही हैं तो ईद के लिए ज्वेलरी खरीदते समय ऐसी चीजें चुनें, जो हर तरह के एथनिक और इंडो-वेस्टर्न आउटफिट के साथ मैच करें। सही ज्वेलरी के साथ आप ईद पर सबसे खूबसूरत और स्टाइलिश दिखेंगी। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, कि ईद पर किस तरह की ज्वेलरी कैरी करके आप कमाल की लगेंगी।

**पोल्की और मीनाकारी ज्वेलरी-** पोल्की और मीनाकारी ज्वेलरी में कलरफुल डिजाइन होते हैं, जो किसी भी आउटफिट के साथ आसानी से मैच हो जाते हैं। इसे आप एथनिक और वेस्टर्न दोनों ह...



...आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। पोल्की और मीनाकारी ज्वेलरी देखने में काफी हैवी लगती है। इसे आप तब कैरी करें, जब आपका आउटफिट हल्का हो। तब ये ज्वेलरी और उभर कर सामने आएगी।

**पर्ल ज्वेलरी-** एलिगेंट लुक चाहिए तो आप अपने लिए पर्ल ज्वेलरी खरीद सकती हैं। पर्ल ज्वेलरी देखने में भी प्यारी लगती है और इसको कैरी करने



के बाद लुक काफी अलग दिखता है। गले में हल्का सा पर्ल चोकर या फिर पर्ल वाले कड़े आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा।


**ऑक्सीडाइज ज्वेलरी-** आज-कल महिलाओं को ऑक्सीडाइज़्ड ज्वेलरी काफी पसंद आ रही है। एक तो ये काफी सस्ती आती है, दूसरा इसमें ज्यादा वजन नहीं होता। इसलिए इसे ज्यादा समय तक कैरी करना आसान होता है। तो यदि आप भी कम पैसे खर्च करके खूबसूरत ज्वेलरी खरीदना चाहती हैं तो ऑक्सीडाइज़्ड ज्वेलरी बेहतर विकल्प है।

**कुंदन ज्वेलरी-** यदि आपको रॉयल लुक कैरी करना पसंद है तो आपको कुंदन ज्वेलरी खरीद कर रख लेनी चाहिए।



कुंदन ज्वेलरी को आप हल्के आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। बाजार में आपको आसानी से कुंदन चोकर, झुमके और मांगटीका मिल जाएंगे जो आपके ईद लुक को और खूबसूरत बनाएगा। यदि आपके पास बाजार जाने का समय नहीं है तो आप ऑनलाइन भी ऐसे गहने खरीद सकती हैं।

**चांदबाली-** अगर कानों के लिए कुछ अलग खरीदना है तो अपने लिए आप चांदबाली खरीद सकती हैं।



चांदबाली आपके लुक को अलग और खूबसूरत बनाने में मदद करेंगी। ये देखने में भी काफी हैवी होती हैं। इसे खासतौर पर तब कैरी किया जाता है, जब अनारकली या किसी अन्य तरह का सूट पहना जाए। सूट लुक के साथ आप कानों में चांदबाली पहन सकती हैं।

# इस चैत्र नवरात्रि सादगी भरे लुक से करें सभी को इंप्रेस





चैत्र नवरात्रि का त्योहार हिंदू धर्म में काफी खास माना गया है। नवरात्रि के नौ दिन लोग माता रानी के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करते हैं। इस साल चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हो रही है और इसका समापन 6 अप्रैल को होगा। ऐसे में लोग पहले से ही इन खास नौ दिनों की तैयारी में जुट जाते हैं। वैसे तो ये दिन सभी के लिए काफी खास होते हैं, लेकिन नवविवाहित महिलाएं चैत्र नवरात्रि के लिए काफी उत्साहित होती हैं। यदि आपकी भी नई-नई शादी हुई है और आप भी चैत्र नवरात्रि में अपना सादगी अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो हमारे बताए टिप्स को फॉलो करें। यहां हम नवविवाहित महिलाओं के लिए कुछ फैशन टिप्स देने जा रहे हैं, जो उनके काफी काम आने वाले हैं।



**आउटफिट का रखें ध्यान-** चैत्र नवरात्रि पूजा-पाठ के लिए काफी खास मानी जाती है। ऐसे में इन नौ दिनों में कुछ अलग पहनने की जगह साड़ी-सूट जैसे पारंपरिक परिधानों का चयन करें। अगर आप ज्यादा हैवी लुक नहीं चाहतीं, तो हल्की कढ़ाई वाली या सूती साड़ी पहनें। शिफॉन फैब्रिक की साड़ी भी आपको सादगी भरा लुक देने का काम करेगी।

**रंग होना चाहिए सही-**नवरात्रि की पूजा में कभी भी काला और नीला रंग न पहनें। इसकी जगह यदि आप हल्के रंगों जैसे पीला, गुलाबी, सफेद या क्रीम रंग के सूट, साड़ी या लहंगे पहनेंगी, तो भी आपका अंदाज प्यारा ही लगेगा। आप चाहें तो लाल और हरे रंग का आउटफिट भी कैरी कर सकती हैं।

**मेकअप को रखें नेचुरल-**पूजा के समय हैवी मेकअप तो गलती से भी न करें। इसकी वजह से आप परेशान हो सकती हैं। हैवी मेकअप की जगह आप अपने मेकअप को मिनिमल रखें। हल्का बेस रखते हुए ब्लश और हाइलाइटर का इस्तेमाल करें और फिर होंठों पर न्यूड या हल्का गुलाबी लिपस्टिक लगाएं।

**हल्की ज्वेलरी पहनें-** शादी के बाद नवरात्रि में हल्के गोल्ड या सिल्वर झुमके पहनें। यदि आप गोल्ड ज्वेलरी नहीं पहनना चाहती हैं तो आउटफिट से मैच कराकर अपनी ज्वेलरी कैरी करें। आखिर में मंगलसूत्र, हल्की चूड़ियां और एक सुंदर बिंदी से लुक को पूरा करें।

**हेयर स्टाइल रखें ऐसा**

अपने बालों को हल्का कर्ल करके खुला छोड़ें या फिर साइड लो बन बनाएं। अगर आप



कोई स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो गजरा या फूलों से सजी चोटी बना सकती हैं। यदि आपके बाल पहले से ही स्ट्रेट हैं, तो इन्हें ऐसे ही रहने दें।

# आपकी त्वचा के लिए कैसी सनस्क्रीन रहेगी परफेक्ट




मार्च का महीना चल रहा है और तेज धूप ने अभी से ही कहर ढहाना शुरू कर दिया है। तेज धूप और गर्मी की वजह से दोपहर के समय लोग बाहर निकलने से बच रहे हैं। इस मौसम में यदि आप घर से बाहर निकल रहे हैं तो खुद का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए स्किन विशेषज्ञ सनस्क्रीन इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। इसके इस्तेमाल से त्वचा सूरज की तेज किरणों से बची रहती है। लोगों को ये तो पता है कि कितने एसपीएफ वाली सनस्क्रीन खरीदनी चाहिए, पर क्या आप ये जानते हैं कि इसे हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से खरीदना चाहिए। अगर नहीं तो हम आपको इस बारे में जानकारी देंगे। यहां हम आपको बताएंगे कि किस स्किन टाइप पर कैसी सनस्क्रीन इस्तेमाल करनी चाहिए।

### ऑयली स्किन के लिए

यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो आपको हमेशा जेल बेस्ट या फिर मैट फिनिश सनस्क्रीन का चयन करना चाहिए। ये दोनों प्रकार की सनस्क्रीन चेहरे के अतिरिक्त तेल को कंट्रोल करने में मदद करती हैं। इसे खरीदते समय ध्यान रखें कि इसमें ऑयल-फ्री और नॉन-कॉमेडोजेनिक फॉर्मुला ही होना चाहिए। इसके इस्तेमाल से पोर्स बंद होने का खतरा नहीं रहता है।

### ड्राई स्किन के लिए

यदि आपकी त्वचा रूखी है और आप सनस्क्रीन खरीदने का विचार कर रहे हैं तो हमेशा क्रीम बेस्ड या फिर मॉइश्चराइजिंग सनस्क्रीन का चयन करें। हमेशा ध्यान रखें कि हायल्यूरोनिक एसिड और विटामिन ई युक्त सनस्क्रीन त्वचा को हाइड्रेट रखती है। यदि आपको समझ नहीं आ रहा कि कैसी सनस्क्रीन आपके लिए परफेक्ट रहेगी तो हमेशा कोकोआ बटर या एलोवेरा युक्त सनस्क्रीन खरीदें।

### सेंसिटिव स्किन के लिए सनस्क्रीन

सेंसिटिव स्किन वाले लोगों को सनस्क्रीन खरीदने के लिए काफी सोचना पड़ता है। यदि आपकी त्वचा भी सेंसिटिव है तो हमेशा केमिकल-फ्री और मिनरल-बेस्ड सनस्क्रीन चुनें। सेंसिटिव त्वचा वाले लोगों के लिए जिंक ऑक्साइड और टाइटेनियम डाइऑक्साइड युक्त सनस्क्रीन परफेक्ट रहती है।

### नॉर्मल स्किन के लिए

यदि आपकी त्वचा नॉर्मल है तब आपको ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए आप लाइटवेट औप वॉटव बेस्ड सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। नॉर्मल त्वचा वाले लोगों की सनस्क्रीन में एलोवेरा या ग्रीन टी एक्सट्रैक्ट अवश्य होना चाहिए।

### एक्ने-प्रोन स्किन के लिए

यदि आप भी एक्ने से परेशान हैं तो आपको सनस्क्रीन खरीदने से पहले सोचने की जरूरत है। इसके लिए आप हमेशा नॉन-कॉमेडोजेनिक और ऑयल-फ्री सनस्क्रीन खरीदें। सैलिसिलिक एसिड और नियासिनामाइड युक्त सनस्क्रीन एक्ने को कम करने में मदद करेगा।

# टैनिंग हटाएगा ये साबुन घर पर करें तैयार

तेज धूप से खुद को चाहे कितना भी बचा लो, लेकिन इसका असर त्वचा पर आ ही जाता है। चिलचिलाती धूप लोगों की त्वचा को काफी ज्यादा डैमेज कर देती है, जिसकी वजह से टैनिंग और सनबर्न की समस्या सामने आने लगती है।

साबुन बनाने के लिए जरूरी सामान
- ग्लिसरीन साबुन बेस -1 कप
- नींबू का रस - 2 चम्मच
- हल्दी पाउडर - 1 चम्मच
- एलोवेरा जेल - 2 चम्मच
- कच्चा दूध - 3 चम्मच
- चंदन पाउडर - 1 चम्मच
- गुलाब जल - 1 चम्मच
- बादाम या नारियल का तेल -1 चम्मच
- ऑरेंज पील पाउडर - 1 चम्मच

कई बार तो टैनिंग इतनी ज्यादा हो जाती है, कि त्वचा का रंग ही बदल जाता है। इस टैनिंग को दूर करने के लिए लोग महंगे-महंगे स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं, जिसका ज्यादा असर नहीं दिखता है। ऐसे में हम आज आपको एक ऐसी टैनिंग हटाने वाली साबुन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप घर पर ही तैयार कर सकते हैं। इस साबुन



को बनाना काफी आसान है, और इसका असर आपको कुछ ही दिन में दिखने लगेगा। साबुन तैयार करने के बाद पैच टेस्ट करें, यदि ये आपको सूट कर रहा है, तो रोजाना इसका इस्तेमाल करें।

### विधि

इस साबुन को बनाने के लिए सबसे पहले ग्लिसरीन साबुन के बेस को छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इसे पिघलाना है। यदि आपके पास डबल बॉयलर है तो साबुन पिघलाने के लिए इसका इस्तेमाल करें। आप चाहें तो इसे माइक्रोवेव में 30 सेकंड के लिए भी गर्म कर सकते हैं। जब ये पिघल जाए तो इसमें नींबू का रस, हल्दी, एलोवेरा जेल, दूध, चंदन पाउडर, गुलाब जल, नारियल तेल और ऑरेंज पील पाउडर डालें। इसे अच्छे से चम्मच की मदद से लगातार चलाते रहें, वरना इसमें गांठ रह जाती है। अब बारी आती है साबुन बनाने की तो इसके लिए इस मिश्रण को सिलिकॉन या प्लास्टिक मोल्ड में डालें। इसे कम से कम 4-5 घंटे तक सेट होने दें। जब साबुन पूरी तरह ठंडा और सख्त हो जाए, तो इसे मोल्ड से निकाल लें। इस साबुन को रोजाना नहाने के समय इस्तेमाल करें। ये साबुन केमिकल-फ्री, नेचुरल और स्किन-फ्रेंडली होता है, जिससे आपकी त्वचा चमकदार और निखरी हुई दिखेगी।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 20 मार्च 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2081 शके 1946 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते बसंत ऋतौ चैत्र मासोमते कृष्ण पक्षे षष्ठी तिथौ गुरु वासरे 26/46/ अनुराधा नक्षत्रे 23/32/ वज्र योग 18/20/ गर करणे 13/42/वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.26मि.46पर। शीतला षष्ठी। श्रीएकनाथ षष्ठी।

**मेष :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। जीवन स्तर में सुधार होगा।

**वृष :** पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। लंबी यात्रा का योग है प्रिय जन समागम होगा।

**मिथुन :** सम्मान का लाभ मिलेगा। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। संयम से लाभ होगा ।

**कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा।

**सिंह :** शाही खर्चे से बचना होगा। आर्थिक मामलों में जोखिम से बचना होगा। परिजनों के स्वास्थ्य पर व्यय होगा।

**कन्या :** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। पुरानी समस्याओं का समाधान होगा।

**तुला :** पारिवारिक जीवन सुख मय होगा। आपके प्रभाव में वृद्धि होगी। धैर्य बनाए रखें। सत्परामर्श से उन्नति होगी।

**वृश्चिक :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यश कीर्ति में वृद्धि। संबंधों में निकटता होगी। धन आगमन व संचय।

**धनु :** वराजनीतिक योजना को बल मिलेगा। पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। सामाजिक प्रभाव बढ़ेगा।

**मकर :** व्यक्ति विशेष के कारण समस्या आ सकती है। चली आ रही समस्या का समाधान होगा। सावधानी रखें।

**कुंभ :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा की स्थिति सगत रहेगी। संयम। शिरोव्यथा व उदर व्याधि भय रहेगा।

**मीन :** दांपत्य जीवन सुखमय। परिवार का सहयोग मिलेगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। संचित कोष से व्यय होगा।

# अब आया स्लो फैशन का जमाना

अगर आप एआई से जुड़ी खबरों को आम सूचना मानकर आगे बढ़ जाना चाहते हैं, किसी प्रकार का नवाचार रोमांच नहीं देता, डिजिटल दौर में हरदम आपको कुछ अपर्याप्त सा महसूस होता है तो आप अकेले नहीं हैं। दरअसल, आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं जो बाजार, प्रचार व विज्ञापनों के नियंत्रण में नहीं, बल्कि सहजता के आकर्षण में बने हैं। कम में खुशी, संतोष और प्रकृति के प्रति जागरूकता आपका स्वभाव है।

वास्तव में यही है स्लो लिविंग की वह अवधारणा, जो कि बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशकों में इटली में हुए 'स्लो फूड' आंदोलन से जुड़ी है। यह आंदोलन फास्टफूड के बढ़ते चलन के प्रतिक्रिया के रूप में सामने आया। इसी से प्रेरित होकर सोशल एक्टिविस्ट केट फ्लेटचर ने वर्ष 2007 में फैशन इंडस्ट्री में स्लो फैशन की वकालत की थी।

बता दें कि स्लो फैशन में कपड़ों की गुणवत्ता पर जोर होता है, मात्रा पर नहीं। इसलिए यहां कपड़ों के फैब्रिक, डाई या धागों की वेस्टेज न के बराबर होती है। फास्ट और ट्रेंडी दिखने की चाहत में जब चाहे फैशनेबल कपड़ों को इकटठा करने का हिमायती नहीं है स्लो फैशन। यहां हर पहनावा क्लासिक और टाइमलेस ब्यूटी लिए होता है।

### सितारे दे रहे धार

सेलेब्रिटी जगत स्लो फैशन की अवधारणा को धार देने व इसे आम लोगों तक पहुंचाने में आज मुख्य भूमिका में हैं। जैसे, ग्रैमी विजेता रिकी केज कान जैसे बड़े वैश्विक मंच पर भी अपने आउटफिट को दोहराने में भी गर्व महसूस करते हैं। अधिक समय नहीं हुआ जब दक्षिण की अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने मां की 30 साल पुरानी साड़ी पहनी और उनकी यूं लंबे समय तक साड़ी को सहेजकर रखने की कला की प्रशंसा भी की। 69वें



राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के मौके पर आलिया भट्ट ने अपनी शादी की साड़ी पहनकर सबका ध्यान खींचा। अभिनेत्री दीया मिर्जा ने जहां अपनी शादी पर नानी की साड़ी पहनी, तो वहीं यामी गौतम ने अपनी मां की। इसी तरह, दीपिका पादुकोण ने अपनी मेहंदी सेरेमनी के दौरान मरून कलर का सूट पहना, जिसे अपनी सालगिरह पर रिपीट भी किया। बताते चलें कि कुछ दशक पूर्व महंगे कपड़े खरीदना एक लंबे समय का निवेश माना जाता था। अलमारी के एक विशेष कोने में सिल्क, बनारसी आदि महंगे कपड़ों को किसी खास मौके के लिए सुरक्षित रखा जाता। अच्छी गुणवत्ता वाली फैब्रिक युक्त कुछ ही जोड़ी हों तो वे ही समृद्धि की अनुभूति करातीं। उस खुशी की बराबरी फास्ट फैशन नहीं कर सकता।

### फैशन उद्योग की पहल

शिल्पी गुप्ता उत्तर प्रदेश व गुजरात के स्थानीय कारीगरों के साथ काम करते हुए प्राचीन विरासत को वैश्विक मंच तक ले जा रही हैं। रोजी अहलुवालिया खादी व स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर वैश्विक मंचों पर प्रस्तुत कर रही हैं। मेघालय के डेनियल सिम उत्तर-पूर्व की विरासत रिंडिया, जो कि पारंपरिक रूप से गारो व खासी की पहचान रही है, को दुनिया के बड़े फैशन मंच पर प्रदर्शित कर चुके हैं। ये सभी भारत टेक्स 2025 में शामिल हुए।

भारत सरकार के साथ इसकी अन्य आयोजनकर्ता आलेख फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. रेनी जाय भी स्लो फैशन पर कार्यरत हैं। वे मानती हैं कि विश्व मंच पर स्लो फैशन की जागरुकता बढ़ी है।

# किसान दिवस का आयोजन योजनाओं की दी गई जानकारी

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर कृषि विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी किसानों को दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुयी उसे तत्काल निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान दिवस आयोजन करने का उद्देश्य है कि किसानों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाए और उनसे जुडी समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित की जाए



जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा किसानों को वाल और टेबल कैलेंडर, बैग एवं प्राकृतिक खेती के विषय पर आधारित चार्ट वितरित किया गया। डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक ने बताया कि गेहूं क्रय केंद्र 17 मार्च से संचालित हो गए हैं। इस वर्ष गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में गत वर्ष से 150 रुपए प्रति कुंतल की वृद्धि हुई है। प्रति कुंतल गेहूं की एमएसपी 2425 रुपए है। गेहूं विक्रय के लिए किसान बंधु किसी भी जन सेवा केंद्र पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं। किसान बंधु द्वारा स्वयं अपने मोबाइल में किसान मित्र ऐप डाउनलोड करके भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। इसके अलावा अपने नजदीकी किसी भी धान क्रय केंद्र पर जाकर निःशुल्क अपना पंजीकरण करा सकते हैं।किसान बंधुओं की सुविधा के लिए जिलाधिकारी द्वारा कुल 40 मोबाइल क्रय केंद्र भी बनाए गए हैं। जिस गांव में एक ट्रक लोड गेहूं मिलने की संभावना हो, वहां मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसान के घर जाकर तौल कराई जाएगी। एक दिन पहले किसान बंधु कंट्रोल रूम के नम्बर 05452350857 पर गेहूं तौल के लिए फोन कर सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेंद्र सोनकर ने किसानों को बताया कि अधिक से अधिक वर्मी कंपोस्ट बनाकर खेत में डाले जिससे मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी और गुणवत्ता युक्त अन्न उगाया जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उप निदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी, सहित अन्य अधिकारीगण और किसान उपस्थित रहे।

# समग्र विकास के लिए मदरसा आधुनिकीकरण योजना अत्यंत महत्वपूर्ण : दानिश आजाद अंसारी

स्वतंत्र भारत मऊ। उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी ने प्रदेश के मदरसों के आधुनिकीकरण एवं अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के शैक्षिक, आर्थिक, शारीरिक व मानसिक विकास से संबंधित योजनाओं के संचालन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि आपके कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अल्पसंख्यक समाज की शिक्षा और रोजगार के प्रति बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने अल्पसंख्यक नौजवानों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मदरसा शिक्षा को आधुनिक तरीके से संचालित कर



अल्पसंख्यक नौजवानों की शिक्षा को एक नई दिशा देने का सराहनीय कार्य किया है।श्री अंसारी ने कहा कि प्रदेश में स्कीम फॉर प्रोवाइडिंग एजुकेशन-टू-मदरसा एण्ड माइनॉरिटीज (एसपीईएमएम) द्वारा मदरसा आधुनिकीकरण योजना का आरंभ किया गया, जिसका उद्देश्य मदरसों में पारंपरिक धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक विषयों में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और कंप्यूटर शिक्षा को सम्मिलित किया गया है। यह योजना अल्पसंख्यक समाज के छात्रों को मुख्यधारा में लाने और उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस योजना के तहत आधुनिक विषयों की पढ़ाई करवाने वाले शिक्षकों के मानदेय को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस योजना के क्रियान्वयन में कुछ कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका समाधान शीघ्रता से किया जाए तो यह योजना अधिक प्रभावी सिद्ध हो सकती है। यह योजना अभी तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से चल रही है यदि इसे राज्य सरकार के माध्यम से पूर्णता संचालित किया जाए तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में यह योजना सफल होगी और राज्य के अल्पसंख्यक छात्रों को भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

# उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति

स्वतन्त्र भारत। गाजीपुर प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद गाजीपुर में दिनांक 25 मार्च, से 27 मार्च, 2025 तक समस्त विभाग की सम्पूर्ण योजनाये एवं सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की व्यापक प्रचार प्रसार/प्रदर्शनी लगाने एवं तैयारियों के के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्टेउट सभागार में जनपद के समस्त अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न की। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनपद में 03 दिवसीय मेला एवं गोष्ठी/कवि सम्मेलन/लोक संगीत/प्रचार सम्बन्धी नुक्कड नाटक कार्यक्रम आयोजित होने के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान बताया कि उक्त आयोजित कार्यक्रम/प्रदर्शनी में सभी विभागाध्यक्ष अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं यथा प्रधानमंत्री किसान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, गेहूँ खरीद योजना आदि के सम्बन्ध में जनसामान्य को जानकारी दी जानी है, इसके अलावा जनपद में प्राप्त विनिवेश व विशेष उपलबिया यथा मेडिकल कॉलेज, ओडी ओपी में निर्यात के आँकड़े का प्रचार, आदि की जानकारी आमजन मानस को जानकारी दी जायेगी। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों का निर्देशित किया कि यह तीन दिवसीय मेला/प्रदर्शनी आयोजित किया जाना है, जिसमें योजनाओं एंव परियोजनाओं से सम्बन्धित समस्त योजनाओं की जानकारी अपने स्टाल एवं एल0ई0डी के माध्यम से दिया जायेगा। जिस सम्बन्ध में पहले भव्य तैयारिया कर ले तथा यह सुनिश्चित कर ले कि कार्यक्रम सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओ एवं परियोजनाओ उपब्धियों की जानकारी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ आमजनमानस को जनाकारी दिया जाना है। जिससे लाभार्थी लाभ भरक योजनाओं से लाभ प्राप्त कर सके।

## बीएसएस परशुराम सेना ने किया होली मिलन

स्वतंत्र भारत मऊ। ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ परशुराम सेना के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन जनपद मऊ के सुप्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0श्रीनाथ पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्राह्मण विकास परिषद के अध्यक्ष पं0ऋकेश पाण्डेय, पूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष जितेंद्रनाथ दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं0 सुरेन्द्रनाथ मिश्रा व संचालन संगठन के जिला प्रभारी पं0प्रेम प्रतीक दुबे ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पं0अजीत कुमार पाण्डेय के आदेश पर सदर तहसील स्थित शिव मंदिर के मुख्य पुजारी पं0मनीष महराज को परशुराम सेना युवा प्रकोष्ठ मऊ का जिलाध्यक्ष बनाया गया। शीतला माता मंदिर के मुख्य पुजारी पं0दीपक महाराज, सरस्वती महाराज, मोनू महाराज, पप्पू महाराज, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ममता पाण्डेय,जिला उपाध्यक्ष प्रियंका त्रिपाठी, पूर्वांचल प्रभारी पंकज पाण्डेय आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## खबर एक नज़र

### जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र भारत मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित कर करेंत्तर राजस्व वसूली तथा अन्य राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। कर करेंत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान माह हेतु निर्धारित लक्ष्य 135.30 करोड़ रुपए के सापेक्ष 68.82 करोड़ रुपए की वसूली पाई गई। जो कुल के सापेक्ष 76.25 प्रतिशत है। जिसमें व्यापार कर में 61.96त, स्टांप रजिस्ट्रेशन में 91.53 प्रतिशत, परिवहन कर में 75.66 प्रतिशत, आबकारी में 67.65त, खनन में 55.67 प्रतिशत, विद्युत देय में 65.58 प्रतिशत, बैंक देय 102.28 प्रतिशत है।जिलाधिकारी ने ऐसे समस्त विभागों को जिनका लक्ष्य के सापेक्ष वसूली शत् प्रतिशत नहीं है उन्हें विशेष प्रयास कर आगामी माह में वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष शत् प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को ईट भट्ठे वालों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। मुख्य देय एवं विविध देय की वसूली लक्ष्य के सापेक्ष पाई गई। अमीनवार औसत वसूली में खराब प्रदर्शन करने वाले अमीनो के खिलाफ कार्यवाही करने के भी निर्देश उन्होंने दिए। 10 बड़े बकायेदारों की वसूली की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आवश्यक होने पर संबंधित की संपत्ति कुर्क कर नीलामी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए। वादों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समाधान योजना के तहत अधिक से अधिक मामले निपटाने को कहा। आडिट आपत्तियों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी को आडिट आपत्तियों का गहनता से अध्ययन कर अग्रेत्तर कार्यवाही करने को कहा। भू आवंटन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि एवं आवास हेतु लक्ष्य के सापेक्ष लोगों को भूमि आवंटन करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने भू माफियाओं तथा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### शासन के मंशा अनुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह फरवरी तक आवंतित धनराशि

स्वतन्त्र भारत। गाजीपुर वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपाध्याय ने बताया है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। शासन की मंशा के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह 02-2025 तक आवंटित धनराशि का उपयोग 15.03.2025 तक तथा माह 03-2025 में 15 मार्च या उसके बाद आवंटित बजट का 31.03.2025 में शासन द्वारा निर्धारित समय सायं 05 बजे तक प्रत्येक स्थिति में आहरण वितरण अधिकारी द्वारा कोषागार में बिल प्रस्तुत कर आहरण सुनिश्चित कर प्रत्येक स्थिति में उपभोग कर लिया जाना है एवं इसके उपरांत जो धनराशि उपभोग नहीं की जायेगी वह धनराशि स्वतः कालातित हो जायेगी, इसके लिए आवश्यक है कि धनराशि को प्रत्येक दशा में 31 मार्च तक उपभोग कर लिया जाये अथवा अपने विभाग के वित्त नियंत्रक को समर्पित कर दिया जाय। इसी कम में यह भी अवगत कराना है कि कुछ भुगतान त्रुटिवश गलत बेनिफिशरी बनाये जाने के कारण ई-कुबेर व्यवस्था के अंतर्गत स्वतः डी0डी0ओ0 पोर्टल पर संबंधित विभाग के रिटर्न ट्राजेक्शन में जमा हो जाता है। जिसे पुनः डी0डी0ओ0 पोर्टल द्वारा लेखाशिर्षक 8670 से सामान्य देयक प्रपत्र-105 के माध्यम से भुगतान सही बेनिफिशरी खातें में किया जाता है। उक्त के क्रम में यह भी अवगत कराना है कि जो ट्राजेक्शन 31.03.2025 तक रिटर्न हो जायेगें उनका आहरण संबंधित विभाग द्वारा डी0डी0ओ0 पोर्टल के माध्यम से 30.04.2025 तक ही लेखाशिर्षक 8670 से सामान्य देयक प्रपत्र 105 के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है। इसके पश्चात उक्त रिटर्न ट्राजेक्शन की धनराशि कालातीत हो जायेगी। उन्होने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों से अनुरोध है कि कृपया तत्परता से उक्त निर्देशानुसार आहरण करना / कराना सुनिश्चित करें। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### एनएसएस की सात दिवसीय योजना का शुभारंभ

स्वतंत्र भारत ज.मानिया। जमानियां। स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमानियां गाजीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्र) के सात दिवसीय विशेष



शिविर का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह एवं मुख्य अतिथि श्री मन्नू सिंह,कीआगुवाई में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पुरातत्र मन्नू सिंह रहे उन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवकों को समाज के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी और अपने जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया।आगे के वक्तव्य में उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए छात्राओं को सफलता के टिप्स दिए और कहा कि छात्राएं राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सामुदायिक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भागीदारी कर अपने व्यक्तित्व को बहुआयामी बना सकती हैं। इससे उन्हें हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में मदद मिलेगी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह ने छात्र-छात्राओं को भी बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिषेक तिवारी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अभिषेक तिवारी ने बताया कि यह विशेष शिविर 19 मार्च 2025 से 25 मार्च 2025 तक चलेगा। शिविर के अंतर्गत ग्राम स्वच्छता, वित्तीय साक्षरता, नशा मुक्ति, मतदाता जागरूकता रैली, टीकाकरण, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित महाविद्यालय के आईक्यूएसी प्रभारी डॉ.अरुण कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय उपजिलाधिकारी सलोन, जनपद रायबरेली

पत्रांक 134/रा0नि0(कार्या0)/भूलेख–तालाब आवंटन/2024–25 दिनांक 12 मार्च 2025

### विज्ञप्ति

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि तहसील सलोन जनपद रायबरेली के अन्तर्गत पड़ने वाले राजस्व ग्रामों में निम्नलिखित तालाबों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा नीलामी किये जाने हेतु दिनांक 27 मार्च 2025 से 28 मार्च 2025 तक मत्स्य पालन पट्टा नीलामी शिविर का आयोजन तहसील सलोन के सभागार में किया जायेगा। जिसमें इच्छुक पात्र व्यक्तियों के प्रातः10 बजे से 1.00 बजे तक आवेदन पत्र लिये जायेंगे तथा 01.00 बजे के बाद नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। तालाबों की नीलामी हेतु नायब तहसीलदार सलोन को नीलाम अधिकारी नियुक्त किया जाता है। तालाबों की नीलामी के सम्बन्ध में उ0प्र0 राजस्व संहित 2006 के नियम 57 व 58 द्वारा की जायेगी जो तहसील मुख्यालय/राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है। सर्वोच्च बोली बोलने वाले समिति/व्यक्ति को नीलामी धनराशि एक वर्ष के लगान का 1/4 भाग तुरन्त जमा करना होगा। शेष 3/4 भाग नीलामी तिथि के 15 दिनों के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। सभी बोलीदाता को विज्ञापन की तिथि से आय, निवास प्रमाण पत्र जो 06 माह से अधिक पुराना न हो बोली के समय प्रस्तुत करना होगा। मत्स्य पालन पट्टे की अवधि 10 वर्ष जिसका न तो आगे नवीनीकरण होगा न ही बढ़ाया जायेगा। विस्तृत जानकारी कार्यालय तहसीलदार के राजस्व निरीक्षक (कार्यालय) से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। नीलामी को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| क्रम सं0 | तहसील का नाम | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | ग्राम का नाम | तालाबों का विवरण: गाटा सं0 | तालाबों का विवरण: क्षे0 | रा0सं की धारा 61 अन्तर्गत 2 हे0 से कम क्षेत्रफल वाले तालाबों की लगान 5000रू0 एवं 5हे0 से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का लगान 10000रू0 प्रति हे0 प्रतिवर्ष की दर से प्रति वर्ष हेतु आरक्षित है। | बोली हेतु आरक्षित न्यूनतम धनराषि 1/4 भाग | नीलामी का दिनांक स्थान व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सलोन | सलोन | औनानीस | औनानीस | 582 | 0.2660 | 1330 | 333 | 27 मार्च 2025 तहसील सलोन सभागार प्रातः 10:00 बजे से |
| 2 | सलोन | सलोन | रेवली | पूरे मो0 सईद उर्फ उमर | 101 | 0.3470 | 1735 | 434 | |
| 3 | सलोन | सलोन | रेवली | | 102 | 0.290 | 1345 | 336 | |
| 4 | सलोन | सलोन | करेमुवा | सोनबरसा | 354 | 0.4550 | 2275 | 569 | |
| 5 | सलोन | सलोन | करेमुवा | सोनबरसा | 396 | 0.2530 | 1265 | 316 | |
| 6 | सलोन | सलोन | करेमुवा | करेमुवा | 48 | 0.3790 | 1895 | 474 | |
| 7 | सलोन | सलोन | रेवली | रेवली | 936 | 0.4710 | 2355 | 589 | |
| 8 | सलोन | सलोन | मोहनगंज | मोहनगंज | 332 | 0.3160 | 1580 | 395 | |
| 9 | सलोन | सलोन | जमुर्वा बुजुर्ग | जमुरवा खुर्द | 106मि0 | 0.2330 | 1165 | 291 | |
| 10 | सलोन | सलोन | जमुर्वा बुजुर्ग | जमुरवा खुर्द | 507 | 0.5250 | 2625 | 656 | |
| 11 | सलोन | सलोन | जमुर्वा बुजुर्ग | जमुरवा बुर्जुग | 290क | 1.8180 | 9090 | 2273 | |
| 12 | सलोन | सलोन | जमुर्वा बुजुर्ग | जमुरवा बुर्जुग | 98 | 0.3700 | 1850 | 463 | |
| 13 | सलोन | सलोन | जमुर्वा बुजुर्ग | जमुरवा बुर्जुग | 152 | 0.9950 | 4975 | 1244 | |
| 14 | सलोन | सलोन | जमुर्वा बुजुर्ग | जमुरवा बुर्जुग | 171 | 0.4330 | 2165 | 541 | |
| 15 | सलोन | सलोन | टिकरिया तालुके बराडीह | बराडीह | 553/2 | 0.4580 | 2290 | 573 | |
| 16 | सलोन | सलोन | रेवहारा | रेवहारा | 264 | 0.3190 | 1595 | 399 | |
| 17 | सलोन | सलोन | रेवहारा | रेवहारा | 340 | 0.4720 | 2360 | 590 | |
| 18 | सलोन | सलोन | नायन | नायन | 1242 | 23.2240 | 6120 | 1530 | |
| 19 | सलोन | सलोन | नायन | नायन | 1131 | 5190 | 2595 | 649 | |
| 20 | सलोन | सलोन | खैरहनी पहाड़गढ़ | खैरहनी पहाड़गढ़ | 407 | 0.5160 | 2580 | 645 | |
| 21 | सलोन | सलोन | खैरहनी पहाड़गढ़ | खैरहनी पहाड़गढ़ | 459 | 0.2400 | 1200 | 300 | |
| 22 | सलोन | सलोन | राजापुर चकबीबी | राजापुर चकबीबी | 376 | 0.509 | 2545 | 637 | |
| 23 | सलोन | सलोन | बेवली | बेवली | 316 | 1.530 | 6265 | 1566 | |
| 24 | सलोन | सलोन | बेवली | बेवली | 929 | 0.3040 | 1520 | 380 | |
| 25 | सलोन | सलोन | बेवली | बेवली | 614 | 0.3540 | 1770 | 443 | |
| 26 | सलोन | सलोन | बेवली | बेवली | 1122 | 0.2640 | 1320 | 330 | 27 मार्च 2025 तहसील सलोन सभागार प्रातः 10:00 बजे से |
| 27 | सलोन | सलोन | कमालापुर | कमालापुर | 1408 | 0.2300 | 1150 | 2880 | |
| 28 | सलोन | सलोन | कमालापुर | कमालापुर | 1419मि0 | 0.500 | 2500 | 625 | |
| 29 | सलोन | सलोन | कमालापुर | कमालापुर | 1409 | 0.6100 | 3050 | 763 | |
| 30 | सलोन | सलोन | पियारेपुर | जयरामपुर पाण्डेय | 124 | 0.5060 | 3030 | 633 | |
| 31 | सलोन | सलोन | किठावां | किठावां | 1525 | 0.905 | 4525 | 1131 | |
| 32 | सलोन | सलोन | किठावां | किठावां | 883 | 0.2500 | 1250 | 313 | |
| 33 | सलोन | सलोन | किठावां | किठावां | 1770 | 0.2080 | 1040 | 260 | |
| 34 | सलोन | सलोन | किठावां | किठावां | 1357 | 0.590 | 2545 | 637 | |
| 35 | सलोन | सलोन | किठावां | किठावां | 139 | 0.7720 | 3860 | 965 | |
| 36 | सलोन | सलोन | किठावां | किठावां | 1869 | 0.4480 | 2240 | 560 | |
| 37 | सलोन | सलोन | अतरथरिया | अतरथरिया | 978ख | 2.3390 | 23390 | 5848 | |
| 38 | सलोन | सलोन | अतरथरिया | अतरथरिया | 1023ख | 2.0000 | 10,000 | 2500 | |
| 39 | सलोन | सलोन | कमालापुर | कोडरी | 112 | 0.3070 | 1535 | 384 | |
| 40 | सलोन | सलोन | केमूपुर | केमूपुर | 320मि0 | 0.7160 | 3580 | 895 | |
| 41 | सलोन | सलोन | केमूपुर | केमूपुर | 553 | 0.810 | 4050 | 1013 | |
| 42 | सलोन | सलोन | केमूपुर | केमूपुर | 144मि0 | 1.423 | 7115 | 1779 | |
| 43 | सलोन | सलोन | गोडवाहसनपुर | गोड़वाहसनपुर | 46 | 0.8210 | 4105 | 1026 | |
| 44 | सलोन | सलोन | करेमुवा | चकनेकनामपुर | 104मि | 0.5190 | 2945 | 649 | |
| 45 | सलोन | सलोन | हरपुर हल्ला | हरपुरहल्ला | 893 | 0.5750 | 2875 | 719 | |
| 46 | सलोन | सलोन | पकसरांवां | पकसरांवां | 799 | 0.5440 | 2720 | 680 | |
| 47 | सलोन | सलोन | कहुवा | मदापुर | 90गमि0 | 0.2630 | 1315 | 329 | |
| 48 | सलोन | डीह | मधुकरपुर | मधुकरपुर | 576 | 0.5060 | 2530 | 633 | |
| 49 | सलोन | डीह | बिरनावां | बिरनावा | 664 | 0.4870 | 3435 | 859 | |
| 50 | सलोन | डीह | बिरनावां | बिरनावा | 7400 | 0.9710 | 4855 | 1214 | |
| 51 | सलोन | डीह | बिरनावां | बिरनावा | 8476 | 0.2360 | 1180 | 295 | |
| 52 | सलोन | डीह | बिरनावां | बिरनावा | 6071मि0 | 4.805 | 48050 | 12013 | |
| 53 | सलोन | डीह | मऊ | मऊ | 512 | 0.395 | 1975 | 494 | |
| 54 | सलोन | डीह | खेतौंधन | खेतौंधन | 1280 | 1.9850 | 9925 | 2481 | |
| 55 | सलोन | डीह | रोखा | रोखा | 3623 | 0.2240 | 1120 | 280 | |
| 56 | सलोन | डीह | रोखा | रोखा | 3563 | 0.5940 | 2970 | 743 | |
| 57 | सलोन | डीह | रोखा | रोखा | 4420 | 1.9940 | 9970 | 2493 | |
| 58 | सलोन | डीह | रोखा | रोखा | 4360क | 0.2530 | 1265 | 317 | |
| 59 | सलोन | डीह | रोखा | रोखा | 4361 | 0.4740 | 2370 | 593 | |
| 60 | सलोन | डीह | रोखा | रोखा | 4366 | 1.4680 | 7340 | 1835 | |
| 61 | सलोन | डीह | पोठई | पोठई | 1556 | 0.6170 | 3085 | 771 | |
| 62 | सलोन | डीह | पोठई | पोठई | 3261 | 1.100 | 5500 | 1375 | |
| 63 | सलोन | डीह | बेतौरा | बेतौरा | 1574 | 0.5370 | 2685 | 671 | |
| 64 | सलोन | डीह | पोठई | कोरवर | 723 | 0.3370 | 1685 | 421 | |
| 65 | सलोन | डीह | मझिलहा | रेवरीसैदपुर | 171 | 0.2530 | 1265 | 316 | |
| 66 | सलोन | डीह | मझिलहा | मझिलहा | 1314 | 0.5030 | 2515 | 629 | |
| 67 | सलोन | डीह | मझिलहा | मझिलहा | 1337 | 0.3010 | 1505 | 376 | |
| 68 | सलोन | डीह | मझिलहा | मझिलहा | 1153 | 0.2690 | 1345 | 336 | |
| 69 | सलोन | डीह | जगदीशपुर | जगदीषपुर | 1565क | 1.2050 | 6025 | 15106 | |
| 70 | सलोन | डीह | रायपुर टोडी | रायपुर टोडी | 181 | 0.5250 | 2625 | 656 | |
| 71 | सलोन | डीह | रायपुर टोडी | किया | 774मि0 | 0.7350 | 3674 | 919 | |
| 72 | सलोन | डीह | अहल | अहल | 20 | 0.5030 | 2515 | 629 | |
| 73 | सलोन | छतोह | बेढ़ौना | बेढौना | 1965 | 0.7810 | 3905 | 977 | 28 मार्च 2025 तहसील सलोन सभागार प्रातः 10:00 बजे से |
| 74 | सलोन | छतोह | बेढ़ौना | बेढौना | 544 | 0.4860 | 2430 | 608 | |
| 75 | सलोन | छतोह | बेढ़ौना | बेढौना | 206मि0 | 1.4330 | 7165 | 1791 | |
| 76 | सलोन | छतोह | जगतपुर | जगतपुर | 413 | 0.9670 | 4835 | 1209 | |
| 77 | सलोन | छतोह | जगतपुर | जगतपुर | 436 | 0.8620 | 4310 | 1078 | |
| 78 | सलोन | छतोह | जगतपुर | गोपालीपुर | 259 | 0.2780 | 1390 | 348 | |
| 79 | सलोन | छतोह | पदुमपुर | पदुमपुर | 360 | 0.5420 | 2710 | 678 | |
| 80 | सलोन | छतोह | पदुमपुर | पदुमपुर | 574 | 0.2980 | 1490 | 373 | |
| 81 | सलोन | छतोह | पदुमपुर | पदुमपुर | 578 | 0.2980 | 1490 | 373 | |
| 82 | सलोन | छतोह | बरावां | बरांवां | 706 | 0.5370 | 2637 | 659 | |
| 83 | सलोन | छतोह | बरावां | बरांवां | 397 | 0.3490 | 1745 | 436 | |
| 84 | सलोन | छतोह | बरावां | बरांवां | 577 | 0.4930 | 2465 | 616 | |
| 85 | सलोन | छतोह | कांटा | कांटा | 294 | 0.8730 | 8380 | 1095 | |
| 86 | सलोन | छतोह | बेवल | बेवल | 1140 | 0.4200 | 2100 | 525 | |
| 87 | सलोन | छतोह | बेवल | बेवल | 1630 | 0.2970 | 1485 | 371 | |
| 88 | सलोन | छतोह | बेवल | बेवल | 389ख | 0.7800 | 3900 | 975 | |
| 89 | सलोन | छतोह | परैया नमकसार | परैयानमकसार | 104मि0 | 0.236 | 2595 | 649 | |
| 90 | सलोन | छतोह | बभनपुर | बभनपुर | 219 | 0.2380 | 1190 | 298 | |
| 91 | सलोन | छतोह | बभनपुर | बभनपुर | 727मि | 0.3400 | 1700 | 425 | |
| 92 | सलोन | छतोह | चन्दाबाहीपुर | चन्दाबाहीपुर | 107 | 0.5400 | 2700 | 675 | |
| 93 | सलोन | छतोह | चन्दाबाहीपुर | चन्दाबाहीपुर | 554 | 0.2830 | 1415 | 354 | |
| 94 | सलोन | छतोह | अशरफपुर | अषरफपुर | 1606 | 0.6510 | 3255 | 814 | |
| 95 | सलोन | छतोह | अशरफपुर | अषरफपुर | 1067 | 0.3220 | 1610 | 403 | |
| 96 | सलोन | छतोह | अशरफपुर | अषरफपुर | 527मि0 | 0.3580 | 1790 | 448 | |
| 97 | सलोन | छतोह | अशरफपुर | अषरफपुर | 480 | 0.8160 | 4080 | 1020 | |
| 98 | सलोन | छतोह | अशरफपुर | अषरफपुर | 299 | 0.3100 | 1550 | 388 | |
| 99 | सलोन | छतोह | बारा | बारा | 480 | 0.8160 | 4080 | 1020 | |
| 100 | सलोन | छतोह | बारा | बारा | 299 | 0.3100 | 1550 | 388 | |
| 101 | सलोन | छतोह | बारा | बारा | 576 | 0.2430 | 1215 | 304 | |
| 102 | सलोन | छतोह | बारा | बारा | 304 | 0.5690 | 2845 | 711 | |
| 103 | सलोन | छतोह | अब्दूमऊ | अब्दूमऊ | 233 | 0.5060 | 2530 | 633 | |
| 104 | सलोन | छतोह | अब्दूमऊ | डीघा | 1067 | 0.2610 | 1305 | 326 | |
| 105 | सलोन | छतोह | सरांय | सरांय | 268 | 0.3160 | 1580 | 395 | |
| 106 | सलोन | छतोह | जमालपुर हुर्रैया | जमालपुर हुर्रैया | 264 | 1 815 | 9075 | 2269 | |
| 107 | सलोन | छतोह | जमालपुर हुर्रैया | जमालपुर हुर्रैया | 358 | 1. 214 | 6070 | 1518 | |
| 108 | सलोन | छतोह | जमालपुर हुर्रैया | जमालपुर हुर्रैया | 558 | 0.8090 | 4045 | 1011 | |
| 109 | सलोन | छतोह | बरखुरदारपुर | बरखुरदारपुर | 228 | 0.8140 | 4070 | 1018 | |
| 110 | सलोन | छतोह | बरखुरदारपुर | बरखुरदारपुर | 583 | 0.3670 | 1835 | 459 | |
| 111 | सलोन | छतोह | कुवरमऊ | कुवरमऊ | 668 | 0.4630 | 2315 | 579 | |
| 112 | सलोन | छतोह | कुवरमऊ | कुवरमऊ | 2103 | 0.5220 | 2610 | 653 | |
| 113 | सलोन | छतोह | कुवरमऊ | कुवरमऊ | 1395 | 0.6430 | 3215 | 804 | |
| 114 | सलोन | छतोह | चतुरपुर | चतुरपुर | 447 | 0.5690 | 2845 | 711 | |
| 115 | सलोन | छतोह | भेलिया | भेलिया | 218 | 0.5060 | 2530 | 633 | |
| 116 | सलोन | छतोह | भेलिया | भेलिया | 692 | 0.3410 | 1705 | 426 | |
| 117 | सलोन | छतोह | भेलिया | भेलिया | 1060 | 0.2970 | 1485 | 371 | |
| 118 | सलोन | छतोह | भेलिया | भेलिया | 648 | 0.6760 | 4565 | 1141 | |
| 119 | सलोन | छतोह | कुढ़ा | तारापुर | 581 | 0.5340 | 2670 | 668 | |
| 120 | सलोन | छतोह | काजीपुर तेलियानी | काजीपुर तेलियानी | 202 | 0.3320 | 1610 | 403 | |
| 121 | सलोन | छतोह | | | 1209 | 0.0260 | 20260 | 5065 | |
| 122 | सलोन | छतोह | बनी | बनी | 45 | 0.2780 | 1390 | 384 | |
| 123 | सलोन | छतोह | बनी | बनी | 224 | 3.341 | 33410 | 8353 | 28 मार्च 2025 तहसील सलोन सभागार प्रातः 10:00 बजे से |
| 124 | सलोन | छतोह | मेदापुर | मेदापुर | 572 | 0.3790 | 1895 | 474 | |
| 125 | सलोन | छतोह | मेदापुर | मेदापुर | 1148 | 0.5270 | 2885 | 721 | |
| 126 | सलोन | छतोह | मेदापुर | मेदापुर | 540 | 5120 | 2560 | 640 | |
| 127 | सलोन | छतोह | भुवालपुर सिसनी | भुवालपुर सिसनी | 457 | 2.9730 | 29730 | 7433 | |
| 128 | सलोन | छतोह | भुवालपुर सिसनी | भुवालपुर सिसनी | 991 | 9.6370 | 96370 | 24093 | |
| 129 | सलोन | छतोह | भुवालपुर सिसनी | भुवालपुर सिसनी | 342 | 5.0870 | 50870 | 12718 | |
| 130 | सलोन | छतोह | भुवालपुर सिसनी | विषेषरपुर | 99 | 0.8250 | 4125 | 1031 | |
| 131 | सलोन | छतोह | कुकहा | कुकहा | 784 | 0.3340 | 1670 | 418 | |
| 132 | सलोन | छतोह | नसीराबाद | नसीराबाद | 1841मि0 | 2.4130 | 24130 | 6033 | |
| 133 | सलोन | छतोह | बनी | हाजीपुर | 58 | 0.9230 | 4615 | 1154 | |
| 134 | सलोन | छतोह | बनी | हाजीपुर | 43 | 0.4280 | 2140 | 535 | |
| 135 | सलोन | छतोह | बनी | हाजीपुर | 710 | 0.3540 | 1770 | 443 | |
| 136 | सलोन | छतोह | अब्दूमऊ | इटरौरा | 379 | 1.0050 | 5025 | 1256 | |
| 137 | सलोन | छतोह | अब्दूमऊ | इटरौरा | 589 | 0.2930 | 1465 | 366 | |
| 138 | सलोन | छतोह | जमालपुर हुर्रैया | महमपुर नमकसार | 246मि0 | 1.5510 | 7755 | 1939 | |
| 139 | सलोन | छतोह | जमालपुर हुर्रैया | महमपुर नमकसार | 865मि | 1.5510 | 7755 | 1939 | |
| 140 | सलोन | छतोह | लखापुर | लखापुर | 676 | 0.4810 | 2405 | 601 | |
| 141 | सलोन | छतोह | महानन्दपुर | महानन्दपुर | 237 | 0.7410 | 3705 | 926 | |
| 142 | सलोन | छतोह | दोस्तपुर बुढ़वारा | दोस्तपुर बुढवारा | 200 | 0.4540 | 2270 | 568 | |
| 143 | सलोन | छतोह | छतोह | छतोह | 1892 | 0.440 | 2200 | 550 | |

#### नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता एवं शर्तें :–

1. तालाब का आवटंन/नीलामी उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 में दिये गये प्राविधानानुसार किया जायेगा।
2. नीलामी की कार्यवाही सम्बन्धित क्षेत्रीय नायब तहसीलदार सलोन के द्वारा करायी जायेगी।
3. यदि किसी एक ही तालाब के लिये एक ही वरीयता क्रम के एक से अधिक व्यक्ति इच्छुक हैं तो ऐसे तालाबों का आवंटन नीलामी के माध्यम से किया जायेगा।
4. तालाबों की नीलामी बोली सर्वोच्च बोलीदाता के पक्ष में की जायेगी। सर्वोच्च बोलीदाता को नीलामी धनराशि 1/4 भाग तत्काल जमा करना होगा। यदि सर्वोच्च बोलीदाता नीलामी धनराशि की 1/4 भाग तत्काल जमा नहीं करता है तो उसके द्वारा अग्रिम जमा धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
5. नीलामी धनराशि की 3/4 भाग 15 दिन के अन्दर जमा करना होगा। यदि नीलामक्रेता पट्टा स्वीकृत के पश्चात् 15 दिन के अन्दर अवशेष 3/4 भाग नहीं जमा करता है तो उसके द्वारा जमा 1/4 भाग धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
6. नीलामी/आवंटन 10 वर्षों के लिये किया जायेगा और आवंन्टी/नीलामी क्रेता को प्रत्येक नीलामी धनराशि के बराबर धनराशि लगान के रूप प्रतिवर्ष में जमा करना होगा।
7. आवंटन/नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को जाति, निवास, व आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जो नीलाम/आवंटन की तिथि से 6 माह से अधिक पुराना न हो।
8. 2.0हे0 क्षेत्रफल तक के तालाबों का लगान रू0–5000 रू0/हे0/वर्ष व 2.0हे0 से अधिक क्षेत्रफल के तालाबों का लगान रू0 10000.00 प्रति हे0 प्रतिवर्ष होगा।
9. नीलामी आवंटन की कार्यवाही दिनांक 27.02.2025 व 28.02.2025 की प्रातः 10.00 बजे से तहसील सभागार सलोन में की जायेगी।
10. नीलामी/आंवटन स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार उपजिलाधिकारी सलोन का होगा।
11. नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राम पंचायत के मछुवा समुदाय का व्यक्ति तत्पश्चात् ग्राम पंचायत में निवास करने वाला गरीबी रेखा से नीचे का अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग अथवा सामन्य श्रेणी का व्यक्ति भाग ले सकता है।
12. उक्त मत्स्य पालन नीलामी/आवंटन में 2 हे0 अधिक/तालाब/पोखरों/मीनाशयों की नीलामी/आवंटन पंजीकृत व मत्स्य पालन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त समितियों द्वारा अदेयता प्रमाण पत्र देने के पश्चात् ही नीलामी में प्रतिभाग कर सकेंगे।
13. मत्स्य पालन पट्टा के लगान का बकायेदार व्यक्ति किसी भी दशा में मत्स्य पालन पट्टा की नीलामी में भाग लेने का अधिकार नही होगा।
14. जिन तालाबों के गाटा संख्या का आवंटन हो चुका है या अवधि शेष है त्रुटिवश विज्ञापन हो गया है तो ऐसे तालाबों की नीलामी नही की जायेगी।
15. पट्टे की शर्तें आवंटन/नीलामी से सम्बन्धित अन्य जानकारी नीलामी से पूर्व कार्यालय तहसीलदार सलोन से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(चन्द्र प्रकाश गौतम)
उपजिलाधिकारी
सलोन, रायबरेली।

उ0प्र0 231346 दिनांक– 18.03.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



स्वतंत्र भारत

# अयोध्या

लखनऊ, वृहस्पतिवार, 20 मार्च. 2025 (9)

अंबेडकरनगर




# चैत्र रामनवमी मेले की तैयारियां शुरू

## 30 मार्च से नवरात्र प्रारम्भ, 6 अप्रैल को होगा श्रीरामजन्मोत्सव



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में आगामी चैत्र रामनवमी मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा सहित जनपद के अधिकारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने नगर आयुक्त से कहा कि मेला क्षेत्र में जितने भी पीने के पानी हैं वह संचालित रहेंगे। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अतिरिक्त व्यवस्था की जायेगी। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से रामपथ को जोड़ने वाले क्षीरसागर पथ सहित सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाये। उन्होंने कहा कि रामनवमी मेले के दौरान अनवरत रूप से विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए। मेला क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर स्वास्थ्य कैम्प की व्यवस्था रहे क्योंकि इस गर्मी में श्रद्धालु कभी भी कुछ भी हो सकता है। मण्डलायुक्त ने जलकल व जल निगम को निर्देश देते हुए कहा कि सीवर की लाइन लीकेज न होने पावे इसकी सुरक्षित किया जाय। नावों पर पर्याप्त लाइफ जैकेट की व्यवस्था रहे। शहर में चलने वाले ई-रिक्शा हेतु निर्धारित किराया सूची को चस्पा किया जाय। आई.जी. प्रवीण कुमार ने कहा कि भीड़भाड़ वाले प्रमुख स्थलों तथा अन्य प्रमुख मार्गों पर जो भी गड्ढे हों उन्हें तत्काल दुरुस्त कराया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी मेले के दौरान जो भी दायित्व सौंपा गया है उसे पूरा करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने कहा कि निर्धारित पार्किंग स्थलों, कच्चा घाट सहित प्रमुख स्थलों पर प्रकाश की व्यवस्था की जाय। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी, अपर नगर आयुक्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। चैत्र रामनवमी मेला 30 मार्च से शुरू होगा जो 6 अप्रैल को चैत्र रामनवमी श्रीरामजन्मोत्सव पर सम्पन्न होगा।

# एलएलबी सेमेस्टर परीक्षा में धरे गए 33 परीक्षार्थी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा के प्रथम दिन बुधवार को दो पालियों में सचल दल द्वारा विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया जिनमें सघन तलाशी में 33 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरे गए। प्रथम पाली में जस्टिस लॉ कालेज बाराबंकी में 12, बीएनकेबी कालेज अम्बेडकरनगर में 06 परीक्षा नकल करते हुए धरे गए। वही द्वितीय पाली की परीक्षा में टीआरसी लॉ कालेज बाराबंकी में 08, टीएनपीजी कालेज टांडा में 06 व कमला नेहरू भौतिकी एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुल्तानपुर में 01 परीक्षार्थी नकल करते हुए धरा गया। इन परीक्षार्थियों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। दूसरी ओर शासन के मंशानुरूप नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने दोनों पालियों में विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे के संचालन की पड़ताल की। परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए केन्द्राध्यक्षों को पारदर्शीपूर्ण परीक्षा कराने का आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा बुधवार से दो पालियों में शुरू हो गई है। इस परीक्षा में 21,459 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1065 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# सपा महिला सभा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय में मनायी होली मिलन




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर आयोजित होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। जिसमें पार्टी की महिला संगठन की सभी साथी उपस्थित होकर एक दूसरे हर्षोउल्लास के साथ अबीर लगाकर गले मिले। गुजिया मिठाई खाकर कार्यक्रम को संपन्न किया। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने सबसे पहले होली की शुभकामनाएं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की और सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। होली रंगों एवं प्रेम सौहाद्र भाईचारा का त्यौहार है। हम लोगों को मिलजुल कर क्षेत्र में काम करें और अपने संगठन को और मजबूत करें जिससे आने वाले 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में हम जब एकजुट होंगे तब एक बदलाव आएगा और तब हम सभी आपसी मेल-जोल बरकरार रखना चाहिए इसे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम को संपन्न किया। कार्यक्रम में संचालन महिला सभा की महासचिव डा. निशात अख्तर, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने की। उपाध्यक्ष राजकुमारी कोरी, यशोमती कोरी, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष रीता निषाद, मिल्कीपुर विधानसभा अध्यक्ष सुनीता कोरी, उषा यादव, स्नेह लता निषाद, नसरीन बानो, उमा यादव, रीता राही, जैदुल निशा, प्रिया यादव, अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष बबीता श्रीवास्तव, गीता तिवारी, सपना, मिथलेश आदि उपस्थिति रही।

# होली पर्व पर गले मिलने की परम्परा हो रही है धीरे-धीरे विलुप्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** होली पर्व पर होली मिलने की परम्परा धीरे-धीरे समाप्त नजर आ रही है। होली खेलने के बाद लोग आठ दिन तक एकदूसरे के गले मिलते थे और भाईचारा का संदेश देते थे। परन्तु यह परम्परा अब समाप्त हो रही है। होली खेलने के बाद शाम को जगह-जगह शहर में मेले का आयोजन होता था, पण्डाल लगते थे। समाज के लोग उस पण्डाल में आकर होली मिलन का कार्यक्रम करते थे। एकदूसरे को अबीर लगाकर गले मिलते थे। इससे भाईचारा बराबर कायम रहता था। परन्तु समय बदला, इंसान भी बदल गया। होली भी कम लोग खेलते हैं और गले मिलने की तो बात ही छोड़ दीजिए। अब यह धीरे-धीरे परम्परा भी समाप्त हो रही है, इसी को बचाना है।

# साइकिल यात्रा जागरूकता अभियान को महापौर व कुलपति ने दिखायी हरी झंडी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल की प्रेरणा से साइकिल यात्रा जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या स्थल से मुख्य अतिथि महंत गिरीशपति त्रिपाठी महापौर अयोध्या एवं अवध विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस यात्रा में लगभाग 40 छात्र-छात्राओं का जत्था मकोड़ा धाम बस्ती पहुंचा जहां पर मुख्य पुजारी द्वारा मकोड़ा धाम के एतिहासिक एवं पौराणिक महत्व को बताया गया। तत्पश्चात यात्रा दल ने स्वामी नारायण छपिया में भी दर्शन किया एवं मुख्य पुजारी द्वारा मंदिर के एतिहासिक एवं पौराणिक महत्व की जानकारी दी गई। इसके उपरांत यात्रा दल ने स्कूल और कॉलेज का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर राज भवन द्वारा सम्मानित अभिषेक एवं श्रीजिनिका मिश्रा ने विकसित भारत 2047 व राष्ट्रीय एकता एवं सरदार पटेल ने व्याख्यान दिया। इस यात्रा में छात्र-छात्राओं ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, दहेज हटाओ, बहू नहीं बेटी बुलाओ, बीड़ी सिगरेट और तंबाकू स्वास्थ्य छोड़ों, दहेज नहीं बहू अपनाओ, दहेज प्रथा कलंक मिटाओ, जन-जन का एक ही नारा नशा मुक्त हो प्रदेश हमारा आओ नया मुकाम बनाएं दहेज प्रथा को दूर भगाएं से जागरूक किया। इस अभियान में नोडल अधिकारी प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी आशीष मिश्रा, डॉ0 मोहिनी पांडे, अवधेश विश्वकर्मा, नवरतन यादव, विजय सिंह, बिंदु यादव, ज्ञानप्रकाश चौधरी, अमूल यादव, कामिनी ओझा, दुर्गेश शाहू राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अन्य छात्र छात्राएं शामिल रहे।

# नगर निगम ने अभियान चलाकर रामपथ से हटाया अतिक्रमण





## सात लोगों पर बीस हजार रुपये का जुर्माना, चार ट्रक बिल्डिंग मैटेरियल जब्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** चैत्र रामनवमी मेले को देखते हुए आवागमन को सुगम बनाये रखने के लिये रामपथ पर आज नगर निगम अयोध्या ने अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से फुटपाथ पर लगायी गयी दो दर्जन से अधिक दुकानों को हटाया गया। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के मार्गदर्शन में लता मंगेशकर चौक से टेढ़ी बाजार होते हुए नियांवा, रिकाबगंज सर्किट हाउस तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभारी प्रवर्तन दल वी.के. सिंह की अगुवाई में दो दर्जन से अधिक दुकानें हटायी गयीं। फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को दुबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गयी। इस अभियान के दौरान चार ट्रक बिल्डिंग मैटेरियल जब्त किया गया, जिसमें ईंट, बालू और मोरंग शामिल हैं। इस दौरान सात अतिक्रमणकारियों से बीस हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने सभी दुकानदारों से कहा है कि चैत्र रामनवमी मेले को सुगम तरीके से सम्पन्न कराने के लिये यह कार्य किया जा रहा है। वैसे भी आप लोग सड़क के किनारे अतिक्रमण न करें तो ज्यादा अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि वैसे भी राम मंदिर बन जाने के बाद से अयोध्या में काफी भीड़ होती है इसलिए आप ऐसे स्थान पर अपनी दुकान लगावें जिससे अतिक्रमण से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि अयोध्या में जो भी श्रद्धालु आवें वह सुगमता से सड़कों पर चलकर भगवान श्रीराम की दर्शन कर सकें।

# आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर एवं राजकीय आई.टी.आई. अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में 21 मार्च को प्रातः 10.00 बजे से राजकीय आई.टी.आई. परिसर, बेनीगंज, अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आई.टी.आई. व अन्य है, प्रतिभाग कर सकते है। ऐसे अभ्यर्थी (रोजगार मेला आई0डी0-2671) एवं पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ राजकीय आई.टी.आई. कार्यालय परिसर, बेनीगंज, अयोध्या में उपस्थित हों, इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है। उक्त जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या ने दी है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने पीड़ितों के बीच बैठकर किया सुनवाई




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डा0 प्रियंका मौर्या की उपस्थिति में महिला उत्पीडन से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण के लिए सर्किट हाउस अयोध्या में पीड़ित पक्ष के साथ बराबर में बैठकर जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान लगभग 51 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें सभी प्रकरणों के समाधान के लिए डा0 प्रियंका मौर्या द्वारा मौके पर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान महिला उत्पीडन, घरेलू हिंसा, मार-पीट, पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार, पुलिस विभाग से सम्बंधित, कब्जे से सम्बंधित व दहेज उत्पीड़न से सम्बंधित प्राप्त हुये, जिनको सदस्य ने प्रत्येक आवेदन को बहुत ही गम्भीरता के साथ सुना गया। कई प्रकरणों में महिलाएं काफी भावुक हो गयी जिस पर सदस्य द्वारा उनको ढांढस बंधाया गया तथा कहा वे उनके साथ है और उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा। साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का भी लाभ उन्हें दिलाया जायेगा। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी पीड़ित महिलाएं आयी है उनकी समस्याओं का तुरन्त निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है। सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर प्रकरण को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं की सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1090 व डायल 112 सहित अन्य नं सक्रिय है, उत्पीड़न की शिकायत इस पर की जा सकती है। जनसुनवाई के दौरान उपजिलाधिकारी अरविंद कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार, पुलिस उपाधीक्षक योगेन्द्र कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण/कर्मचारीगण, शिकायत कर्ता व उनके परिजन उपस्थित रहे।

# किसान दिवस स्थगित होने से निराशा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाला किसान दिवस बिना किसी कारण, बिना किसी सूचना के स्थगित कर दिया गया जिसके कारण दूर - दराज से आए हुए किसान निराश होकर वापस अपने अपने घरों को लौट गए। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन करके किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाता है तथा कृषि, उद्यान, गन्ना आदि से संबंधित नीतियों को किसानों को बताया जाता है। मार्च माह का किसान दिवस का आयोजन 19 मार्च को होना निश्चित हुआ था परंतु बिना किसी कारण के बिना किसी सूचना के किसान दिवस का आयोजन नहीं किया गया जिसके कारण जनपद के दूर दराज गांवों से आए हुए किसानों को निराश होकर वापस अपने-अपने घरों को लौटना पड़ा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि जिला अधिकारी कार्यालय का सूचना तंत्र समाचार पत्रों में किसान दिवस का आयोजन 19 मार्च को अपराहन 12.00 बजे जिला अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में होने की सूचना प्रकाशित करवाता है जिसको पढ़कर जनपद के दूर दराज गांवों से किराया भाड़ा खर्च कर किसान कलेक्ट्रेट की सभा कक्ष में पहुंचा था परंतु किसान दिवस का आयोजन नहीं किया गया जिसके कारण किसानों को निराशा हाथ लगी और मायूस होकर वापस घर जाना पड़ा। घनश्याम वर्मा ने कहा कि किसान दिवस स्थगन की सूचना कम से कम 24 घंटे पहले होना चाहिए साथ ही साथ किसान दिवस आयोजन की तिथि की भी घोषणा होना चाहिए। आज के किसान दिवस हेतु रामू चंद्र विश्वकर्मा रुदौली, भोला सिंह टाइगर मवई, सिद्धू भारती खन्डासा, मस्तराम वर्मा बीकापुर, घिराऊ दलित खजुरहट, अनिल कुमार मसौधा, देवी प्रसाद वर्मा छतिरवा, छट्ठी राम वर्मा पिलखावा, राम अवध किसान सिरसिन्डा आदि कई दर्जन किसानों को वापस होना पड़ा।

# बाइक ने अधेड़ व्यक्ति को रौंदा, हालत गंभीर, ट्रामा सेंटर रेफर

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** महरुआ थाना क्षेत्र के मनसापुर कुटी तिराहे के निकट अनियंत्रित अपाचे बाइक ने अधेड़ व्यक्ति को रौंदा। हालत गंभीर ट्रामा सेंटर रेफर, पीड़ित परिवार ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग। जानकारी के अनुसार पाती निवासी संतराम पुत्र चुकन अपनी पत्नी की दवा लेने के लिए तिराहे पर गए थे दवा लेकर वापस लौट रहे थे सड़क पार करते समय का नियंत्रित अपाची बाइक ने रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए बाद आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर किया मेडिकल कॉलेज में स्थिति खराब होने पर डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर किया घायल संतराम के भाई मंतराम महरुआ थाने में तहरीर दी है बताया जाता है कि पांती निवासी शनि पुत्र देवई जिनकी बाइक से यह घटना हुई थी लेकिन अभी तक की संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई वहीं पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# टांडा-एनटीपीसी मार्ग के किनारे खड़े ट्रक हादसों का बन रहे शिकार

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** टांडा-एनटीपीसी मार्ग के किनारे खड़े ट्रक हादसों का सबब बन रहे हैं। अनजाने में इन ट्रकों में भिड़ने से अक्सर किसी न किसी वाहन सवार की जान चली जाती है। इन दुर्घटनाओं के बावजूद प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। अलीगंज क्षेत्र के टांडा-बस्ती पुल के पहले सम्हरिया चौराहे के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग टांडा-वाराणसी पर सड़क सुरक्षा के नियम धरातल पर देखने को नहीं मिलते हैं। गोष्ठियों और सेमिनारों में तो वाहन चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाया जा जाता है, लेकिन हाईवे पर ट्रक चालकों को समझाने वाला कोई नहीं है। 24 घंटे सड़क के दोनों ओर ट्रक व भारी वाहनों का मेला लगा रहता है। सड़क किनारे चालक अपने वाहन बेतरतीब खड़ा कर देते हैं, जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इन हादसो में बड़ी संख्या में जान भी जा रही है। कहने को तो संबंधित थानों के सिपाहियों को रात व दिन में हाईवे पर गश्त पर रहने के निर्देश हैं, साथ ही सेम्हरिया चौराहे पर सिपाहियों की ड्यूटी भी लगाई जाती है पर ट्रक बेलगाम हैं। यही हाल टांडा-एनटीपीसी रोड का है, जहां पर भारी वाहन एक के पीछे एक खड़े होने से आवागमन में परेशानी होती है।

# सजपा 23 मार्च को मनायेगी डा. लोहिया की जयंती

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस एवं डॉ. लोहिया की जयंती के अवसर पर 23 मार्च पूर्व वाहन 11 बजे से पत्रकारिता प्रशिक्षण केन्द्र सिविल लाइन अयोध्या में होगी जिसमें शहीद भगत सिंह एवं डॉ. लोहिया के विचारों एवं उनके योगदान पर विचार गोष्ठी के साथ साथ देश व प्रदेश की वर्तमान राजनैतिक परिस्थिति में पार्टी की भूमिका पर विचार विमर्श तथा रणनीति तैयार की जाएगी। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव एवं मुख्य वक्ता पार्टी के रूप में राष्ट्रीय कार्ड समिति के सदस्य मारूत कुमार सिंह सहित प्रदेश के पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश सचिव शिव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में पार्टी के प्रदेश एवं जिला संगठन को पुनर्गठित करने पर भी विचार किया जाएगा इसलिए बैठक में सभी प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

# पर्यटन उद्योग बहुत ही आकर्षक: दीपक तिवारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में अलकनंदा क्रूज, वाराणसी के सीनियर मैनेजर दीपक कुमार तिवारी ने एमबीए टूरिज्म एवं एमबीए हॉस्पिटैलिटी के छात्र एवं छात्राओं को अपने कैरियर के चुनाव से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि जॉब करना उतना आसान नही है उसमें आपको अपना 100 प्रतिशत देना होगा तभी नौकरी में सफल होंगे। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि शुरुआती दौर में कुछ समस्याएं झेलनी पड़ती है। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करेंगे तो जीवन का आंनद उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग में रोजगार के लिये अपने को तैयार करना होगा। विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अध्ययन बहुत जरूरी है। इसी से सफलता के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 महेन्द्र पाल सिंह ने किया। इस अवसर विभागीय शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री ने सपा कार्यालय पर रोजा इफ्तार का किया आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय के भवन पर रोजा इफ्तार का आयोजन कल किया गया है। पार्टी कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय उर्फ पवन ने समाजवादी पार्टी के महानगर एवं अयोध्या विधानसभा कमेटी के नेतृत्व में रोजा इफ्तार का आयोजन किया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन ने सभी रोजेदारों, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया है।

# डीएम ने की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**बलिया।** बताया जाता है कि जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से माह अक्टूबर से माह नवंबर के मध्य होने वाले मतदाता सूची की पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने में अपेक्षित सहयोग की अपेक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बूथवार बूथ लेबिल एजेंट (बीएलए) नियुक्त कर सूची उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि किसी प्रकार की शिकायत/समस्या होने पर तत्काल अवगत कराया जाय। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिल कुमार ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की निरन्तर पुनरीक्षण के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची का, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम माह अक्टूबर से माह नवंबर के मध्य होता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन प्रत्येक वर्ष जनवरी के प्रथम सप्ताह में किया जाता है। संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि में प्रत्येक सप्ताह प्राप्त हुए दावे और आपत्तियों की सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई है। यह सूची जनपद की वेबसाइट के डीईओ पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गई है। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी भी राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई है। प्रत्येक वर्षनिर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के पूर्व घर-घर ,मतदाताओं के सत्यापन की कार्यवाही की जाती है।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री ओजस्वी राज, सभी उप जिला अधिकारीगण तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# शिक्षक बच्चों को संवारने के साथ-साथ देश के भविष्य को संवारने का काम करते हैं



माहुल (आजमगढ़)। विकास खण्डअहरौला सभागार में बुधवार को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ÷हमारा आंगन हमारे बच्चे÷ उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम प्रधान के साथ एक सामन्यव में प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शकील अहमद ने कहा बच्चों के विकास के लिए और उनके भविष्य को संवारने के लिए साथ-साथ उनके परिवार के सपनों को साकार करने के लिए बच्चों को शिक्षा के माध्यम से उन्हें परिपूर्ण करने का काम एक शिक्षक कर रहे है और एक बच्चे के विकास के साथ-साथ शिक्षा की मूलभूत सुविधाओं को जोड़कर उसके मानसिक विकास के साथ देश के भविष्य का भी विकास हो रहा है और एक शिक्षक का दायित्व एक बच्चे को पढ़ने के साथ-साथ उसकी प्रतिभाओं को पहचान कर उसी के अनुकूल उसे शिक्षित कर सवारने का भी काम करना है यह एक बड़ी जिम्मेदारी है यह तभी संभव है जब शिक्षक के साथ-साथ अभिभावक भी अपनी जिम्मेदारियां को समझे क्योंकि 6 घंटे बच्चे शिक्षक के पास रहते हैं और बाकी समय बच्चे अपने परिवार के साथ हमें अपने बच्चों के साथ समय देना होगा उनकी हर छोटी बड़ी जरूरत को समझना होगा तभी जाकर हम बच्चों को एक अच्छे परिवेश में ढल कर उन्हें भविष्य के लिए देश की सेवा के लिए तैयार कर सकेंगे, कार्यक्रम की शुरुआत खण्ड विकास अधिकारी आलोक कुमार ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना नाटक से की गई और स्वागत गीत भी सुनाया गया।ऋइस मौके पर कृष्ण कुमार शुक्ला एडियो पंचायत अमरजीत सिंह राजनाथ पाल अरविंद कुमार सिंह भैरव यादव रामबदन यादव पवन चौबे के सी यादव सूबेदार यादव आदि रहे।

# शीध्र स्थापित कराई जाए चेतक संग महाराणा प्रताप की प्रतिमा : बिजेन्द्र सिंह



**आजमगढ़।** महाराणा प्रताप सेना का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में बुधवार को जिलाधिकारी से मिला। इस दौरान अतिशीध्र शहर के नरौली पर देश के शूरवीर पुत्र महाराणा प्रताप की चेतक के साथ भव्य प्रतिमा स्थापित किए जाने के क्रम में अनुरोध किया गया। जिसका संज्ञान लेते हुए डीएम ने प्रतिनिधिमंडल को शीध्र ही कार्यवाही कराए जाने का भरोसा दिलाया। डीएम से वार्ता के दौरान महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन एक अनुकरणीय आदर्श पाठ है, ऐसे में देश के हर जिले में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कराना संगठन की प्राथमिकता है। जिसके अनुक्रम में संस्कृति निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेशक द्वारा 26 जुलाई 2024 को आजमगढ़ में प्रतिमा स्थापना को लेकर जिला प्रशासन को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र भेजा गया था। जिसके लिए धन आदि भी शासन स्तर से आवंटित हो चुका है महज जिला प्रशासन की संस्तुति शासन को भेजा जाना शेष रह गया है। जिला स्तर पर लंबित रिपोर्ट के बावत प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नरौली पर तिरंगा पार्क है जो सुरक्षित, सार्वजनिक स्थल है जहां पर 24 घंटे पुलिस की तैनाती रहती है ऐसे में शीध्र ही स्थलीय मुआयना कराकर शासन को रिपोर्ट प्रेषित किया जाए ताकि संगठन की बहुप्रतिक्षित मांग को मूर्त रूप मिल सकें। इस दौरान डा. प्रवेश सिंह ने कहाकि महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राष्ट्र के शूरवीरों के प्रति गहरा सम्मान रखते है और इसीलिए आजमगढ़ ही नहीं पूरे देश में देश के महान शूरवीरों की प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर प्रयासरत है। आजमगढ़ में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना से पूरे समाज को नई ऊर्जा मिलेगी। इसमे शीध्र ही आवश्यक कार्यवाही किया जाना नितांत आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में जयप्रकाश यादव, जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह, दिनेश खंडेलिया, महेंद्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### रोजगार मेले का आयोजन 21 मार्च को

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, देवरिया एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 21 मार्च 2025 को पूर्वाह्न 10ः00 बजे से राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, देवरिया के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। मेले में विभिन्न पदों के लिए हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, फीटर एवं वेल्डर में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया से संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का भत्ता या मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### विधि पुस्तकों की खरीद हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** केन्द्रीय नाजिर, नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय देवरिया ने बताया कि जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार क्रिमिनल मेजर एक्ट (न्यू क्रिमिनल लॉ) एडिशन वर्ष 2025 की 11 विधि पुस्तकों की खरीद हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में इच्छुक फर्मों से न्यूनतम दर पर कोटेशन मांगे गए हैं, जिन्हें सूचना जारी होने की तिथि से एक सप्ताह के भीतर किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत किया जा सकता है। कोटेशन जमा करने के लिए फर्में ईमेल के माध्यम से dedeo@allahabadhighcourt.in पर अथवा पंजीकृत डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से कार्यालय, नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय देवरिया में प्रस्तुत कर सकती हैं।

### निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण पर बैठक 21 मार्च को

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जैनेन्द्र सिंह ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के निरंतर पुनरीक्षण के संदर्भ में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक पूर्व निर्धारित तिथि 20 मार्च 2025 के स्थान पर अब 21 मार्च 2025 को दोपहर 12ः00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक समाप्ति के उपरांत ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी अध्यक्ष/मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों की उपस्थिति में किया जाएगा, जिससे निर्वाचन आयोग को आवश्यक सूचना प्रेषित की जा सके।

### सोलर पंप के लिए 20 तक टोकन होगा कंफर्म

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री कुसुम (सोलर पंप) योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में ऐसे किसान, जिन्होंने किसी कारणवश निर्धारित अवधि के भीतर कृषक अंश की धनराशि जमा नहीं की थी, उनके टोकन पुनः दिनांक 20 मार्च 2025 को कन्फर्म कर दिए जाएंगे। इस संबंध में संदेश संबंधित किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर स्वतः भेज दिए जाएंगे। सभी कृषकों से उन्होंने अनुरोध किया है कि यदि वे किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा के भीतर कृषक अंश की धनराशि जमा नहीं की है, तो पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश प्राप्त होने के उपरांत, इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में आवश्यक राशि जमा करें।

### तीन दिवसीय 66वें सत्संग समारोह के दूसरे दिन काफी संख्या में पहुंचे लोग

**(फूलपुर) आजमगढ़।** कस्बा स्थिति दयानन्द बाल मंदिर में मंगलवार की रात आर्य समाज की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय 66वें सत्संग समारोह के दूसरे दिन काफी संख्या में पहुंचकर लोग अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए भजनोपदेशक के प्रवचन सुने।सतसंग के दूसरे दिन मंगलवार मैनपुरी से पधारे पंडित राजेश आर्य ने कहा कि वैदिक धर्म सबसे पुराना धर्म है।मनुष्य को हमेशा सत्य मार्ग पर चलना चाहिए।जिससे वह अपने जीवन को धन्य बना सके। वंही गोरखपुर के पंडित सुबास आर्य ने मनुष्यों को धूम्रपान से दूर रहना होगा। तभी लंबी आयु मनुष्य जी सकेगा।बदायू से आयी साध्वी प्रज्ञा साधना आर्या ने एक से बढ़कर एक संगीतमयी प्रवचन सुनायी।

# किसान दिवस पर डीएम ने समस्याओं के समाधान को लेकर दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज किसान दिवस का आयोजन विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया गया। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही संज्ञान में आएगी तो उत्तरदायित्व तय करते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि गेहूं की फसल पककर लगभग तैयार है। किसान समय से अपनी तैयार फसल की कटाई कर लें। कुछ ही दिनों में मौसम में परिवर्तन के साथ पछुआ हवा चलने लगेगी, जिसमें फसलों में आगजनी की घटनाएं प्रायः देखने को मिलती हैं। किसान फसल काटते समय पर्याप्त सावधानी बरते और फसल कटाई से पूर्व पर्याप्त मात्रा में पानी रखें, जिससे आग लगने की दशा में प्रारंभिक स्तर पर ही उसे नियंत्रित कर लिया जाए। डीएम ने विद्युत विभाग को चिन्हित खेतों में लटकते बिजली के तार को दुरुस्त करने के साथ ही अप्रैल माह के लिए विशेष रोस्टर बनाने का निर्देश दिया, जिससे तेज हवा चलने की स्थिति में आग लगने की संभावना न हो।जिलाधिकारी ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने एवं अपना पंजीकरण कराने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली सहायता राशि पाने एवं अन्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में दुग्ध विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 का भुगतान नहीं होने पर उपस्थित प्रभारी दुग्ध विभाग को निर्देशित किया गया कि मण्डल में दुग्ध भुगतान का डाटा उपलब्ध करायें यदि बाकी जनपदों की अपेक्षा में देवरिया में कम बजट आता है तो शासन को पत्र प्रेषित करायें। ग्राम परसिया मिश्र में पी0सी0एफ0 गोदाम पर विद्युतीकरण हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत, सलेमपुर को निर्देशित किया गया कि मौके पर जाकर निरीक्षण करें यदि संभव हो तो ग्राम से विद्युत तार गोदाम तक पहुंचाया जाय। उप कृषि निदेशक, देवरिया ने गत माह आयोजित किसान दिवस की अनुपालन आख्या से उपस्थित कृषकों को अवगत कराया। बैठक में दो माह पूर्व इं. अतुल मिश्र द्वारा ग्राम परसिया मिश्र में खेतों तक पहुंचने के लिए चकमार्गों में पुलिया निर्माण की शिकायत की गई थी। इस शिकायत का समाधान न होने पर परियोजना अधिकारी ने संबंधित विभाग को बुलाकर तत्काल समस्या के निवारण के निर्देश दिए। इसी तरह, किसान मारकण्डेय सिंह ने निजी नलकूप के लिए विद्युत कनेक्शन जारी न होने की शिकायत की। इस पर अधिशासी अभियंता, सलेमपुर ने तीन दिन के भीतर कनेक्शन जारी करने का आश्वासन दिया। बैठक में किसानों को जानकारी दी गई कि वर्तमान में ज़ायद सीजन में मक्का की खेती को बढ़ावा देने के लिए मक्का विकास कार्यक्रम योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ ?2400 का अनुदान दिया जाएगा। किसानों से अनुरोध किया गया कि वे फार्मर रजिस्ट्री अपने ग्राम के पंचायत सहायक, कृषि सखी अथवा सहज जन सेवा केंद्र के माध्यम से अधिक से अधिक कराएं। पीएम-किसान योजना और सोलर पंप योजना की विस्तृत जानकारी भी किसानों को दी गई। किसान यूनियन के मंडल प्रवक्ता ने सुझाव दिया कि ?10,000 तक के अनुदान वाले कृषि यंत्र यू.पी. एग्रो के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएं, साथ ही सोलर पंप योजना में 90त्न अनुदान के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, देवरिया ने बताया कि जनपद में शाहिवाल, गिर, वीर, हरियाणा आदि नस्लों की उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाली गायों पर अनुदान दिया जाएगा। 12 लीटर तक दूध देने वाली गाय पर ?10,000 तथा 12-15 लीटर दूध देने वाली गाय पर ?12,000 का अनुदान देय होगा। इसके लिए पशुपालकों को 31 मार्च 2025 तक अपनी गायों का बीमा कराकर विभाग में आवेदन देना अनिवार्य होगा। बैठक में किसानों ने गेहूं की तैयार फसल को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि जिले में कई स्थानों पर विद्युत तार ढीले और जर्जर स्थिति में हैं, जिससे फसल में आग लगने का खतरा बना रहता है। इस पर अधिशासी अभियंता, विद्युत को निर्देश दिए गए कि जिले में पुराने तारों को केबलिंग कर बदलने और ढीले तारों को तुरंत ठीक करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही, फसल कटाई के दौरान तेज हवा चलने पर दिन में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति कटौती करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि पहले किसान के नाम में भिन्नता होने पर लेखपाल द्वारा फार्मर रजिस्ट्री को रिजेक्ट कर दिया जाता था। अब इस योजना के तहत यदि किसान का नाम 15त्न तक मेल खाता है, तो लेखपाल द्वारा उसे सत्यापित/अनुमोदित कर दिया जाएगा। इसके लिए किसान अपने पंचायत सहायक या सहज जन सेवा केंद्र के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

**यदि किसानों की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में आयी तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी : दिव्या मित्तल**

बैठक में परियोजना निदेशक, उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कार्यकारी अधिकारी (मत्स्य), सहायक अभियंता (नलकूप), अधिशासी अभियंता (विद्युत - सदर/सलेमपुर), सहायक अभियंता (लघु सिंचाई), जिला प्रबंधक (पी.सी.एफ.), सहायक निबंधक (सहकारी समितियां), जिला खाद्य विपणन अधिकारी, प्रभारी प्रबंधक (दुग्ध विभाग), प्रभारी भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, राघवेन्द्र प्रताप शाही (भा.कि.यू.), कौशलेश नाथ मिश्र (प्रदेश उपाध्यक्ष, भा.कि.यू.), इं. अतुल मिश्र (मंडल प्रवक्ता, भा.कि.यू.), मनोज पाण्डेय, मारकण्डेय सिंह (भा.कि.यू.), सदानंद यादव (भा.कि.यू.), रमेश मिश्र (प्रगतिशील कृषक) सहित अन्य किसान भी इस अवसर पर उपस्थित थे।






## कार्यालय ग्राम पं0 न्यामतपुर, वि0ख0 मसौली-बाराबंकी

पत्रांक:मेमो/मनरेगा/2024-2025 दिनांक-18.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत न्यापतपुर वि0ख0 मसौली बाराबंकी के अन्तर्गत मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में इच्छुक फर्म धारक से उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धो के अधीन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रकाशन की तिथि से दिनांक 25.03.2025 तक निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जायेगें तथा प्राप्त मोहरबन्द निविदायें सम्बंधित फर्म धारक द्वारा दिनांक 25.03.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी तथा समस्त प्राप्त निविदायें उसी दिवस को अर्थात दिनांक 25.03.2025 अपरान्ह 3.00 बजे सम्बंधित निविदादाता फर्म धारक के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम व प्रकार | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | डामर रोड से सियाराम के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पोर्टलैंड सीमेन्ट | 468 टन |
| | | बालू | 13.91 घनमी. |
| | | लोकल बालू | 19.76 घनमी. |
| | | मौरंग | 4.25 घनमी. |
| | | ईंट प्रथम श्रेणी M-150 | 5924 नग |
| | | ईंट गिट्टी 40MM | 27.82 घनमी. |
| | | 80MM इण्टरलाकिंग M-30 | 304.00 वर्ग मी. |

**नियम व शर्तें का विवरण निम्नवत हैं:-**

1- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नहीं होगा।
2- निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना आवश्यक होगा।
3- बिना कारण बताये किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत न्यापतपुर वि0ख0 मसौली, बाराबंकी को होगा।

ग्राम पंचायत अधिकारी
वि0ख0-मसौली, बाराबंकी।


# 18 गोवंश व ट्रक सहित नरही पुलिस ने 02 गो तस्कर किया गिरफ्तार




**बलिया।** बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक श्री ओमवीर सिंह* के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री कृपा शंकर के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री मो. उस्मान व प्र.नि. नरही श्री नदीम अहमद फरीदी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 19.03.2025 को थाना नरही के उ.नि. अजय कुमार साहनी व पिकेट पर मौजूद उ.नि. सौरभ श्रीवास्तव का0 निर्भय सिंह व क्षेत्र मे रवानाशुदा द्वितीय मोबाइल वाहन बोलेरो PxwEG6067 से उ.नि. श्याम प्रकाश मिश्र व ह.का. हरबंश सिंह मय हमराह के देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन, रात्रि गस्त मे मामूर थे कि मुखबिर खास ने आकर बताया कि लक्ष्मणपुर की तरफ से कुछ लोग एक ट्रक में अवैध वध हेतु गोवंश लादकर आ रही है, जो भरौली होकर जायेगा यदि चेकिंग की जायेगी तो पकड़ा जा सकता है, जिस पर पुलिस टीम द्वारा विश्वास करके अमांव मोड़ पर बैरियर लगाकर चेकिंग करने लगे, कि कुछ ही समय मे गोवंश लदा हुआ एक ट्रक आ गया, जिसमें *अभियुक्तगण 1. भोला यादव पुत्र विजय शंकर यादव निवासी ग्राम तीखा थाना फेफना जिला बलिया उम्र करीब 38 वर्ष 2. राहुल कुमार यादव पुत्र स्व0 विजय कुमार यादव निवासी कोपवा थाना फेफना जिला बलिया उम्र करीब 30 वर्ष* थे, जिनके कब्जे से 18 राशि गोवंश (15 गाय +3 बछड़े) व एक वाहन अशोका ले लैण्ड ट्रक गाडी न0-क्क0ज्ञ4111 चेचिस नं0- MBINACHD}KPHHy106 बरामद किया। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध मु.अ.सं. 66/2025 धारा 3/5/8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 पंजीकृत किया गया। तथा वाहन ट्रक गाड़ी को धारा 207 MV Act में सीज किया गयाढ्ढ अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा. न्यायालय भेजा गया।

### भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष ने सैय्यद सलार गाजी के मेले को रोकने की मांग किया

**माहुल(आजमगढ़)।** भाजपा युवा मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र के युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रानू प्रताप राजभर ने बुधवार को एडीएम प्रशासन राहुल विश्वकर्मा को एक ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने जिले में लगने वाले सैय्यद सलार गाजी के मेले को रोकने की मांग किया। एडीएम को दिए गए ज्ञापन में भाजपा नेता रानू प्रताप राजभर ने दिए गए ज्ञापन में सैय्यद सलार गाजी को विदेशी आक्रांता और लुटेरा बताते हुए कहा कि गाजी ने भारत में आकर सैकड़ों मंदिरों में तोड़ फोड़ और लूटपाट किया। 1025 ई0 में हिन्दुओं के पवित्र सोमनाथ मंदिर को इसी सलार गाजी ने लूटा था। ऐसे में सलार गाजी की याद में जिले में लगने वाले मेलो को रोकना राष्ट्रहित में आवश्यक है। ज्ञापन में उन्होंने मांग किया कि सैयद सलार गाजी के मेले के बदले जिले में महाराजा सुहेल देव राजभर का मेला लगाया जाय।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अ0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या

पत्रांकः— 1705/2काम—अयो0अ0वृत्त/2025 दिनांक— 12.03.2025

**अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना (एस0बी0डी0)**
**(ई—प्रोक्यूरमेंट सूचना)**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन हेतु निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आइटम दर के आधार पर दिनांक 19.03.2025 से दिनांक 26.03.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई—निविदा की प्री—क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 26.03.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार के प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा आनलाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की फाइनेन्सियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में प्री—क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्सियल बिड उसी कम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत है :—

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| स्वीकृति की प्रत्याशा में | | | | | | |
| 1 | दलपतपुर मया भीटी बरेहटा नन्सा जाना बाजार मार्ग (अन्य जिला मार्ग) किमी 12.700 से 25.500 तक मार्ग पर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) | 2700.00 | 40.50 | 15 माह | 2714.00 | ए |

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

1— बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी0एस0टी0 को छोडते हुये लगायी गयी है।
2— निविदा आनलाईन दिनांक 19.03.2025 से दिनांक 26.03.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.03.2025 को 12.30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
3— शासनादेश संख्या 1/2018—3070/78—2—2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा मे शासनादेश मे निहित प्राविधानो के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
4— निविदादाता संबंधित अधिक जानकारी वेब साईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच कर ली गयी है, जो सही है।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अयोध्या

उ0प्र0 231355 दि0- 18.03.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधीक्षण अभियन्ता,
अयो0अम्बे0वृत्त, लो0नि0वि0,
अयोध्या
For and behalf of Governor of UP



## कार्यालय नगर पंचायत लालगंज, रायबरेली।

पत्रांकः—76/न0पं0लाल0/ई—टे0/वा0स्टै0/2024—25 दिनांक :— 18.03.2025

**अल्पकालीन ई—निविदा सूचना**

एतद् द्वारा समस्त T-4 (चरित्र प्रमाण पत्र) एवं T-5 (हैसियत प्रमाण पत्र) प्रपत्र धारकों को जो वाहन स्टैण्ड का ठेका लेने के इच्छुक हों, को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लालगंज द्वारा वित्तीय वर्ष 2025—26 (अर्थात— 01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च 2026 तक) की वाहन स्टैण्ड की शुल्क वसूली के लिए नगर पंचायत लालगंज के अन्तर्गत आने वाले सभी मार्गों के वाहन स्टैण्ड ठेका हेतु ई—निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बंधी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी ई—प्रक्योरमेंट की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है, एवं ई—निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिसे डाउनलोड कर के प्राप्त किया जा सकता है। टेण्डर/निविदा की समय सारणी निम्नवत है—

(टेण्डर शेड्यूल (https://e-tender.up.nic.in पर)

| कमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | 18-03-2025 (11.00AM) | |
| 2- | Tender Download | 19-03-2025 (11.00AM) | 27-03-2025 (5.00PM) |
| 3- | Bid Submission | 27-03-2025 (11.00AM) | 27-03-2025 (5.00PM) |
| 4- | Bid Opening | 28-03-2025 (11.00AM) | |
| | Bid Opening Place | कार्यालय नगर पंचायत लालगंज जिला रायबरेली | |

निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि खाता संख्याः 93942200029206 व IFSC CODE-CNRB0019394 केनरा बैंक शाखा लालगंज, रायबरेली में जमा किया जायेगा एवं उसकी मूल प्रति कार्यालय नगर पंचायत लालगंज में अपने समस्त वैध प्रपत्र T-4, T-5 एवं जमा की गयी धनराशि के साक्ष्य की प्रति सील बन्द लिफाफे में मार्ग का नाम एवं प्रेषक सहित का विवरण लिखकर **दिनांक 27.03.2025 को समय पूर्वान्ह 12.00 बजे तक** प्राप्त कराया जाना अनिवार्य होगा। शेष नियम, शर्ते एवं अन्य जानकारी सम्बंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(राजभान शुक्ल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत लालगंज,
रायबरेली।

(सरिता गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर पंचायत लालगंज,
रायबरेली।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड राजस्व से सम्बन्धित एवं कर करेत्तर की बैठक में ली जानकारी



**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड

### मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा में प्राप्त श्रेणी के अनुसार जनपद को 29 मदो व योजनाओं में ए प्लस श्रेणी प्राप्त

### 5 वर्ष से अधिक लम्बित वादो को आगामी 27 मार्च तक करे निस्तारण, अन्यथा होगी कार्यवाही - जिलाधिकारी

राजस्व से सम्बन्धित एवं कर करेत्तर की बैठक आहूत की गयी। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा में प्राप्त श्रेणी के अनुसार समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद के 29 मदो व योजनाओं में ए प्लस श्रेणी प्राप्त किए हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने बी, सी व डी प्राप्त मदो व योजनाओं में कार्य योजना बनाकर प्रगति लाते हुए अगले माह श्रेणी बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जिस मदो व योजनाओं में जनपद ए प्लस श्रेणी प्राप्त है यथा- राइट आफ वे ए प्लस, लो रिस्क भवनो के मानचित्रों की स्वीकृति ए प्लस, हाई रिस्क भवनो के मानचित्रों की स्वीकृति ए प्लस, पेट्रोल पम्पों का सत्यापन व मुद्राकंन ए प्लस, मण्डी आवक ए प्लस, औषधि विक्रय लाइसेंस ए प्लस, संकलित नमूना एवं कृत कार्यवाही खाद्य ए प्लस, एनएलएसएइपीडीएस लाभार्थी ए प्लस, धान खरीद योजना ए प्लस, सम्पत्ति नामांतरण ए प्लस, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना ए प्लस, एलओआई आनलाइन आवेदन प्रक्रिया ए प्लस, लक्ष्य सापेक्ष प्रवर्तन कार्य ए प्लस, कृषि भूमि से गैर कृषि भूमि ए प्लस, अधिवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र ए प्लस, ई खसरा ए प्लस, ई खसरा जायद ए प्लस, ई खसरा रबी ए प्लस, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन ए प्लस, एंटी भू माफिया ए प्लस, जाति प्रमाण पत्र ए प्लस, धारा-89 ए प्लस, भू आंवटन पट्टा डैशबोर्ड ए प्लस, भूलेख ए प्लस, साल्वेंसी सर्टिफिक्रेट ए प्लस, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष ए प्लस, प्रगति के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति ए प्लस, भूत पूर्व सैनको हेतु परिचय हेतु आनलाइन सेवाएं ए प्लस श्रेणी प्राप्त हैं। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि 3 वर्ष से 5 वर्ष व 5 वर्ष से अधिक लम्बित वादो को प्राथमिकता पर निस्तारण करे, यह भी कहा कि आगमी 27 मार्च 2025 तक यदि 3 वर्ष से 5 वर्ष व 5 वर्ष से अधिक लम्बित वादो का निस्तारण नही हुआ तो सम्बन्धित कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार क्षेत्रो भ्रमण कर जमीन विवाद सम्बंधी वादो का पैमाइश कराते हुए वादो का निस्तारण करे। धारा-116 में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय, उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, मड़िहान सौम्या मिश्रा, लालगंज युगांतर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर शक्ति प्रताप सिंह, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# एएसपी ने महिला बीट सुदृढ़ीकरण करने हेतु की बैठक



**सोनभद्र।** पुलिस लाईन, चुर्क स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा महिला बीट सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में जनपद की समस्त महिला बीट कर्मियों की मीटिंग की गयी। उक्त मीटिंग के दौरान महिला बीट कर्मियों को बीट क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते हुये कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं जैसे-प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बैंकिंग करेस्पोन्डेन्ट सखी, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव व रोकथाम, महिला सम्बन्धी कानूनों यथा पोक्सो एक्ट, पोश एक्ट, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बीट क्षेत्र में होने वाले अवैध कार्यों के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन करने तथा अवैध शराब/मादक पदार्थों/ छेड़खानी/ महिला उत्पीड़न में लिप्त अपराधियों व मनचलों/शोहदों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के अतिरिक्त महिला बीट कर्मियों से उनके कार्य के सम्बन्ध में प्रश्नोत्तर करते हुये उनसे बीट क्षेत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी और विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला सम्बन्धी कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुये उनकी दक्षता में वृद्धि की गयी। साथ ही महिला बीट में प्रभावी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारीगण से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराते हुये ब्रीफ किया गया।

## घर में घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव में मंगलवार की रात्रि में एक युवक राजा राम पटेल के घर में घुस गया की राजा राम की पत्नी की अचानक नींद खुल गई। जिसके कारण युवक को घर में देखकर शोर मचाने लगी। मौके पर पहुँचे परिजनों के साथ ग्रामीणों ने युवक को पकडकर बांध दिया और पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुँचे पीआरवी 112 के हेड कांस्टेबल शमशेर खान व ओमप्रकाश चालक शुमारु मौर्य ने युवक को अपने साथ थाने पर लेकर आये जंहा पर पुलिस कार्रवाई करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की घर में घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकडकर पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पीआरवी 112 के कर्मियों ने युवक को थाने पर लेकर आये है कार्रवाई किया जा रहा है।

## वन रेंज कोन में मिलीभगत से वन भूमि पर कब्जा जारी

**कोन/ सोनभद्र।** वन रेंज कोन अन्तर्गत सम्पूर्ण वन रेंज में वन भूमि पर कब्जा करने का सिलसिला अनवरत जारी। इसी क्रम में बतातें चलें कि कोन वन रेंज के चांचीकलां में भू माफियाओं द्वारा वन भूमि पर कब्जा करके घर तक बनाया जा रहा है। जिसकी शिकायत चांची कलां निवासी सत्यानंद चौबे ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए वन विभाग के स्थानीय वाच और वन दरोगा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा धन वसूली करते हुए वन भूमि पर घर तक बनवाया जा रहा है जिसकी शिकायत पूर्व में प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा से सेल फोन पर किया था जिसके संबंध में उन्होंने लिखित शिकायत करने की बातें कही थी। उसके बाद उनके द्वारा वन क्षेत्राधिकारी कोन से किया था किन्तु उन्होंने कॉल रीसिव नहीं किया और न ही उक्त प्रकरण पर आज तक कार्यवाही हो सका। गौरतलब है कि इन दिनों कोन वन रेंज का सम्पूर्ण सेक्सन माफियाओं के गिरफ्त में है और वन विभाग तमाशबिन बना हुआ है जो कि वन रेंज कोन इन दिनों समाचार पत्रों की सुर्खियां बटोर रही है।

## ट्रक में घुसी बाइक, सवार युवक की मौत

**चील्ह (मिर्जापुर)।** चील्ह थाना क्षेत्र के मिर्जापुर-औराई मार्गपर चील्ह चौराहेके पास मंगलवार की रात ट्रकसेटकराकर बाइक सवार 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। प्रयागराज जनपद के कौड़ियारा थाना क्षेत्र के सोढीया गांव निवासी 26 वर्षीय शैलेंद्र कुमार तिवारी पुत्र पारसनाथ तिवारी मंगलवार को अपने किसी कार्यसेवाराणसी गए थे। वाराणसी सेरात मेंलौटतेसमय चील्ह चौराहेके पास पहुंचे। इसी समय आगेसेजा रहेतेज रफ्तार ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससेट्रकके पीछे-पीछे चल रहेशैलेन्द्र बाइक सहित ट्रक में घुस गए। धक्का लगते ही सड़क पर गिरकर गंभीर रूप सेघायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ट्रक सहित चालक को हिरासत मेंले लिया। साथ ही गंभीर रूप सेघायल शैलेंद्र को एंबुएंलेंस बुलाकर जिला अस्पताल पहुंचवाया। जहां देखतेही डॉक्टरों नेशैलेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचनापरिजनों को देते हुए हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चैत्र नवरात्र मेला: शिव प्रताप शुक्ल सुपर जोनल मजिस्ट्रेट व नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय मेला मजिस्ट्रेट

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जारी अपने आदेश के तहत 29ध30 मार्च 2025 की मध्य रात्रि से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र मेला-2025 को सकुशल व निर्विध्न एवं कानून- व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के दृष्टिगत अपर जिला मजिस्ट्रेट शिव प्रताप शुक्ल को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट वरिष्ठ प्रभारी एवं नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय को मेला मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जो संपूर्ण मेला क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

## महिला अपराधों से जुड़े मामलों को गंभीरता से लें अधिकारी

**मिर्जापुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात नेबुधवार को जिला पंचायत सभागार मेंमहिला जन सुनवाईकार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनी। इससे पहले उन्होंने जिला महिला अस्पताल का दौरा व्यवस्थाओं का निरिक्षण किया। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता मेंसुबह दस बजेशुरू हुई जन सुनवाई मेंमहिला हिंसा, घरेलूहिंसा, दहेज उत्पीड़नके अलावा अन्य उत्पीड़न सेजुड़े महिला व बालिकाओं की समस्याएं सुनी। इसके बाद उन्होंनेपुलिस अधिकारियों, अन्य संबंधितअधिकारियों को महिलाओं के उत्पीड़न सेजुड़े मामलों को गंभीरता सेलेतेहुए त्वरित कार्रवाई न्याय दिलाने के आदेश दिए।


**अदालती नोटिस**
**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 व कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी सहजनवां, गोरखपुर**
**बाद सं0-129**
**मुकदमा अन्तर्गत धारा-116 उ.प्र.रा.सं. 2006**
**रामकिशुन बनाम रामहित आदि**

बनाम

1. रामहित पुत्र रामआसरे 2. हुबलाल पुत्र बेचन 3. हरिकिशुन 4. काल्पे प्रसाद पुत्रगण रामसुभग 5. आकाश पुत्र जित्तू 6. यशोदा पत्नी जित्तू 7. जितेन्द्र 8. जमुना 9. रामसावर पुत्रगण बन्धू 10. शिवपूजन 11. जगदीश 12. झिनकलाल पुत्रगण रामनयन 13. सुग्रीव 14. दिनेश कुमार 15. अवधेश 16. इन्द्रेश पुत्रगण रामपत निवासीगण मौजा रानीपुर तप्पा भदेसरी परगना हसनपुर मगहर तहसील सहजनवां जिला गोरखपुर। 17. जय सिंह 18. सन्तोष पुत्रगण रामअवध 19. भोलानाथ 20. रामानन्द 21. कन्हैयालाल 22. रामनरेश 23. रामगनेश पुत्रगण गनपत निवासीगण मौजा रानीपुर तप्पा भदेसरी परगना हसनपुर मगहर तहसील सहजनवां जिला गोरखपुर। 24. गांव सभा रघुनाथपुर सम्मिलित ग्राम रानीपुर जरिये ग्राम प्रधान रानीपुर तप्पा भदेसरी परगना हसनपुर मगहर तहसील सहजनवां जिला गोरखपुर।

- प्रतिवादी गण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 03 सन् 2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मार्फत वकील के जो मुकदमें की हालात से करार वाकई वाकिब किया गया हो जो कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख को इजहार के लिए मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज जुमला दस्तावेज को जिनकी आप जवाबदेही हुई है कत्तई देय ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूह और फैसला होगा।
ता. पेशी 27.03.2025
जवाबदेही व तनकीह
बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज 20.02.2025 बतारीख जारी किया गया।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सहजनवां, गोरखपुर**

**सी.आर.-3438/D-CN**



अदालती सूचना ता.पेशी 28.03.2025 सम्मन तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय शाहजहांपुर मूलवाद सं. 586 वर्ष 2024 श्रीमती भामादेवी पुत्री श्रीपाल पत्नी रवीन्द्र नि.ग्रा. करकौल थाना जैतीपुर तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर मो.9219665356.. प्रार्थिनी/वादिनी बनाम रवीन्द्र पुत्र प्रीतम नि.ग्रा. भुड़िया पोस्ट व पर. व तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर मो. 9005445066...प्रतिवादी हरगाह श्रीमती भामादेवी वादिनी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश अर्न्तगत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम( विवाह विच्छेद) के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 28 माह 03 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 19 माह 03 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-3440/D-CN**



अदालती सूचना ता. पेशी 11.04.2025 हेतु संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारुप) न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट संख्या 10 शाहजहांपुर दीवानी प्रकीर्ण वाद सं. 131 वर्ष 2023 राममूर्ति बनाम रामकिशोर आदि बनाम 1- राजकुमार उर्फ राजू वयस्क पुत्र स्व. रामलाल 2- राजकिशोर 3- उमेशचंद्र 4- विनोद कुमार वयस्क पुत्रगण रामस्वरुप 5- अनुज वयस्क पुत्र रमेश 6- प्रशांत वयस्क पुत्र महेश सर्वनिवासीगण मोहल्ला रोशनगंज पर. व तह. सदर शहर व जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी संख्या 02 से 07 तक चूंकि उपरिनिमांकित राममूर्ति वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन दिया है कि निगरानी दायर करने में हुआ बिलंव माफ किया जावे। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफहेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 ई.के माह 04 के 11 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2025 के माह 03 के 19 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर अपर जिला जज कोर्ट संख्या 10 शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-3440/D-CN**



# स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

## सूचना

मेरा उत्तर प्रदेश इलाहाबाद बोर्ड का हाई स्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1128726 का प्रमाणपत्र व इंटरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0875208 का प्रमाण पत्र पाली में कहीं खो गया है। रोहित कुमार रस्तोगी पुत्र किशन कुमार रस्तोगी निवासी मोहल्ला सरायसैफ कस्बा पाली जनपद हरदोई।

**सी.आर.-3437/D-36**

## Information

It is informed to the general public that in my passport number N.1806363 my name is Arman son of Late Mustafa Khan resident of Mehtar Tola Nanpara Bahraich and in the records my name is Mohd. Arman Khan. Both the names belong to the same person.

**सी.आर.-3442/D-38**

## NOTICE

I, Army No- JC 677696N Rank Nb. Sub. Name Randhir Kumar Dubey. I have changed My wife name from BANDANA DUBEY to VANDANA DUBEY vide affidavit No.-UP47063129864665X dated 18/03/2025 for future purpose. Randhir Kumar Dubey, ORA, Terahi, Kaptanganj, Nizamabad, Azamgarh - 276208 UP.

**सी.आर.-3441/D-39**

## संबंध विच्छेद

मैंने अपनी पुत्री रुमा को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों की स्वंय जिम्मेदार होगी। इरशाद पुत्र जमीर नि.मो. ख्वाजा फिरोज थाना रामचंद्र मिशन- शाहजहांपुर।

**सी.आर.-3440/D-31**

## सूचना

मेरा नाम हरिओम शुक्ला पिता भैरोंनाथ शुक्ला है लेकिन मेरे सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल की मार्कशीट रोल नंबर 23221305 में त्रुटि हो गई है जिसमें मेरा नाम हरिओम और पिता का नाम भोला नाथ शुक्ला दर्ज हो गया है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम **हरिओम शुक्ला पिता का सही नाम भैरोंनाथ शुक्ला निवासी विजय नगर डिप्टीगंज नीलमथा जिला लखनऊ का निवासी हूँ।**

**सी.आर.-3443/L**

## सूचना

मेरा पुत्र मोहम्मद साजिद और उसकी पत्नी सिरीन बानो मेरे कहने सुनने में नहीं है दोनों बाहर लोगों से अक्सर बेवजह पैसे मांगते है न देने पर लड़ाई झगड़ा, मारपीट व गाली गलौज करते है घर पर भी लड़ाई झगड़ा व गाली गलौज करते है मैं उनकी इन हरकतों से तंग आकर अपने पुत्र मोहम्मद साजिद व पुत्र वधू सिरीन बानो को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं अब से उनके द्वारा किए गए किसी प्रकार के लेने देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **अब्दुल मलिक पुत्र स्वर्गीय साहबानूल हक निवासी- मुस्तफाबाद थाना-मऊ आईमा जनपद प्रयागराज।**

**सी.आर.-3441/D**

**घनश्याम उर्वशी पी0जी0 कालेज बौड़ई, फूलपुर प्रयागराज-212402**

सम्बद्धः प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) वि0वि0 प्रयागराज

**आवश्यकता है**

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) वि0वि0 प्रयागराज से सम्बद्ध घनश्याम उर्वशी पी0जी0 कालेज बौड़ई, फूलपुर प्रयागराज में स्नातक स्तर पर शारीरिक शिक्षा विषय हेतु 01 पद, बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु कुल 04 पद, स्नातक स्तर पर बी0एस0सी0 बॉयोटेक्नोलॉजी हेतु कुल 05 पद, बी0एस0सी0 (जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान) प्रत्येक विषय में 04 पद, बी0एस0सी0 (कृषि) समस्त विषय हेतु कुल 10 पद तथा परास्नातक स्तर पर वनस्पति विज्ञान हेतु 02 पद। योगयता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 के नियमानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 21 दिन की अवधि के अन्दर स्वंय अथवा डाक द्वारा आवेदन पत्र महाविद्यालय में प्रेषित करे। सम्पर्क सूत्र 9415757343, 9838398412

**सी.आर.-3431/D**

**न्यायालय जज न्यायाधीश प्रयागराज**
**दांडिक 44 सन 2025**
**फौ.निगरानी श्री मती रीतु साहू**
**बनाम**
**1. सरकार**
2.अजय कुमार अग्रवाल उम्र लगभग 33 वर्ष ,पुत्र श्री चिरौंजी लाल साहू स्थाई निवासी-ग्राम करनपुर चौराहा सौरई बाजार सिराथू, थाना- कौशांबी पिन कोड- 212214 हाल पता- नीवा रोड सुलेमसराय, थाना -धूमनगंज जिला इलाहाबाद पिन कोड-211011 उपरोक्त दांडिक फौजी निगरानी विचारण न्यायलय के आदेश दिनांक 03/03/25 के विरुद्ध प्रस्तुत की गई है उपरोक्त प्रकरण में सुनवाई एवं निस्तारण हेतु 04/04/25 नियत है अतएव आपको सूचित किया जाता है कि नियत दिनांक को 11 बजे प्रातः न्यायलय के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें।
**नियत तिथि - 04.04.2025**
**न्यायाधीश**

**सी.आर.-3441/D-CN**

**डिग्री कालेज उपरदहा बरौत प्रयागराज**

सम्बद्धः राज्य विश्वविद्यालय इलाहाबाद

**आवश्यकता है**

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) वि0वि0 प्रयागराज से सम्बद्ध डिग्री कालेज उपरदहा प्रयागराज में स्नातक स्तर पर, बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु कुल 04 पद, तथा परास्नातक स्तर पर शारीरिक शिक्षा विषय हेतु 02 पद। योगयता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 के नियमानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 21 दिन की अवधि के अन्दर स्वंय अथवा डाक द्वारा आवेदन पत्र महाविद्यालय में प्रेषित करे।
सम्पर्क सूत्र 8299423160, 9415217134

**सी.आर.-3431/D**

**का.सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या (उ.प्र.)**
पत्रांकःके0एस09833/विज्ञापन समाजशाास्त्र/2025 दिनांक : 18/03/2025
**आवश्यकता है : स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत प्रवक्ता की**
**विषयः** समाजशास्त्र (परास्नातक), **पद की संख्या**-01, **योग्यताः** अवध विश्वविद्यालय परिनियमावली/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित योग्यता मानकानुसार तथा उत्तर प्रदेश शासन के नवीनतम शासनादेश द्वारा निर्धारित अर्हता धारक। इच्छुक अभ्यर्थी इस विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय कार्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में 11:00 बजे से 02:00 के मध्य रू0 1000/- (एक हजार) जमा कर निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर सभी प्रमाण-पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतियों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करें।
**(आनन्द कुमार सिंघल)** मंत्री, प्रबन्ध समिति **(प्रो0 दानपति तिवारी)** प्राचार्य



**कार्यालय अयोध्या-फैजाबाद विकास प्राधिकरण, फैजाबाद**
पत्रांक : 509/अ0 वि0 प्रा0 अयो0/सम्पत्ति अनु0/2024-25 दिनांक- 19.03.2025
**आवश्यक सूचना** : समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रघुराजी पत्नी स्व0 कौलेश्वर प्रसाद निवासी - ग्राम पिंगीरियावां जिला अम्बेडकरनगर द्वारा कोशलपुरी आवासीय योजना, फेज-2 भूखण्ड संख्या-एम0आई0जी0 7 जनपद-अयोध्या में स्व0 कौलेश्वर प्रसाद की मृत्यु दिनांक 02.09.2009 के उपरान्त वारिसान के संबध प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरण किये जाने हेतु विकास प्राधिकरण अयोध्या से अनुरोध किया गया है जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| क्र. सं. | मृतक का नाम व पता | योजना का नाम एवं का विवरण | सम्बन्ध प्रमाण पत्र के अनुसार उत्तराधिकारी का नाम व पता |
|---|---|---|---|
| 1. | स्व0 कौलेश्वर प्रसाद पुत्र स्व0 भग्गू निवासी ग्राम पिंगीरियावां पिंगीरियावां जिला अम्बेडकरनगर | कोशलपुरी आवासीय योजना फेज-2 भूखण्ड संख्या-एम0 आई0 जी0 7 | 1. रघुराजी पत्नी स्व0 कौलेश्वर प्रसाद निवासी- ग्राम पिंगीरियावां जिला अम्बेडकरनगर। 2. अरविन्द कुमार स्व0 कौलेश्वर प्रसाद निवासी- ग्राम पिंगीरियावां जिला अम्बेडकरनगर। |

उपरोक्त विवरण के अनुसार वारिसानों के संबध प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरण किया जाना है। यदि किसी हितबद्ध व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो समाचार में प्रकाशित तिथि से 30 दिन के अन्दर अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या को सूचित करने का कष्ट करें। अन्यथा निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा व नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
**प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति, अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या।**



अदालती सूचना ता.पेशी 25.03.2025 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 102 वर्ष 2021 श्रीमती शकुंतला देवी आदि बनाम श्रीमती भीमांजली बनाम श्रीमती भीमांजली पत्नी स्व. नितिश कुमार पुत्री रामविलास निवासी क्वाटर नंबर 35 बी 2 आर टाइप प्रथम ओ.सी.एफस्टेट पर. व तह. सदर शहर व जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादिनी अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी श्रीमती शकुंतला देवी आदि वादीगण उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफ्लत हाय मुसम्मी स्व. नितिश कुमार पुत्र हरीराम नि.ग्रा. हथौड़ा बुजुर्ग तह. सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी श्रीमती शकुंतला देवी आदि वादीगण उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 25.03.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 25.03.2025 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म निस्वत दरख्वास्त सादिर होगा। आज वतारीख 18.03.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-3440/D-CN**



**SANJAY GANDHI POST GRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
RAEBARELI ROAD, LUCKNOW-226014 (U.P.), INDIA
Phone Nos. 0522-2495235 Fax no. (0522) 2668017, 2668951

**Applications are invited**
for the following post in the clinical trial project entitled
"A Phase-2, Open-label, Randomized, Parallel-group, Three- arm, Study to Assess Efficacy and Safety of Cabazitaxel Lipid Tablet in Combination with Prednisone for the Treatment of Adult Men with Metastatic Castration Resistant Prostate Cancer Previously Treated with a Docetaxel- containing Treatment Regimen."
funded by Lambda Therapeutic Research Ltd.

**Duration of the Project** 1 Year | **Post Name** Clinical Trial Coordinator
**Number of Post** 01 (One) | **Pay** ₹30,000.00 Per Month

**Desired Qualification:** Master in Biological Sciences/Biotechnology/ Biochemistry Genetics from a recognized University with more than 2 year experience in Clinical Trial Project.
The post is temporary and can be terminated with one month prior notice. Accommodation will not be provided in the institute campus.
Application for the post along with Bio-data and essential testimonials should reach to Dr. Uday Pratap Singh, Principal Investigator, Department of Urology & Renal Transplant, SGPGIMS, Raibareli Road, Lucknow-226014-U.P., by post or by hand till **28.03.2025.**
Shortlisted candidate will be called for the interview by email or phone. Interview will be held in office/department of the Urology on **29.03.2025, Time: 10:00 AM**
No TA/DA will be paid for attending the Interview. Director reserve the right to cancel the advertisement without assigning any reason.
**ADVT. No.: R/45/2024-25 Dated: 19.03.2025 Director**



**एफ0सी0जे0 फार्म नं0 13 भाग-1 हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज महोदय कोर्ट नं0 4, स्थान लखीमपुर, जिला खीरी दीवानी निगरानी सं0 5/2023**
**ज्ञानेन्द्र कुमार**
**बनाम**
**अशोक कुमार आदि**
श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 रामचन्द्र निवासी ग्राम भौनापुर परगना पसगवां जिला खीरी वारिद हाल मो0 रामनगर वार्ड नं0 5 कस्बा पुवायां जिला शाहजहांपुर
चूँकि उपरोक्त नामित निगरानीकर्ता ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 03 दिवस 28 को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस 07.03.2025 को निकाली गयी।
**न्यायालय की आज्ञा से रीडर/मुन्सरिम अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट नं0 4,लखीमपुर खीरी**

**सी.आर.-3439/D-CN**

**वाद पदों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश पांच नियम 1 और5 ) न्यायालय प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश , इलाहाबाद वैवाहिक विच्छेद बाद स.1818 सन 2024**
अक्षत खन्ना उम्र लगभग 39 वर्ष पुत्र श्री बिशन खन्ना निवासी-547 मालवीय नगर परगना व तहसील सदर जनपद प्रयागराज,हाल पता खुशहाल पर्वत पोस्ट मीरापुर परगना व तहसील सदर जिला प्रयागराज पिन- 211003 ...वादी बनाम श्रीमती सपना गौड उम्र 27 वर्ष पत्नी अक्षत खन्ना पुत्री संतोष गौड़ निवासनी -64/ए उदितगंज मंडी बलुआघाट पो. बलुआघाट परगना तहसील सदर जिला- प्रयागराज पिन कोड- 211001 प्रतिवादिनी..............
प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 13 हि0 वि0 अधिनियम
चूंकि उपरोक्त ने आपके के खिलाफ के लिए वाद सरिबत किया है अतएव आपको एतद द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यक रूपेण अनुदिष्ट है और वाद संबंधित सब सारबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है 2025 के 04 के दिवस 24 को बजे 10 आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उसे दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसूजति य चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और आवधारित किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि-24.04.2025 वास्ते बयान तहरीरी**
**न्यायाधीश**

**सी.आर.-3441/D-CN**



# कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, जनपद-अयोध्या

पत्रांक :-517/न0पं0भ0/नी0 टै0 स्टैण्ड 2025-26/2025 दिनांकः 18 मार्च 2025

## नीलामी सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा (विस्तारित क्षेत्र सहित) के टैक्सी स्टैण्ड मय साइकिल स्टैण्ड की नीलामी वर्ष 2025-26 अर्थात् 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये दिनांकः 28 मार्च 2025 को प्रातः 11:00 ए.एम. बजे कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भरतकुण्ड भदरसा के प्रांगण में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा नीलाम की जायेगी। इच्छुक ठेकेदार/व्यक्ति बोली में भाग लेने से पूर्व टैक्सी स्टैण्ड हेतु मु0 2,50,000.00 (मु0 दो लाख पचास हजार रूपये मात्र) की प्रतिभूति/धरोहर धनराशि नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट (जो टाउन फण्ड के नाम हो तथा भदरसा में देय हो।) जमा करना अनिवार्य होगा। टैक्सी स्टैण्ड हेतु कार्यालय जिलाधिकारी द्वारा जारी वैध/अद्यतन हैसियत, चरित्र प्रमाण पत्र एवं फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित शर्तों को पूर्ण करने की दशा में ही बोली बोलने का अधिकार होगा। नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। नीलामी बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। यदि अपेक्षित बोली नहीं आती अथवा किन्हीं कारणवश निश्चित तिथि पर नीलामी सम्पन्न नहीं हो पाती है तो पुनः दिनांकः 29 मार्च 2025 को उक्त निर्धारित समय व स्थल पर नीलामी की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा अयोध्या**


**अध्यक्ष नगर पंचायत भरतकुण्ड भरदसा अयोध्या**



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**




# 900 घंटे रिसर्च और अंतरिक्ष स्टेशन की मरम्मत

## स्पेस में सुनीता विलियम्स ने 9 बार किया स्पेसवॉक, मैराथन दौड़ भी की

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष में करीब 286 दिन बिताने के बाद बुधवार को सुनीता विलियम्स धरती पर वापस आ गईं। पूरी दुनिया ने उनकी धरती पर वापसी की लाइव टेलीकास्ट देखा। यह जानना दिलचस्प होगा कि 9 महीने 14 दिन अंतरिक्ष में बिताते हुए सुनीता विलियम्स ने स्पेस स्टेशन की देखभाल और नासा के कई अहम मिशन के लिए रिसर्च वर्क किया। स्पेस स्टेशन फुटबॉल के मैदान के आकार का है। इसका रखराव करना आसान काम नहीं है।

नासा के अनुसार, स्पेस स्टेशन पर रहते हुए सुनीता विलियम्स ने 900 घंटे का रिसर्च वर्क किया। उन्होंने 150 से ज्यादा एक्सपेरिमेंट किए। स्पेस स्टेशन में 9 महीने से ज्यादा वक्त बिताते हुए सुनीता ने स्पेस में 62 घंटे और 9 मिनट बिताए। उन्होंने 9 बार स्पेसवॉक किया। स्पेस स्टेशन पर रहते हुए सुनीता ने अंतरिक्ष में पानी को जमा करना और ईंधन कोशिकाओं के लिए नए रिएक्टर्स विकसित करने पर रिसर्च किया। उन्होंने बायोन्यूट्रिएंट्स प्रोग्राम में भी हिस्सा लिया। इस प्रोग्राम के तहत वैज्ञानिक, जीवाणुओं का उपयोग करके पोषक तत्वों का उत्पादन करने के तरीकों का अध्ययन करते हैं। यह प्रोग्राम अंतरिक्ष यात्रियों के लिए ताजा पोषक तत्व प्रदान करने में मदद करती है। स्पेस में रहते हुए सुनीता विलियम्स ने कई ऐतिहासिक रेकार्ड भी बनाए हैं। कुछ ही लोगों को यह पता है कि सुनीता विलियम्स ने स्पेस में मैराथन दौड़ भी की है। स्पेस स्टेशन में उन्होंने ट्रेडमिल पर दौड़ लगाते हुए बोस्टन मैराथन में हिस्सा लिया था। सुनीता का जन्म अमेरिका का ओहयो स्थित यूक्लिड में हुआ था। 19 सितंबर 1965 को जन्मी सुनीता विलियम्स नीधम को अपना होम टाउन मानती हैं। वह अमेरिकी नागरिक हैं। उनके पिता, दीपक पंड्या एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे। दीपक पंड्या का जन्म गुजरात के मेहसाणा जिले के झुलासा में हुआ था। वहीं, उनकी मां उर्सुलाइन बोनी पंड्या स्लोवेनियाई मूल की थीं। सुनीता के पति का नाम माइकल विलियम्स है। वह एक पायलट हैं और इस समय टेक्सास में पुलिस अधिकारी हैं। सुनीता और उनके पति दोनों सहपाठी थे और दोनों ने ही अपने करियर के शुरुआती दौर में हेलीकॉप्टर चलाया है।

### उपनिषद-गीता और समोसा लेकर गई थीं सुनीता

सुनीता विलियम्स को भारतीय खाना बेहद पसंद है। पिछले साल बोइंग स्टारलाइनर के जरिए जब सुनीता स्पेस स्टेशन जा रही थीं, तो अपने साथ समोसा लेकर गई थीं। इसके साथ ही वे पढ़ने के लिए उपनिषद और गीता भी लेकर गई थी।

# सुनीता विलियम्स की वापसी पर पैतृक गांव में जश्न

### लगे हर-हर महादेव के जयकारे

### मंदिर में जलाई गई अखंड ज्योति



**मेहसाणा।** नासा की अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स के धरती पर लौटने पर बुधवार सुबह गुजरात के मेहसाणा जिले में उनके पैतृक गांव में जश्न का माहौल रहा। झूलासन के सभी लोग टेलीविजन पर इस घटना का सीधा प्रसारण देखने के लिए गांव के मंदिर में एकत्र हुए। सभी की निगाहें सुनीता की सुरक्षित वापसी पर टिकी थीं। सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्षयात्रियों को लेकर कैप्सूल रूपी यान जैसे ही उतरा, ग्रामीणों ने आतिशबाजी शुरू कर दी और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए हर कोई झूमने लगा। गांववाले सुनीता की सुरक्षित वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उनकी सुरक्षित वापसी के लिए मंदिर में ग्रामीणों ने यज्ञ किया और प्रार्थना की। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने सुनीता की सुरक्षित वापसी के लिए मंदिर में अखंड ज्योति जलाई। लगभग नौ माह तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहने के बाद जब सुनीता की वापसी जल्द होने की खबर आई तो तभी से झूलासन में उत्साह का माहौल बना हुआ था। उनके नजदीकी रिश्तेदार नवीन पांड्या ने कहा कि गांव के लोगों ने सुनीता की सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना की और अखंड ज्योति जलाई। उन्होंने कहा कि गांववालों ने उनके सम्मान में एक भव्य जुलूस की योजना बनाई है। गांव में दीपावली और होली जैसा उत्साह बनाने के लिए प्रार्थना सभा होगी और आतिशबाजी की जाएगी। पांड्या ने कहा कि गांव के स्कूल से मंदिर तक जुलूस निकाला जाएगा जिसमें छात्र भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जुलूस के मंदिर पहुंचने के बाद अखंड ज्योति को विसर्जित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांववाले सुनीता को झूलासन में आमंत्रित करने के लिए उत्सुक हैं। सुनीता विलियम्स कम से कम तीन बार भारत की यात्रा पर आ चुकी हैं। वह 2007 और 2013 में अंतरिक्ष मिशन के बाद भारत आई थीं। उन्हें 2008 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनके पिता दीपक पांड्या मूल रूप से झूलासन से थे और 1957 में अमेरिका चले गए थे। झूलासन प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल पांचाल ने कहा कि बुधवार के जश्न के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है।

### चेहरे पर मुस्कान लिए उतरीं सुनीता

स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तट के पास समुद्र में उतरा तो लैंडिंग के बाद कैप्सूल को रिकवरी वेसल पर चढ़ाया गया। इसके बाद कैप्सूल को धोया गया। कैप्सूल खोलने के बाद सबसे पहले अलेक्जेंडर गोरबुनोव बाहर आए फिर सुनीता विलियम्स बाहर आईं। सुनीता विलियम्स बाहर आईं तो चेहरे पर मुस्कान थीं। धरती पर वापस आते ही उन्होंने ग्रैविटी को महसूस किया। कैप्सूल से बाहर आने के बाद रिकवरी टीम के दो सदस्यों ने उन्हें उठाया और स्ट्रेचर पर बैठाया। उन्होंने खड़े होने की कोशिश की लेकिन, ग्रैविटी पर नियंत्रण न बना पाने की वजह से लड़खड़ा गईं। इसके बाद सुनीता विलियम्स का मेडिकल चेकअप और अन्य प्रक्रियाओं को किया गया। डॉक्टर ने बताया कि वह बिलकुल स्वस्थ हैं।

### ट्रंप बोले जो वादा किया, वह निभाया

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की 9 महीने बाद अंतरिक्ष से वापसी के मौके पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, जो वादा किया था, वो निभाया गया। आज वे सुरक्षित रूप से गल्फ ऑफ अमेरिका में लौट आए, इसके लिए एलन मस्क, स्पेसएक्स और नासा का धन्यवाद! राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी मीडिया से कहा जब मैं ऑफिस (राष्ट्रपति बनने के बाद) में आया तो मैंने एलन मस्क से कहा कि हमें उन्हें (सुनीता और बुच विल्मोर) वापस लाना होगा। एलन मस्क ने भी नासा और स्पेसएक्स की टीमों को उनकी सफल वापसी पर बधाई दी और मिशन को प्राथमिकता देने के लिए ट्रंप को धन्यवाद दिया। एलन मस्क ने कहा, स्पेसएक्स और नासा की टीमों को एक और सुरक्षित अंतरिक्ष यात्री वापसी के लिए बधाई! इस मिशन को प्राथमिकता देने के लिए डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद!

# नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश

**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों से जुड़े आतंकवादियों द्वारा सीमा पार से घुसपैठ की जांच के सिलसिले में बुधवार को जम्मू में 12 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों के यहां छापेमारी की जा रही है, उनमें आतंकवादी समूहों के समर्थक और ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) भी शामिल हैं, जो भारत में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को रसद, छिपने के स्थान और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। संघीय एजेंसी ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े सक्रिय आतंकवादियों के अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के माध्यम से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ के संबंध में सूचना के आधार पर पिछले साल 24 अक्टूबर को घुसपैठ संबंधी घटनाओं में मामला दर्ज किया था। एनआईए के एक अधिकारी ने कहा, ये घुसपैठ जम्मू क्षेत्र के गांवों में स्थित ओजीडब्ल्यू और अन्य आतंकवादी सहयोगियों द्वारा सुगम बनाई गई थी, जो आतंकवादियों को रसद सहायता, भोजन, आश्रय, धन उपलब्ध कराने में लगे हुए थे। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध हाइब्रिड आतंकवादी और ओजीडब्ल्यू प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की नवगठित शाखाओं और सहयोगियों से जुड़े हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस वर्ष अब तक जम्मू-कश्मीर पर तीन सुरक्षा समीक्षा बैठकों के दौरान सुरक्षा बलों को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता अपनाने और आतंकवादी संगठनों, उनके वित्तपोषकों और भूमिगत कार्यकर्ताओं के पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने का निर्देश दिया है।

## एक नज़र

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा संबंधी हाई अलर्ट जारी

**श्रीनगर।** आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर के मारे जाने समेत पाकिस्तान में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा संबंधी हाई अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा प्रतिष्ठान के अधिकारियों ने बताया कि राजनीतिक नेताओं सहित सुरक्षा प्राप्त सभी व्यक्तियों को चौकस रहने और अपनी सुरक्षा के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है। सुरक्षा बलों को क्षेत्र में गश्त और तलाश अभियान तेज करके, विशेष रूप से आसान लक्ष्यों पर किसी भी हमले को अंजाम देने के राष्ट्रविरोधी तत्वों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी और 'असाधारण' सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

### जादू-टोने के शक में झड़प, तीन मरे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के गंजम जिले में जादू-टोना करने के संदेह में दो समूहों के बीच हुई झड़प में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि खारीपल्ली गांव में जादू-टोना करने के शक में यह झड़प हुई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान खादल बेहरा (70), उनके बेटे रत्नाकर बेहरा (35) और रमेश बेहरा (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में घायल हुए लोगों को पहले धारकोटे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उन्हें एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

### झारखंड के इंडियन ऑयल प्लांट में आग


**देवघर।** देवघर के जसीडीह में स्थित इंडियन ऑयल प्लांट में भीषण आग लग गई, जिसकी लपटें तेजी से पूरे प्लांट में फैल गईं। दूर से ही धुएं का गुबार और ऊंची लपटें दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आस-पास के गांवों को खाली कराना शुरू कर दिया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्लांट के आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। प्लांट के नजदीक स्थित गांवों से लोगों को सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं।

### पेरू में लगा आपातकाल, सेना ने संभाला मोर्चा

**लीमा।** पेरू की राष्ट्रपति ने एक लोकप्रिय गायक की हत्या के एक दिन बाद शुरू हुई व्यापक हिंसा के बीच, राजधानी में आपातकाल की घोषणा की और हिंसा की बढ़ती घटनाओं से निपटने में पुलिस की मदद के लिए सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया। राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे की सरकार ने एक आदेश जारी कर कहा कि आपातकाल 30 दिन तक रहेगा और इस दौरान सभा करना और आंदोलन करना समेत विभिन्न गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। यानी पुलिस और सेना न्यायिक आदेश के बिना लोगों को हिरासत में ले सकती है। पेरू में हाल के महीनों में हत्याओं, जबरन वसूली और सार्वजनिक स्थानों पर हमलों के मामलों में वृद्धि हुई है। प्रख्यात बैंड 'आर्मोनिया 10' के प्रमुख गायक पॉल फ्लोरेस की रविवार को हत्या के बाद हिंसा की घटनाएं चरम पर पहुंच गईं।

# ट्रंप ने सीजफायर माना, पर हमले करा रहे पुतिन

### यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रूस पर उतारा गुस्सा



**कीव।** रूस-यूक्रेन के बीच बीते तीन साल से जारी जंग को खत्म कराने की दिशा में मंगलवार को एक उम्मीद की रोशनी दिखी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच करीब 90 मिनट तक समझौता बनाने को लेकर चले मंथन के बाद रूस ने 30 दिनों के अस्थाई संघर्षविराम पर सहमति दे दी थी। हालांकि अब यूक्रेन ने रूस पर इन शर्तों से पीछे हटने का आरोप लगाया है। यूक्रेन के राष्टपति जेलेंस्की ने कहा है कि रूस ने ऊर्जा सुविधाओं पर हमलों को अस्थायी रूप से रोकने के लिए सहमत होने के कुछ घंटों बाद ही बुनियादी ढांचे पर कई बड़े हमले किए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने प्रस्तावित युद्धविराम का स्वागत किया। हालांकि जेलेंस्की ने यह भी कहा है कि इस मामले में वह और जानकारी मिलने की प्रतिक्षा कर रहे हैं। यूक्रेन ने आरोप लगाया है कि ट्रंप और पुतिन की बातचीत के कुछ ही घंटों बाद यूक्रेन पर हमले हुए है। जेलेंस्की ने कहा है कि इन हमलों में बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया गया है। सुमी में एक अस्पताल पर भी हमला हुआ है। इस बीच यूक्रेनी वायु सेना ने कहा है कि बुधवार रात रूस ने यूक्रेन की तरफ करीब 145 ड्रोन दागे हैं जिनमें में 72 उन्होंने मार गिराया। जेलेंस्की ने एक बयान जारी कर कहा, रूस आधी रात को इस तरह के हमले करता है। रूस हमारी एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर और हमारे बुनियादी ढांचों पर हमले कर यूक्रेन के लोगों की जिंदगी को बर्बाद कर रहा है। जेलेंस्की ने आगे कहा, आज पुतिन ने पूर्ण युद्धविराम के प्रस्ताव को प्रभावी रूप से अस्वीकार कर दिया।

# दिल्ली में 80 लाख कैश लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 80 लाख रुपए कैश लूटकर भागने वाले आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने लूटकांड का खुलासा करते हुए बताया कि पूरी रकम भी बरामद कर ली है। दिल्ली के चांदनी चौक में 17 अप्रैल की शाम एक शख्स से रुपयों से भरा बैग छीन लिया गया था। पुलिस ने इस केस में 21 साल के मोहम्मद अली और 19 साल के समीर को पकड़ा है। उत्तरी दिल्ली के डीसीपी राजा बांठिया ने बुधवार को बताया कि 80 लाख की लूट के बाद लाहौरी गेट पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया था।

# मैंने एक भारतीय के तौर पर की थी बात : थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत के रुख की आलोचना करने वाले अपने पुराने नजरिए को गलत माना था। उनके अपनी गलती मानने पर कांग्रेस में ही सवाल उठने लगे थे, जिस पर उन्होंने सफाई दी है और कहा कि यह राजनीतिक मामला नहीं है। शशि थरूर ने कहा कि मैं एक भारतीय के तौर पर अपनी राय रखी और वह इसमें कोई राजनीति नहीं देखते। थरूर ने मंगलवार को कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत सरकार द्वारा अपनाई गई नीति के कारण देश अब उस स्थिति में है, जहां वह स्थायी शांति के लिए भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, 'मैंने इस मामले पर एक भारतीय के रूप में बात की। मुझे इसमें कोई राजनीति नहीं दिखती।' थरूर ने कहा कि यह कोई राजनीतिक विषय नहीं है, लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा विस्तार से नहीं बताया।








# संघीय जज ने ट्रंप प्रशासन का फैसला पलटा

### ट्रांसजेंडर्स के सेना में शामिल होने पर लगी रोक हटाई



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय जज ने ट्रंप प्रशासन को झटका देते हुए सरकार के उस कार्यकारी आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर्स के सैन्य सेवाओं में शामिल होने पर रोक लगा दी गई थी। वॉशिंगटन डीसी की संघीय जज एना रेज ने अपने आदेश में कहा कि ट्रांसजेंडर्स को सेना में शामिल होने से रोकना, उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। दरअसल सेना में सेवा दे रहे छह ट्रांसजेंडर्स और सेना में शामिल होने के इच्छुक दो ट्रांसजेंडर्स ने अदालत में याचिका दायर की थी, जिस पर संघीय जज ने यह प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी की है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने राष्टपति पद की शपथ लेने के तुरंत बाद 27 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत ट्रांसजेंडर्स लोगों के सेना में भर्ती होने पर रोक लगा दी गई थी। इस आदेश के जवाब में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने जेंडर डिस्फोरिया वाले लोगों को सैन्य सेवाओं के लिए अयोग्य घोषित करने की नीति जारी की। जेंडर डिस्फोरिया वह अवस्था है, जिसमें किसी व्यक्ति का निर्धारित लिंग और उसकी लिंग पहचान मेल नहीं खाते। चिकित्सा स्थिति में इसे अवसाद और आत्महत्या के विचारों से जोड़ा जाता है। अदालत में जब इस आदेश को चुनौती दी गई तो दावा किया गया कि यह अमेरिकी संविधान के पांचवें संशोधन के तहत ट्रांसजेंडर्स को मिले अधिकारों का उल्लंघन है। अमेरिकी सेना में हजारों की संख्या में ट्रांसजेंडर्स सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन ये कुल सैनिकों की संख्या का एक प्रतिशत से भी कम है।

### अपीलीय न्यायालय ने नाबालिगों के लिए लिंग-पुष्टि देखभाल पर ओहायो के प्रतिबंध को रोका

नाबालिगों के लिए लिंग-पुष्टि देखभाल पर ओहायो के प्रतिबंध को असंवैधानिक बताते हुए अपीलीय अदालत ने इस पर रोक लगा दी। तीन न्यायाधीशों के पैनल ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। इस प्रतिबंध के तहत ट्रांस महिलाओं और लड़कियों को महिला खेलों में भाग लेने पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि राज्य के अटॉर्नी जनरल ने इस फैसले के खिलाफ अपील करने की बात कही है।







# 'जमाई नं. 1' शो में संदीप कपूर की एंट्री

छोटा पर्दा



पॉपुलर शो 'जमाई नं. 1' में मशहूर एक्टर संदीप कपूर की शानदार एंट्री हो चुकी है। वे इस शो में प्रमोद का किरदार निभा रहे हैं, जो रिद्धि (सिमरन कौर) के बिछड़े हुए पिता हैं। उनकी एंट्री होली के जश्न के दौरान होती है, जिससे कहानी में नए ट्विस्ट जुड़ जाते हैं और दबी हुई भावनाएं फिर से जाग उठती हैं। प्रमोद और उनकी पत्नी सालों पहले अलग हो गए थे, जिसके बाद से रिद्धि उनसे दूर रही। उसके मन में अपने पिता के लिए गहरी नाराजगी है, लेकिन नील (अभिषेक मलिक) इन दोनों के रिश्ते को सुधारने की कोशिश करता है। इसी दौरान एक बड़ा सच सामने आता है - रिद्धि की मां ही उनके अलग होने की असली वजह थी! जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ेगी, दर्शकों को जज़्बातों के टकराव, कुछ मुश्किल फैसले और चौंकाने वाले खुलासे देखने को मिलेंगे, जिससे रिद्धि की सोच पूरी तरह बदल सकती है। संदीप कपूर की एंट्री ने सेट पर हलचल मचा दी है, जहां पूरी टीम ने दिल खोलकर उनका स्वागत किया। अपनी दमदार अदाकारी के लिए मशहूर संदीप कपूर अपने किरदार में गहराई और जज़्बातों के नए रंग भर रहे हैं। वो एक ऐसे पिता का किरदार निभा रहे हैं, जो अपने बच्चे के प्यार के लिए तरस रहा है और रिश्तों को दोबारा जोड़ने की कोशिश कर रहा है। संदीप कपूर ने कहा, ''जमाई नं. 1 का हिस्सा बनकर मैं बेहद खुश हूं। मुझे शो की सबसे अच्छी बात इसकी परतदार कहानी लगती है, और मैं दर्शकों को प्रमोद का यह भावुक सफर दिखाने के लिए उत्साहित हूं।'' यहां बता दें कि 'जमाई नं. 1', रोज रात साढ़े दस बजे ज़ी टीवी पर ऑन एअर है।

# अक्षय देव ने चोट के बावजूद जारी रखी शूटिंग



मशहूर शो 'कुमकुम भाग्य' ने जनरेशन लीप के बाद भी अपनी रोमांचक कहानी और अनजाने मोड़ ट्विस्ट से दर्शकों को बांधे रखा है। आने वाले एपिसोड्स में जबर्दस्त इमोशनल ड्रामा देखने को मिलेगा, और इसी दौरान अक्षय देव बिंद्रा, जो शो में रौनक का किरदार निभा रहे हैं, ने अपनी लगन और समर्पण की मिसाल पेश की। उन्होंने चोट लगने के बावजूद शूटिंग जारी रखी और अपने किरदार के प्रति सच्ची वफादारी दिखाई। हाल ही में एक इंटेंस फाइट सीन में रौनक को प्रार्थना (प्रणाली राठौड़) को बचाना था। इसी सीन की शूटिंग के दौरान, अक्षय को दाएं हाथ की छोटी उंगली में हेयरलाइन फ्रैक्चर हो गया। हालांकि सेट पर सुरक्षा के सभी इंतज़ाम थे, लेकिन फिर भी यह हादसा हो गया। जब टीम ने उन्हें ब्रेक लेने का सुझाव दिया, तो अक्षय ने दर्द को नज़रअंदाज़ कर दिया और शूटिंग जारी रखी। उनकी यह लगन और प्रोफेशनलिज़्म देखकर सेट पर सभी हैरान रह गए! अक्षय ने कहा, ''इस सीन में मुझे पूरी तरह एक्शन में उतरना था। सेट पर हर तरह की सुरक्षा व्यवस्था थी, लेकिन दुर्भाग्य से मेरी छोटी उंगली में चोट लग गई। शुरुआत में हल्का दर्द महसूस हुआ, लेकिन शूटिंग के दौरान एहसास ही नहीं हुआ कि यह फ्रैक्चर हो सकता है। जब दर्द बढ़ने लगा, तो डॉक्टर से चेकअप कराया और पता चला कि यह हेयरलाइन फ्रैक्चर है। लेकिन यह चोट मुझे शूटिंग करने से रोक नहीं पाई, क्योंकि 'द शो मस्ट गो ऑन', है ना? इस दौरान कास्ट और क्रू ने मेरे आराम और दवाइयों का पूरा ख्याल रखा।'' मालूम हो कि ज़ी टीवी पर 'कुमकुम भाग्य' शो रोज रात नौ बजे प्रसारित है।

## बाजार दर्पण

